सुप्रभात
रांची, मंगलवार
28.02.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 226



12 केंद्रीय बजट में आदिवासियों पर विशेष ध्यान रहा : मोदी

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95% •Bank Education Loan Facility. •Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives. •Thrust on Research & Development. •Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on: 9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## बजट सत्र शुरू : अभिभाषण में राज्यपाल ने गिनायी सरकार की उपलब्धियां

# समग्र विकास की पटकथा लिख रही सरकार

- धरातल पर उतर रही योजनाओं से खुशहाल हो रही जिंदगानी
- राज्यपाल की आगवानी के लिए पहले से मौजूद थे स्पीकर और सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण के साथ ही झारखंड विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि हेमंत सरकार राज्य के समग्र विकास की पटकथा लिख रही है। राज्य में विकास की योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। इससे पूर्व सदन परिसर में राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया। स्पीकर और मुख्यमंत्री ने बुके देकर उनका स्वागत किया। अभिभाषण में उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनायी। साथ ही, सरकार की कार्य योजना को भी विस्तार से बताया। अभिभाषण खत्म होने के बाद उन्होंने हाथ जोड़कर विधायकों से आग्रह किया कि अगर-मैंने कहीं गलत पढ़ा हो तो मुझे माफ करना। राज्यपाल की आगवानी के लिए स्पीकर रवींद्र नाथ महतो और सीएम हेमंत सोरेन वहां पहले से ही मौजूद थे। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद स्पीकर रवींद्र नाथ महतो, सीएम हेमंत सोरेन, बिरंची नारायण, सुदेश महतो, सरयू राय, विनोद सिंह आदि ने शोक प्रकाश पढ़ कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी गयी। (शेष पेज 11 पर)

### युवाओं के सुनहरे भविष्य पर सरकार कृतसंकल्प

राज्यपाल ने अभिभाषण में हेमंत सरकार की उपलब्धियां गिनायी और भावी कार्य योजना को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार भारत के सुनहरे भविष्य में अपना योगदान देने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट का विस्तार होगा। इससे एयर कनेक्टिविटी बढ़ेगी। धनबाद, गुमला और लोहरदगा में नये समाहरणालय के निर्माण की भी बात कही। कहा कि कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। खर्च बढ़ने और सूखा से किसानों को परेशानी झेलनी पड़ी। लेकिन, सरकार ने कृषि ऋण माफी योजना की शुरुआत कर 4.5 लाख किसानों को लाभ दिया। राज्य सरकार ने 461 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत किसानों के खाते में ट्रांसफर किये हैं। हर किसान को 3,500 रुपये मिले हैं। राज्यपाल ने किसान क्रेडिट स्कीम का भी जिक्र किया। मत्स्य पालन में झारखंड ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि 6,586 मत्स्य मित्रों के जरिये रिकॉर्ड उत्पादन की ओर बढ़ रहे हैं।



### शांतिपूर्ण रहा अभिभाषण

नवनियुक्त राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का अभिभाषण सदन में शांतिपूर्ण रहा। यह पहला मौका रहा जव विपक्षी दल के सदस्य भी शांतिपूर्ण तरीके से राज्यपाल का अभिभाषण सुनते रहे। झारखंड विधानसभा में इसके पहले राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान भारी शोरगुल व अराजक माहौल होता रहा है। चाहे वह पूर्ववर्ती रघुवर सरकार हो या मौजूदा हेमंत सरकार। दोनों अवधि में विपक्षी दलों ने अभिभाषण के दौरान भारी हंगामा मचाया है।

## हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अंचल कुमार पर जानलेवा हमला

- सिर में 16 टांके लगे, मेडिका में भर्ती
- बालकोनी में छिपकर बैठा था अपराधकर्मी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शहर के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंचल कुमार अपराधियों के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। जख्मी डॉक्टर अंचल कुमार को मेडिका में भर्ती कराया गया है। सिर में कई टांके लगे हैं। उनकी स्थिति में सुधार है। होश आते ही डॉ अंचल ने कहा कि इस मुसीबत की घड़ी में साथ देने वाले वाले मेरे सभी सहयोगियों का धन्यवाद...। मैं जल्द स्वस्थ होकर आप सबकी सेवा में लौटूंगा। डॉक्टर पर हमले की सूचना पर राज्य के पेजयल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर उनसे मिलने पहुंचे। उनका हाल जान कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया है। सदर थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। (शेष पेज 11 पर)

### चिकित्सकों में आक्रोश, कल कार्य बहिष्कार



राज्य में डॉक्टरों पर हो रहे हमले से राज्य के डॉक्टर काफी नाराज हैं। राज्य भर के चिकित्सक कार्य बहिष्कार पर उतर आये हैं। डॉक्टरों ने कहा कि ऐसे महौल में काम करना सही नहीं है। यही कारण है कि आइएमए और झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन (झासा) के बैनर तले राज्य भर के 13,000 डॉक्टर एक मार्च को कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है। डॉक्टर अस्पताल आयेंगे, लेकिन मरीजों को परामर्श नहीं देंगे। आपातकालीन परामर्श, प्रसव और पोस्टमार्टम सेवा बहाल रहेंगी। जामताड़ा, हजारीबाग, गढ़वा और रांची में मारपीट की घटना से डॉक्टर हतोत्साहित हैं। रांची इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ शंभु प्रसाद सिंह ने कहा कि डॉ अंचल को जान से मारने की कोशिश की गयी है। सोमवार को आइएमए की आपात बैठक में कहा गया कि ऐसे वातावरण में डॉक्टर अपनी सेवा कैसे दे सकते हैं? आइएमए के सचिव डॉ प्रदीप सिंह और आइएमए महिला विंग की डॉ भारती कश्यप ने कहा कि चिकित्सकों पर हो रहे हमले गंभीर मामला है। इसपर तुरंत रोक लगे। डॉ प्रदीप ने कहा कि संवेदना की बजाय चिकित्सक प्रताड़ित हो रहे हैं। ऐसे वातावरण में हम सभी चिकित्सक सेवा देने की स्थिति में नहीं हैं। प्राथमिकी दर्ज हुई है, प्रशासन त्वरित कार्रवाई कर हमलावर को गिरफ्तार करे। डॉ प्रदीप सिंह ने कहा कि राज्य में डॉक्टर सुरक्षित नहीं है। डॉ भारती व अन्य लगातार मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट की मांग डॉक्टर कर रहे है, लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है।

### खूंटी धमाके में झुलसे दूसरे भाई की भी मौत

**रांची।** खूंटी शहर के महादेव टोली स्थित एक मकान में रविवार शाम गैस लीकेज के बाद हुए धमाके और आग में जख्मी एक और बच्चे ने दम तोड़ दिया। सिकंदर लाल के गंभीर पुत्र सुमित (6) की रविवार देर रात रिम्स रांची में इलाज के दौरान मौत हो गयी। इस घटना में सिकंदर के छोटे पुत्र शुभम (चार) की घटना के तत्काल बाद सदर अस्पताल खूंटी ले जाने के दौरान मौत हो गयी थी।

### एयरपोर्ट पर सीआइएसएफ और एटीएस की मॉक ड्रिल

**रांची।** रांची हवाई अड्डे पर एटीएस और सीआइएसएफ ने एनुअल हाईजैकिंग एक्सरसाइज की। इस दौरान आपात स्थित से निपटने को अत्याधुनिक हथियारों से लैस एटीएस एवं सीआइएसएफ की संयुक्त टीम ने सभी उपकरणों के साथ एक रणनीति के तहत उच्च कौशल का प्रदर्शन कर एनुअल हाईजैकिंग एक्सरसाइज की कार्रवाई की।

## रामगढ़ उपचुनाव : 18 प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम में कैद

# 67.96% मतदान, दो मार्च को काउंटिंग

**कुल मतदाता - 228152**

| पुरुष मतदाता | महिला मतदाता |
|---|---|
| 115931 | 112221 |

दिव्यांग मतदाता : 83.72%
80+ के मतदाता : 66.26%





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। 67.96 प्रतिशत वोटिंग हुई है। सभी 18 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गयी। वोटिंग के बाद आजसू और कांग्रेस उम्मीदवार अब आमने-सामने हैं। जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा, यह तो दो मार्च को इवीएम का पिटारा खुलने के बाद सबके सामने होगा। मतदान के बाद जो रुझान सामने आये हैं, उससे लगता है कि आजसू और कांग्रेस उम्मीदवार के बीच कड़ी लड़ाई है। कुल 3,35,734 मतदाताओं में से 2,28,152 मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें 1,15,931 पुरुष एवं 1,12,221 महिला वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान समाप्ति के बाद शाम 5 बजे तक कुल 67.96% मतदान प्रतिशत रहा। वहीं पुरुष मतदाताओं के 66.79% की तुलना में कुल 69.19% महिला मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। मतदान के दौरान कुल 83.72% दिव्यांग मतदाताओं एवं 66.26% 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों ने मतदान किया।

18 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए सभी पुख्ता इंतजाम किये गए थे। प्रशासन की ओर से मतदान के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं दी गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने जिले के सभी अधिकारियों, कर्मियों, मतदान पदाधिकारियों, जवानों, मीडिया प्रतिनधियों, जिले वासियों एवं प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने में शामिल सभी को धन्यवाद दिया है।

**वोटरों की भारी भीड़ थी :** ग्रामीण इलाके से लेकर शहरी इलाके तक के बूथ पर मतदाताओं इस चुनावी उत्सव को बड़ी गंभीरता से लिया और बहुत ही सूझबूझ के साथ वोटिंग भी की है। (शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी निराशाजनक

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख नेता मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी काफी निराशाजनक है। श्री सोरेन ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि यह लोकतांत्रिक तरीकों से चुनी गयी राज्य सरकारों की आवाजों पर एक हमला करने जैसा है।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक एक मार्च को

रांची। झारखंड कैबिनेट की बैठक एक मार्च को होगी। झारखंड मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने इस बाबत जानकारी दी है। इससे पहले 27 फरवरी को झारखंड कैबिनेट की बैठक निर्धारित थी, लेकिन फिर इसे स्थगित कर दिया गया था।

### गोड्डा की ममता राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य



रांची। गोड्डा की ममता कुमारी को राष्ट्रीय महिला आयोग का सदस्य बनाया गया है। वे पूर्व विधायक प्रशांत मंडल की पत्नी हैं। 24 को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

### उमेशपाल हत्याकांड का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

प्रयागराज। उमेश पाल हत्याकांड को लेकर उत्तर प्रदेश के सीएम ने सदन को आश्वस्त किया था कि माफियाओं को मिट्टी में मिला देंगे। सोमवार को इसकी झलक भी दिखी, जब प्रयागराज के नेहरू पार्क में अतीक गैंग से जुड़े बदमाश अरबाज का एनकाउंटर हो गया।

### लातेहार : सड़क दुर्घटना में दो भाइयों की मौत

लातेहार। रविवार की देर रात बालूमाथ थाना क्षेत्र के गणेशपुर में बाइक-ट्रैक्टर की टक्कर में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत हो गयी। मृतक दिलीप और कुलदीप उरांव हैं। दोनों बालूमाथ थाना क्षेत्र के गणेशपुर के रहने वाले थे।

### बोकारो : अगलगी में 50 लाख की संपत्ति स्वाहा

बोकारो। सोमवार की दोपहर सेक्टर 4 एफ और 4जी के बीच एक गोदाम में अचानक से आग लग गयी। जिसमें गोदाम में रखे 50 लाख के सामान जल गये। दमकल की 4 गाड़ियों ने 2 घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

### मिशन बदलाव को मिला अवार्ड

रांची। झारखंड की संस्था मिशन बदलाव को लोक सेवा के क्षेत्र में इफको ईमका अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह टीम एक साथ कई क्षेत्रों में काम करती है।

### सीपी सिंह ने व्यवस्था का सवाल उठाया

रांची। बजट सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही भाजपा के सीपी सिंह ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया। कहा कि सभापतियों का मनोनयन औचित्यहीन है। सभापतियों को आसन पर बैठने का अवसर ही नहीं मिलता। उनके वक्तव्य के बाद स्पीकर ने कहा कि ऐसा नहीं है। पहले भी वरिष्ठ विधायक स्टीफन मरांडी व सीता सोरेन आसन पर बैठ चुके हैं और उन्हें तीन साल के भीतर कितने सभापति आसन पर बैठे हैं, यह याद नहीं है।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 53,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 68,000 रु./प्रति किलो |

## जेपीएससी के संविदाकर्मी की सेवा 45 दिन में नियमित करें

- एकल पीठ के आदेश को हाइकोर्ट ने ठहराया गलत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी में संविदा पर नियुक्त कर्मी की सेवा 45 दिनों के भीतर नियमित करने का निर्देश जेपीएससी को दिया है। साथ ही वर्ष 2014 से इनकी सेवा नियमित मानते हुए सारी सुविधा देने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सुखविलास उरांव की अपील याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। खंडपीठ ने वर्ष 2022 में प्रार्थी की याचिका को एकल पीठ द्वारा खारिज करने और जेपीएससी से 2010 में हटाने के आदेश को असंवैधानिक ठहराया। दरअसल, सुखविलास की नियुक्ति संविदा पर 2004 में जेपीएससी में दफ्तरी के पद पर हुई थी। लेकिन 2010 में उसे हटा दिया गया और फिर उसकी नियुक्ति संविदा पर की गई। सुखविलास ने नौकरी से हटाने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने 2022 में उसकी याचिका खारिज कर दी थी। कहा था कि सुख विलास संविदा पर कार्यरत हैं उसे हटाना या ना हटाना जेपीएससी पर निर्भर करता है। कोर्ट ने प्रार्थी को राहत नहीं देते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद प्रार्थी ने हाई कोर्ट की खंडपीठ में अपील दाखिल की थी।

# वीरेंद्रराम के करीबी इंजीनियर रामपुकार के यहां इडी का छापा

- गिरफ्तार इंजीनियर वीरेंद्र राम से मिले संकेत के बाद कार्रवाई
- आका की गिरफ्तारी के बाद जूनियर रामपुकार राम भी आया ईडी के लपेटे में

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण कार्य विकास विभाग के इंजीनियर रामपुकार राम के ठिकाने पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) छापेमारी की। छापेमारी में ईडी को रामपुकार सिंह के यहां से ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। उन दस्तावेजों की ईडी छानबीन कर रही है।



रामपुकार गिरफ्तार किये गये इंजीनियर वीरेंद्र राम के जूनियर हैं। गौरतलब है कि ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को ईडी ने 22 फरवरी की देर रात गिरफ्तार किया था। 22 को ईडी वीरेंद्र को अशोक नगर स्थित घर से ईडी की टीम एजेंसी के जोनल कार्यालय लेकर पहुंची थी। वीरेंद्र के रांची, दिल्ली, जमशेदपुर और बिहार के सिवान में 24 ठिकानों पर ईडी की टीम ने एक साथ छापेमारी शुरू की थी। (शेष पेज 11 पर)

### वीरेंद्र की गिरफ्तारी के बाद से लापता थे रामपुकार राम

बताया जा रहा है कि हाल में ही विशेष प्रमंडल विभाग ने कई पुल और पुलिया का टेंडर किया है। परंपरा के मुताबिक जिन्हें काम मिला है, वो चढ़ावा देने को तो तैयार हैं। लेकिन डिमांड एडवांस में की जा रही है। ऐसे में काम शुरू नहीं हो पाया। इस बीच ईडी की छापेमारी के बाद ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा निकाले गए टेंडर को रद कर दिया गया। वीरेंद्र राम के एक जूनियर जिन्हें अहर्ता ना होने के बावजूद इस विभाग में प्रमोशन देकर बड़े साहब बनने का प्रभार दे दिया गया, वो ईडी प्रकरण के बाद कार्यालय ही नहीं आ रहे थे। वे लापता हो गए थे।

## वीरेंद्र को गाड़ी देने वाले ठेकेदारों से आज पूछताछ

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की गिरफ्त में आये चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को वाहन उपलब्ध करवाने वाले ठेकेदार भी अब जांच एजेंसी के रडार पर हैं। इडी ने ग्रामीण कार्य विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को गाड़ी उपलब्ध कराने वाले ठेकेदारों को समन भेज दिया है। वाहन उपलब्ध करवाने वाले ठेकेदारों को 28 फरवरी ईडी कार्यालय बुलाया गया है। इडी की छापेमारी के दौरान वीरेंद्र राम के पास से मेसर्स परमानंद सिंह बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर रजिस्टर्ड टोयोटा फार्चूनर, सिग्मा चार और राजेश कुमार कंस्ट्रक्शन की इनोवा कार बरामद की गयी थी। राजेश कंस्ट्रक्शन की इनोवा पर तो बकायदा झारखंड सरकार का बोर्ड लगाकर वीरेंद्र चलते थे। इडी दोनों ठेकेदारों से पूछेगी कि आखिर क्यों उन्होंने अपने वाहन इन्हें दिये थे। कमीशनखोरी और लेनदेन की पहलुओं पर भी दोनों ठेका फर्म संचालकों से पूछताछ होगी। वहीं सीएम के सुरक्षा प्रभारी से भी मंगलवार को पूछताछ होगी। सुरक्षागार्ड श्यामल होरो और मुकेश कुमार के एके 47 प्रेम प्रकाश के आवास से बरामदगी मामले में इडी ने सुरक्षा प्रभारी विमल को समन भेज रांची जोनल ऑफिस में दिन के 11 बजे बुलाया है।

## बजट सत्र को लेकर भाजपा ने बनायी सरकार को घेरने की रणनीति

# भ्रष्टाचार सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को घेरेंगे: मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि स्थानीय एव नियोजन नीति, सत्ता प्रायोजित भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था, तुष्टिकरण नीति सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों को सदन में भाजपा मुद्दा बनायेगी। श्री मरांडी सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित विधायकों की बैठक के बाद मीडिया से मुखातिब थे। इस बैठक की अध्यक्षता सांसद दीपक प्रकाश ने की।

उन्होंने कहा कि भाजपा सदन से सड़क तक जनता की आवाज है। राज्य सरकार ने नियोजन नीति विहीन बना दिया है। राज्य सरकार की नीति और नीयत में खोट है। इनकी मंशा साफ नहीं है। इन्होंने 1932 के नाम पर युवाओं को सिर्फ धोखा दिया है। जबकि, राज्यपाल की टिप्पणी के बाद इन्हें महंगे वकीलों, कानूनविदों से करोड़ों फीस देकर भी सलाह लेने से परहेज नहीं करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। भ्रष्टाचारियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। तभी तो इडी की कार्रवाई के बाद भी वरिष्ठ आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल पर राज्य सरकार ने मुकदमे दर्ज नहीं किये। कुछ दिन पूर्व ईडी की कार्रवाई में गिरफ्तार मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम पर एसीबी की अनुशंसा के बाद भी कार्रवाई नहीं होना इसका ताजा उदाहरण है। उन्होंने राज्य की ध्वस्त विधि व्यवस्था पर कहा कि भाजपा लगातार इसके खिलाफ आवाज बुलंद कर रही है। अब तो बड़कागांव के विधायक प्रतिनिधि की नृशंस हत्या के बाद सत्ताधारी कांग्रेस के विधायक एवं नेताओं ने भी राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है। 24 मार्च को आदिवासियों का महापर्व सरहुल है। अब इस महापर्व के दिन सत्र बुलाने का क्या औचित्य है। इन्हें आदिवासी धर्म-संस्कृति से कोई लेना-देना नहीं है। ये तो लूटने और पकड़े जाने पर आदिवासी होने की दुहाई देकर बचने के लिए के ही अपनी जाति का इस्तेमाल करते हैं। (शेष पेज 11 पर)



## अपराधी मुझे मार देंगे, मैं टारगेट पर हूं : अंबा प्रसाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के प्रतिनिधि को अपराधियों द्वारा गोलियों से भूने जाने के बाद पुलिस प्रशासन पर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। अपनी ही सरकार की आलोचना कर रही कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने कहा है कि जिस तरह से मेरे विधायक प्रतिनिधि पर अटैक किया गया है, उससे यही लगता है कि टारगेट मैं ही थी। अपराधी फिर कभी मुझ पर भी हमला कर सकते हैं। इसलिए मुख्यमंत्री जी को इसपर ध्यान देने की जरूरत है। कहा कि सब कोई जानता है कि अपराधी कौन है, मगर इतने बड़े वो हैं कि पुलिस हिम्मत नहीं जुटा रही है। यदि इसमें पुलिस फेल हो जाती है तो यही लगेगा कि पुलिस अपराधियों से मिली हुई है।




# लंबे अंतराल के बाद राज्यपाल का अभिभाषण रहा शांतिपूर्ण

**उदय चौहान**

**रांची।** सदन में लंबे अंतराल के बाद राज्यपाल का अभिभाषण सदन में शांतिपूर्ण रहा। विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में सरकार की उपलब्धियां गिनायी। साथ ही, सरकार की कार्ययोजना को भी विस्तार से बताया। इसके पहले सुबह 11 बजे राज्यपाल की आगवानी के लिए स्पीकर रवींद्र नाथ महतो और सीएम हेमंत सोरेन पहुंचे थे। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के विधानसभा पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सीपी राधाकृष्ण का यह सदन में पहला अभिभाषण था। इस दौरान प्रमुख विपक्षी दल भाजपा के सदस्यों ने कोई टोका-टोकी नहीं की। कहा जा सकता है कि लंबे अंतराल के बाद राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सदन में शांतिपूर्ण माहौल रहा।

## विकास कार्यों को धरातल पर उतार रही राज्य सरकार



राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार तेजी से विकास कार्यों को धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में प्रति व्यक्ति आय 71,071 थी जो 21-22 में बढ़ कर 78,660 हो गयी। सरकार ने किसानों के कुल 1,727 करोड़ का ऋण माफ किया है। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत प्रति परिवार 3500 रुपए की दर से 13 लाख से अधिक किसानों को 461 करोड़ों रुपए की राशि हस्तांतरित किए गये। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 6.30 लाख से अधिक किसानों के बीच लगभग 3,300 करोड़ ऋण वितरित किये गये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत वर्तमान वित्त वर्ष में 40 करोड़ का अनुदान स्वीकृत हुआ है। वहीं 22 जिलों के 2934 गांव के 30 हजार से अधिक दुग्ध उत्पादकों से 1.53 लाख लीटर दूध प्रतिदिन का संग्रहण हो रहा है। आजीविका सशक्तिकरण हुनर अभियान के तहत 26 लाख परिवारों को जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत साल 2022.23 में 2.74 लाख से अधिक आवासों का निर्माण कार्य पूरा किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 2,15,242 आवास इकाई स्वीकृत है। राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार ने सर्वजन पेंशन योजना लागू की है। इसके तहत 21.08 लाभुकों को आच्छादित किया गया है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत वर्ष 2022-23 में 9 लाख बालिकाओं को लाभान्वित करना है। इसमें 6.51 लाख से अधिक बालिकाओं को लाभ मिला है। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत 20 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। राज्य के छात्रों को उच्च तकनीकी शिक्षा के लिए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अधिकतम 15 लाख का ऋण 4 प्रतिशत साधारण ब्याज की दर से उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना की अनुदान राशि बढ़ाकर 10 लाख की गई है। वर्ष 2024 तक जल जीवन मिशन के तहत राज्य के लगभग 61 लाख ग्रामीण परिवारों को कार्यरत घरेलू नल संयोजन के दौरान शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। अब तक 18.5 लाख परिवारों को आच्छादित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि 100 यूनिट बिजली मुफ्त योजना का लाभ करीब 18 लाख उपभोक्ता उठा रहे हैं।

**मुख्यमंत्री जन वन योजना की अनुदान राशि 75 प्रतिशत :** राज्यपाल ने सदन में कहा कि मुख्यमंत्री जन वन योजना के तहत अनुदान राशि बढ़ाकर 75 प्रतिशत की गई है। इस वित्त वर्ष में 18.7 लाख फलदार और टिंबर पौधे लगाए गए हैं। खनिज ब्लॉक जिसमें 1 लौह अयस्क, 2 ग्रेफाइट, 2 स्वर्ण, 2 चूना पत्थर खनिज ब्लॉक की नीलामी का काम संपन्न हो चुका है। वर्तमान में 13 कॉलेज ब्लॉक नीलामी के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि एक वर्ष में भ्रष्टाचार से जुड़े 70 कांड दर्ज किए गये। 54 कांडों का निष्पादन हुआ। 53 लोक सेवकों की गिरफ्तारी हुई है। आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति के तहत 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। सितंबर 2022 से नई पेंशन योजना को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना लागू की गई। आगामी 2 और 3 मार्च को जी-20 देशों के डेलिगेट्स का राज्य की राजधानी रांची और पतरातू में कार्यक्रम है। इससे झारखंड की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनेगी।

## मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में आप के कार्यकर्त्ताओं प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बीजेपी का पुतला दहन किया। नेताओं ने कहा कि शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की लोप्रियता से घबराकर केंद्र सरकार ने एक सोची समझी साजिश के तहत सीबीआई को मोहरा बनाकर उन्हें गिरफ्तार करवाया है। प्रदेश प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर सीबीआई ने गैर-संवैधानिक तरीके से मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया है। इससे देशभर में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं में रोष है।

प्रदेश उपाध्यक्ष अजय भगत ने कहा इस गिरफ्तारी से भारतीय जनता पार्टी की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। 2024 के आम चुनाव में झारखंड की जनता बीजेपी को जवाब देगी। हटिया विधानसभा अध्यक्ष संतोष सोनी ने कहा कि अब आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे। कार्यक्रम में हरी सिंह, नरेंद्र चौबे, सईद अख्तर, राजेश तिर्की, महेश मुंडा, सत्येंद्र सिंह के साथ बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

## राष्ट्रगान के वक्त अधिकारियों के खड़े नहीं होने पर बिरंची नारायण ने उठाये सवाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान राष्ट्रगान के सम्मान में राज्यपाल, सीएम, स्पीकर समेत सभी मंत्री विधायक और आला अधिकारी अपनी-अपनी जगह पर खड़े हो गये। लेकिन इस दौरान अधिकारी दीर्घा में कुछ अधिकारी राष्ट्रगान के वक्त खड़े नहीं हुए। इस बात को राज्यपाल के अभिभाषण से पहले विपक्ष के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने उठाया और अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की। हालांकि, राज्य के एक वरीय आईएएस अधिकारी ने कहा कि ऑफिसर गैलेरी कभी भी सभा का हिस्सा नहीं होता है। सिर्फ चयनित विधायक और राज्यपाल ही कानूनी रूप से सभा के अंदर जा सकते हैं। महाधिवक्ता को सभा के स्पीकर की तरफ से सदन में बुलाया जा सकता है। मीडिया, अधिकारी और विजिटर्स गैलेरी अलग होता है। ये सभी सदन की कार्यवाही को चलते हुए सिर्फ देख सकते हैं। उसका हिस्सा कभी नहीं बन सकते हैं। इसके अलावा स्पीकर सदन में सुप्रीम होते हैं। वो कोई भी फैसला ले सकते हैं।

## डीवीसी पावर स्टेशन में तकनीकि खराबी

**रांची।** डीवीसी डीवीसी में तकनीकि खराबी के कारण आने वाले कुछ दिनों तक राज्य में बिजली संकट गंभीर हो सकता है। खराबी के कारण राज्य के डीवीसी कमांड एरिया में पावर सप्लाई में 50 प्रतिशत से अधिक की कटौती कर दी गयी है। डीवीसी ने इससे संबंधित नोटिस झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के चेयरमैन सहित धनबाद एरिया बोर्ड को भी दिया है। अगले पांच दिनों तक डीवीसी ने पूरे झारखंड में पचास प्रतिशत तक बिजली सप्लाई में कमी रखेगी। डीवीसी कमांड एरिया धनबाद, कोडरमा, गिरीडीह, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और बोकारो में इसका असर रहेगा। डीवीसी की कटौती जारी होने से हर आधे घंटे में कमांड एरिया में बिजली काटी जा रही है। इससे 15 घंटे तक बिजली कट रही है।

## भाजपा पदधारियों की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

# 11 अप्रैल को रांची में राज्य सरकार के खिलाफ विशाल प्रदर्शन: भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी एवं पार्टी विधायकगण की बैठक में बूथ सशक्तिकरण सहित विभिन्न सांगठनिक कार्यक्रमों की चर्चा हुई। यह बैठक भाजपा प्रदेश मुख्यालय में किया गया था। इसमें दीपक प्रकाश ने कहा कि सर्वसम्मति से भावी आंदोलनों की रूपरेखा तैयारी की गयी है। इसके तहत आगामी 11 अप्रैल को महागठबंधन सरकार के खिलाफ विशाल प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को अब चुनाव की तैयारी में जुट जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान के साथ अन्य सांगठनिक कार्यक्रमों को तेजी से धरातल पर उतारना है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि पार्टी कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो। जनप्रतिनिधियों के कार्यक्रमों के पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी बढ़चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ऑक्सीजन पर चल रही है। भ्रष्ट सरकार अपनी नाकामियों, विफलताओं से घिरती जा रही है। उन्होंने राज्य सरकार के खिलाफ प्रखंड एवं जिला स्तर पर हुए प्रदर्शन के बाद आगामी 11 अप्रैल को रांची में विशाल प्रदर्शन की घोषणा की।

इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा ने गरीब कल्याण कार्यक्रमों और नीतियों के आधार पर पिछले लोकसभा चुनाव से भी ज्यादा मत प्राप्त करना है। कर्मवीर सिंह ने कहा कि आगामी 22 मार्च को धनबाद में बिहार दिवस, 30 मार्च को रांची में राजस्थान दिवस, जबकि 1 अप्रैल को जमशेदपुर में ओड़िसा दिवस मनाया जायेगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण को प्रदेश के सभी बूथों पर अप्रैल के अंतिम रविवार को उत्सव की तरह मनाने के निर्देश दिया। श्री सिंह ने समर्पण निधि, आजीवन सहयोग निधि कार्यक्रम की भी विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, नीलकंठ सिंह मुंडा, गंगोत्री कुजूर, प्रणव वर्मा, जेपी पटेल, आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, नवीन जायसवाल, सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, रीता मिश्रा, शर्मिला रजक, दीपक बंका, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, राहुल अवस्थी, किसलय तिवारी, अमरदीप यादव, अनवर हयात, आरती कुजूर, अमर बाउरी आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### स्पीकर ने सीएम हेमंत सोरेन का किया स्वागत



**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री कक्ष में श्री सोरेन का स्वागत संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और विधानसभा के सचिव जावेद हैदर ने किया।

### मुख्यमंत्री ने किया पुस्तक का लोकार्पण



**रांची।** झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में संयुक्त सचिव धनेश्वर राणा द्वारा लिखित पुस्तक राणा संस्कृत व्याकरण और अनुवाद का विमोचन किया गया। इसका विधिवत लोकार्पण सीएम हेमंत सोरेन व स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम और अन्य मंत्री गण तथा विधायकगण उपस्थित थे।

### विस के समक्ष वैश्य मोर्चा का महाधरना आज

**रांची।** ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने, वैश्य आयोग का गठन, छोटे व्यवसायियों, दुकानदारों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज पर हो रहे शोषण, दमन, अत्याचार, हत्या, रंगदारी के खिलाफ झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने 28 फरवरी को 11.30 बजे से विधानसभा के समक्ष एक दिवसीय आरक्षण बढ़ाओ-रोजगार दो महाधरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह जानकारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने दी।

### पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने सोमवार को पूर्व मंत्री योगेंद्र साव निषेधाज्ञा उल्लंघन के मामले में पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। सुनवाई के दौरान योगेंद्र साव अदालत में व्यक्तिगत रूप में मौजूद थे। मालूम हो कि चिरूडीह माइनिंग एरिया बड़कागांव में शांति भंग होने को लेकर धारा 144 लगी हुई थी। बावजूद, योगेंद्र साव ने अपने समर्थकों के साथ 15 सितंबर 2016 को निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए कफन सत्याग्रह चलाया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता विमल कुमार ने बताया कि निषेधाज्ञा उल्लंघन करने के आरोप में हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अनुज कुमार प्रसाद ने योगेंद्र साव समेत उनके समर्थकों के खिलाफ केस किया था।

### मॉडल स्कूलों में आवेदन की तिथि 11 तक बढ़ी

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में संचालित मॉडल स्कूलों में नामांकन के लिए आवेदन करने की तारीख बढ़ा दी गई है। झारखंड अधिविद्य परिषद ने सूचना जारी कर दी है। जैक ने सभी संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, संकुल संसाधन केन्द्र समन्वयक, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं को इस बारे में सूचित किया है। जैक ने कहा है कि राज्य में संचालित 89 मॉडल विद्यालयों में नामांकन के लिए छात्र-छात्राओं से आवेदन आमंत्रित करने की तिथि विस्तारित की जाती है। परीक्षा आवेदन प्रपत्र परिषद् की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन करना है। आवेदन प्रपत्र भरने की अन्तिम तिथि 11 मार्च, 2023 तक बढ़ाई गई है।

### विधानसभा क्षेत्र के आस-पास धारा 144 लागू

**रांची।** रांची उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी एवं एसएसपी रांची के संयुक्त आदेश में कहा गया है कि विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। अनुमंडल दण्डाधिकारी सदर रांची ने निषेधाज्ञा जारी की है। यह निषेधाज्ञा 27.02.2023 के प्रात: 06.00 बजे से 24.03.2023 के रात्रि 11:30 बजे तक के लिए लागू रहेगी। उक्त क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों , कर्मचारियों एवं धार्मिक तथा अंत्येष्टि कार्यक्रम को छोड़कर) मनाही है। इसी तरह किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे-बंदुक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों, कर्मचारियों को छोड़कर) मनाही है। किसी प्रकार का हरवे-हथियार जैसे-लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों,कर्मचारियों को छोड़कर) मनाही है। किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करने पर रोक है। किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना मनाही है।

### भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने शिक्षा मंत्री को दिया ज्ञापन

**रांची।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो को ज्ञापन सौंप कर सीबीएसइ परीक्षा में यातायात सुचारू बनाने की मांग की है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि आज का कोकर चौक और सुरेंद्रनाथ स्कूल से आगे बंधगाड़ी तक का दृश्य को देखकर लगा कि ऐसा तो सिनेमा में होता है। कोकर चौक से महज 1 किलोमीटर दूर सुरेंद्र नाथ स्कूल है वहां तक पहुंचने में विद्यार्थियों को 2 घंटे लग गए। प्रशासन के लोग और ट्रैफिक पुलिस अपना वही दिनचर्या वाले काम कर रहे थे। अगर यह तैयारी पहले से की गई होती तो शायद ऐसी स्थिति नही होती। हर छात्र के जीवन में मैट्रिक का परीक्षा सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होती है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL URBAN DIVISION, RANCHI**
**Very Short e-Quotation No. 06/2022-23**

Rates through e-Quotation has invited for the items/materials annexed as annexure-1 for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer of Pump set having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to specification shall be submitted online in the website https://jharkhand tenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supplying, installation, testing & commissioning of 1250 KVA (11/0.433KV) outdoor type copper wound distribution transformer with other allied materials under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 09.03.2023 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 10.03.2023 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

**Address for Communication**
Office of the Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Mechanical Urban Division, Ranchi, H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia, Dhurwa, Ranchi-834004 Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com

Executive Engineer,
D.W& S. Mechanical Urban Division,
Ranchi

PR 291319 Drinking Water and Sanitation(22-23)D



**अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का कार्यालय, छतरपुर,पलामू।**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**
(धारा-82 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त राजेश ठाकुर पिता-अवधेश ठाकुर, सा0-तुकबेरा थाना- नावा बाजार जिला-पलामू ने छतरपुर थाना कांड सं0/प्रथम सूचना रिपोर्ट सं0-12/2018 धारा-147, 148, 149, 341, 342, 347, 323, 327, 307, 385, 387, 427, 504, 506 भारतीय दण्ड संहिता, 17 सी0 एल0ए0 एक्ट एवं 10, 13, 16, 20, 23 यू0ए0पी0 एक्ट के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध थाना छतरपुर जिला पलामू राज्य झारखण्ड के अधीन किया है (या संदेह है कि आपने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त राजेश ठाकुर मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित करा दिया गया है कि उक्त राजेश ठाकुर फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोशणा की जाती है कि अभियुक्त राजेश ठाकुर पिता-अवधेश ठाकुर, सा0-तुकबेरा थाना-नावा बाजार जिला-पलामू से आपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए तारीख 13 मार्च, 2023 को हाजिर हो।

उपथिति का समय: 10:30 पूर्वाहन
तारीख: 13.03.2023
स्थान: डालटनगंज

-sd-
परमानन्द उपाध्याय न्यायिक दण्डाधिकारी
प्रथम श्रेणी, पलामू ता0 13.02.2023
(न्यायालय की मुद्रा)

PR 291340 District(22-23)D



**अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का कार्यालय,छतरपुर,पलामू**

**COURT of Sri Prateek Raj**
**Civil Junior (Jr.Div II CUM JMFC)**
**Daltonganj Palamu**

G.R.-755/17(s) PIPRA PS.-21/2017

**एक महत्तम शखस को हाजिर करने का इश्तिहार।**
(दफा 82 मजमुअए जवाबिते फौजदारी)

(1) नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1) O/c-Magra P.S., Gaya (Bihar) वे चुंके

(2) किया है या करने का उस पर शुबहा है। — जो व-मुजिब दफा मजमुअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है(2)

(3) नाम -Nitesh jee @ Nandu Yadav, s/o Babue Yadav, Vill-Tarwadih, PS-Magra, Dist.-Gaya (Bihar) — और व-तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3)

(4) फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उसपर जारी न हो सके। — पाये नही जाते है और चूंकि ब-तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि कि(3)

जब U/S-147/148/149/323/379/435/386/387/395/34 I.P.C. and 17 C.L.A.

(4) मोकाम।

(4) मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि J.M.F.C.-20/02/2023 मजकुर साकिन ब-मोकाम(5) अ-हजूर(6)

(6) इस अदालत व रूबरू मेरे। 18.03.2023 ब-तारीख माह

नालिश-मजकुर को जवाबदेही के लिए हाजिर हो

आज तारीख 20 माह 02 सन् 2023

-sd-
PRATEEK RAJ
अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी
छतरपुर,पलामू

PR 291339 District(22-23).D



**Office of the Municipal Commissioner**
**Dhanbad Municipal Corporation, Dhanbad**

**Expression Of Interest (EOI) For Hiring Of Space For Establishing Urban Health And Wellness Centers In Dhanbad (2nd Call)**

Reference No. DMC/37/2022-23 Dated :- 27.02.2023

Dhanbad Municipal Corporation, Dhanbad is desirous of hiring spaces for establishing urban health and wellness centers for different wards of Dhanbad Municipal Corporation, Dhanbad. The requirement is for more than 1000 sq.ft carpet area (RCC Structured) approximately with parking facility for 1 Vehicles (Cars) and around 05 two Wheelers, Preferably located in more than or equal 15 ft wide road. Monthly rent should be quoted initially on a fixed basis for period of 2 (two) years with a provision of further extension with mutual consent of both the parties.

Requests received against the EOI shall be processed in two parts (Technical & Financial).

| | |
|---|---|
| Date of Publication of Tender on website | 02.03.2023 till 03:00 PM |
| Last Date of Receiving Hard Copy of Earnest Money & Cost of Tender fee EOI | 15.03.2023 from 11:00 AM to 03:00 PM at Dhanbad Municipal Corporation, LUBY Circular Road, MADA Building, Dhanbad |
| Date and Time of Opening of EOI | 16.03.2023 From 03:00 PM at Dhanbad Municipal Corporation, LUBY Circular Road, MADA Building, Dhanbad |
| Cost of EOI | Rs 10000.00 shall be deposited by Demand Draft/Banker's Cheque of any Nationalized Bank/Scheduled Bank in Favour of Chief Executive Officer, Dhanbad Municipal Corporation, Dhanbad Payable at Dhanbad. |
| Earnest Money | 2,00,000.00 (Rupees Two Lakh) only earnest money should be in shape of Demand Draft/Banker's Cheque of any Nationalized Bank/Scheduled Bank or Fixed Deposit of a Nationalized bank / Scheduled Bank issued within the State of Jharkhand or 6% years National Saving Certificate (6th issue and 8th issue) or 3/5 years post office Time deposit duly pledged from any Post Office within the State of Jharkhand, in favour of Chief Executive Officer, Dhanbad Municipal Corporation, Dhanbad Payable at Dhanbad. |

*Details can be obtained from our website : http://udhd.jharkhand.gov.in/.*
NOTE:- (i) Municipal Commissioner, Dhanbad reserves the right to reject any or all the tender(s) received without assigning any reasons thereof.

S/d-
Assistant Municipal Commissioner,
Dhanbad Municipal Corporation, Dhanbad

PR 291329 Rural Work Department(22-23)#D



**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू**
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
ई- संख्या- DOPR/DE/ZP/Palamu 05/2022-23

1 विज्ञापन दाता का नाम :- जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
2 Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :- दिनांक :- 10.03.2023
3 ई-निविदा प्राप्त करने की तिथि :- दिनांक 18.03.2023 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
4 परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जायेगा), अग्रधन की राशि शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये दस्तावेज की स्वअभिप्रमाणित प्रति जमा करने की तिथि/स्थान। :- दिनांक 21.03.2023 (अपराह्न 3:00 बजे तक) जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
5 निविदा खुलने की तिथि :- दिनांक 22.03.2023
6 निविदा खोलने का स्थान :- नये समाहरणालय (BLOCK- C) स्थित डी0आर0डी0ए0, सभाकक्ष
7 कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पॉकी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, तेतराई का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 01/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |
| 2 | सतबरवा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, एकता का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 02/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |
| 3 | हैदरनगर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पतरीया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 03/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |
| 4 | हुसैनाबाद | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पोलडीह का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 04/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |
| 5 | मनातू | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, चक का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 05/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |
| 6 | मनातू | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पसिया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 06/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |
| 7 | सदर मेदिनीनगर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, सिंगरा कला का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 07/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |
| 8 | पीपरा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बरवाडीह का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 08/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |
| 9 | चैनपुर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, हरिनामाड़ का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 09/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |
| 10 | छतरपुर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पिण्डराही का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 10/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |

नोट-
1. केवल ई-निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगा।
3. जिला परिषद, पलामू में द्वितीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो जिला अभियंता जिला परिषद पलामू के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते **www.palamu.nic.in** एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए **Website- www.jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/-
जिला अभियंता
जिला परिषद, पलामू

PR 291321 District (22-23)_D

## चिकित्सक डॉ अंचल पर जानलेवा हमला दुर्भाग्यपूर्ण : संजय सेठ



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अंचल कुमार पर जानलेवा हमला की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। साथ ही इस घटना की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि राज्य में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। राज्य में कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है। दिनदहाड़े एक प्रसिद्ध चिकित्सक को घर में घुसकर उन पर जानलेवा हमला हो जाता है, यह कहीं ना कहीं प्रशासन के विफलता का परिणाम है। राज्य में अपराधियों को प्रशासन का भय समाप्त हो चुका है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द अपराधियों की पहचान कर उसे गिरफ्तार करने की मांग की है।

## डॉ. अंचल कुमार से मिलने मेडिका पहुंचे मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**रांची।** झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को मेडिका अस्पताल में ईलाजरत रांची के प्रसिद्ध हड्डी रोग विषेषज्ञ डॉ. अंचल कुमार से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। श्री ठाकुर ने इस पूरे घटनाक्रम पर गहरा दुख व्यक्त किया। ज्ञात हो कि गुलमोहर अस्पताल के संचालक और प्रसिद्ध हडडी रोग विषेषज्ञ डॉ. अंचल पर उनके घर पर ही जानलेवा हमला हुआ था।

# जी-20 की बैठक के लिए एक मार्च से आने लगेंगे डेलीगेट्स, तीन तक रहेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जी-20 प्रतिनिधि बैठक के लिए 1 मार्च से डेलीगेट्स आने शुरू हो जायेंगे। बैठक को लेकर डेलीगेट्स दो और तीन मार्च तक रांची में ठहरेंगे। इस कारण विधि-व्यवस्था और सुरक्षा के व्यापक इंतेजाम रहेंगे। सोमवार को मोरहाबादी स्थित फुटबॉल स्टेडियम में रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल ने पदाधिकारियों और पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जी-20 से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों को कहा कि जी-20 का आयोजन करना झारखंड के लिए बहुत गौरव की बात है। आयोजन बेहतर तरीके से हो इसके लिए इसमें सबकी सहभागिता बहुत महत्वपूर्ण है। उपायुक्त ने बताया कि लाइजनिंग ऑफिसर की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रहेगी। जी-20 से जुड़े संबंधित अधिकारी को डेलिगेट्स के होटल आगमन पर अच्छी मेजबानी के लिए होटल रेडिसन ब्लू के अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया।



**चिकित्सीय टीम होगी मुस्तैद, डेलीगेट्स के खानों की जांच होगी** : उपायुक्त द्वारा सिविल सर्जन को डेलिगेट्स के लिए आपातकालीन स्थिति के लिए कार्डिएक एंबुलेंस, सामान्य एम्बुलेंस तैयार रखने एवं सभी आवश्यक चिकित्सकीय व्यवस्था, निर्धारित अस्पतालों को 24 घंटे आपातस्थिति से लड़ने के लिए तैयार रहने, राज अस्पताल एवं सदर अस्पताल को विशेष रूप से 24 घंटे तैयार रहने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन (सदर) को जी-20 डेलिगेट्स के खाने की जाँच के लिए टीम रखने का निर्देश दिया। इसके लिए फूड इंस्पेक्टर की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जी-20 से जुड़े लाइजनिंग ऑफिसर को निर्देश दिया कि वह आये डेलिगेट्स को पतरातू लेक रिसॉर्ट में शिल्प ग्राम घुमा कर उन्हें संबंधित जानकारी देंगे।

### रेडिशन ब्लू के सामने कंट्रोल रूम बनायें

वरीय पुलिस अधीक्षक ने होटल रेडिसन ब्लू के सामने कंट्रोल रूम बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित पुलिस अधिकारी आपातस्थिति में 24 घण्टे अलर्ट मोड पर रहेंगे। सभी की ड्यूटी 8 घंटे में तीन पाली में होगी। संबंधित अधिकारी अपने अंदर आने वाले पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी रखेंगे। किसी प्रकार कर्तव्यहीनता ड्यूटी के दौरान ना हो इसका ख्याल रखेंगे। अगर किसी पुलिसकर्मी कर्तव्यहीनता ड्यूटी के दौरान करते किसी बड़े अधिकारी द्वारा पकड़ में आती हैं, तो उनपर अनुशासनहीनता की कार्रवाई की जायेगी।

## जी-20 : राज्य के पांच आईएएस अधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

**रांची।** राजधानी रांची के होटल रेडिशन ब्लू में जी-20 की बैठक 2 मार्च को होने वाली है। जी-20 समिट की बैठक, पतरातू भ्रमण के दौरान की जाने वाली व्यवस्था और प्रस्तावित कार्यक्रमों के आयोजन के लिए जिले के पांच अधिकारियों को जिम्मेदारी मिली है। इनमें राहुल पुरवार, मनीष रंजन, अमिताभ कौशल, कृपा झा और उमा शंकर सिंह का नाम शामिल हैं।

**राहुल पुरवार को एयरपोर्ट की जिम्मेदारी मिली** : सीनियर आईएएस राहुल पुरवार को एयरपोर्ट की जिम्मेदारी दी गयी है। टीम की अगवाई नीतीश सिंह और मनीष कुमार करेंगे। इनकी टीम में शताब्दी मजूमदार और रविशंकर हैं। विदेश मंत्रालय से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार, प्रतिनिधियों और वीआईपी के आगमन और प्रस्थान का समन्वय करना भी शामिल है। आगमन और प्रस्थान लाउंज दोनों में खाने पीने की व्यवस्था के लिए रेडिसन ब्लू टीम के साथ समन्वय करना। हवाई अड्डे से प्रतिनिधियों को अनुरक्षण करने के लिए संपर्क अधिकारियों के साथ समन्वय करना। जिला प्रशासन एवं एयरपोर्ट अथॉरिटी से सभी संबंधितों के पास जारी करना और केंद्रीय विदेश मंत्रालय ईएमसी और हवाईअड्डा प्राधिकरण से पोर्टर्स देना शामिल है।

**होटल रेडिशन ब्लू की जिम्मेदारी मनीष रंजन को** : सीनियर आईएएस मनीष रंजन को होटल रेडिशन ब्लू की जिम्मेदारी मिली है। टीम की अगुवाई हिमांशु मोहन, आकांक्षा रंजन और कर्ण सत्यार्थी करेंगे और उनकी टीम में आशीष गंगवार व आशीष जायसवाल हैं।

**अमिताभ कौशल को मिली पतरातू रिजॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम की जिम्मेदारी** : पतरातू झील रिजॉर्ट में होने वाले कार्यक्रम के लिए सीनियर आईएएस अमिताभ कौशल को जिम्मेदारी दी गयी है। टीम की अगुवाई ऋतुराज करेंगे और उनकी टीम में उत्कर्ष कुमार, विसपुते श्रीकांत और सुजीत कुमार सिंह हैं।

# झारखंड में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करे सरकार : चैंबर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गढ़वा में सिविल सर्जन, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की घटना के विरोध में आईएमए एवं झासा की मांगों का समर्थन करते हुए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने राज्य में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की है। इस घटना के विरोध में सोमवार को आईएमए हॉल में आयोजित डॉक्टर्स की बैठक में चैंबर महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने चिकित्सकों की मांगों का समर्थन किया। चैंबर अध्यक्ष ने भी इस मामले में आईएमए, रांची के अध्यक्ष डॉ. शंभू प्रसाद सिंह और झारखंड स्टेट आईएमए के सचिव डॉ. प्रदीप कुमार सिंह से वार्ता की और मांगों का समर्थन किया।



चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव डॉ. अभिषेक रामाधीन ने कहा कि देश के 23 राज्यों में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है। डॉक्टर्स पर घातक हमले से बचाव के लिए राज्य सरकारों द्वारा डॉक्टर्स को अतिरिक्त सुरक्षा भी मुहैया कराई जाती है। चिंतनीय है कि झारखण्ड में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट अब तक लागू नहीं किया गया है। गढ़वा में चिकित्सकों पर हमले की घटना निंदनीय है।

## अप्रैल 2022 से जनवरी 2023 तक कोयला उत्पादन 16 प्रतिशत बढ़ा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भारत में कोयला घरेलू उत्पादन में पिछले कुछ वर्षों में बढ़ोत्तरी देखी गई है। यह 2019-20 में 730 मिलियन टन से बढ़कर 2021-22 में 778 मिलियन टन हुआ है। इसका उत्पादन छह दशमलव चार सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज किया था। वर्तमान वित्त वर्ष में कोयला उत्पादन में वृद्धि हुई है और देश में पिछले वर्षों की तुलना में अप्रैल 2022 से जनवरी 2023 तक 698 मिलियन टन उत्पादन के साथ इसमें 16 प्रतिशत प्रभावशाली बढ़त दर्ज की गई है। इस दौरान कोल इंडिया लिमिटेड का उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़ने के साथ 478 मिलियन टन से 550 मिलियन टन हो गया है। घरेलू कोयला उत्पादन में बढ़ोत्तरी से देश को ऊर्जा खपत के कारण लगातार बढ़ रहे कोयले की मांग की पूर्ति करने के लिए बड़े स्तर पर आयात को कम करने में मदद मिली है।

कोयला मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2025 के लिए उत्पादन लक्ष्य एक दशमलव तीन एक बिलियन टन और इसी तरह 2030 के लिए एक दशमलव पांच बिलियन टन निर्धारित किया है। मंत्रालय नए कोयला खान को शुरू करने और चालू खानों में उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न राज्य सरकार और केंद्र सरकार की एजेंसियों के साथ सक्रिय रूप से काम रहा है।

# राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन आज करेंगे नैक की रिपोर्ट का लोकार्पण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिएशन काउंसिल (नैक) बेंगलुरु से तीन सलाहकार और एकेडमिक एक्सपर्ट आज शाम रांची पहुंच रहे हैं। इनमें मुख्य रूप से नैक के सहायक सलाहकार डॉ डीके कांबली, डॉ नरेश पांडेय और शैक्षणिक विशेषज्ञ डॉ श्रीकांत स्वामी शामिल हैं। सभी सदस्य एक मार्च को राजभवन में आयोजित बैठक के अलावा नैक से संबंधित रिपोर्ट के विमोचन समारोह में शामिल होंगे। नैक की रिपोर्ट का लोकार्पण राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन करेंगे। रिपोर्ट में कुछ चैप्टर रांची विवि के पूर्व रजिस्ट्रार सह वनस्पति शास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ ज्योति कुमार व रांची विवि आइक्वेक सेल की डॉ स्मृति सिंह ने लिखे हैं। इस अवसर पर सभी विवि के कुलपति भी उपस्थित रहेंगे।

**आइक्वेक सेल के इंटरैक्टिव सत्र में होंगे शामिल** : तीनों सदस्य मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में दिन के डेढ़ बजे से आइक्वेक सेल द्वारा आयोजित इंटरैक्टिव सत्र में शामिल होंगे। इस सत्र में मुख्य रूप से विवि के सभी डीन, सभी विभाग के अध्यक्ष, अंगीभूत कॉलेजों के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य/प्रोफेसर इंचार्ज, आइक्वेक को-ऑर्डिनेटर व सदस्य तथा विवि अधिकारियों को संबोधित करेंगे। इसमें रांची विवि की तरफ से प्रजेंटेशन भी दिया जायेगा। साथ ही विवि के विकास में आ रही कमियों पर चर्चा की जायेगी। इसके बाद सुधार के उपाय भी बताये भी जायेंगे।

विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के निर्देश पर रजिस्ट्रार ने संबंधित लोगों को आर्यभप्त सभागार में एक मार्च को डेढ़ बजे तक हर हाल में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन के बाद नैक की अलग टीम मई-जून 2023 में रांची विवि का निरीक्षण करने आयेगी।

## रांची रेलवे यात्रियों को दे रहा है गंदा बेडशीट

**रांची।** रेल मंत्रालय यात्रियों हर सुविधा उपलब्ध कराने का दावा करता है। डीआरएम के ट्विटर हैंडल पर प्रतिदिन ट्रेनों में गंदी बेडशीट देने की शिकायतें लगातार आ रही हैं, लेकिन डीआरएम ट्विटर पर यात्री को जवाब देकर यह कह रहे हैं कि संबंधित विभाग को शिकायत भेज दी गई है। इधर यह हाल यह है कि समस्या का समाधान निकलने की जगह रोज यात्रियों को गंदी बेडशीट दी जा रही है। यह स्थिति तब है, जब रांची और हटिया में करीब 4 करोड़ की बेडशीट सफाई मशीन (लॉन्ड्री) लगी हुई है। रांची रेल डिवीजन के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व रेलवे मुख्यालय भी यात्रियों की शिकायतों का निपटारा नहीं कर पा रहे हैं।

## 17 साल पुराने मामले में तीन बैंककर्मी को तीन-तीन साल कैद की सजा

**रांची।** सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सोमवार को 17 साल पुराने 35 लाख 50 हजार रुपये के बैंक लोन फजीर्वाड़े मामले में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक रांची की कांके शाखा के तत्कालीन कैशियर सह क्लर्क इंदू भूषण सिंह, ऋषि रंजन उर्फ विक्की एवं मिथिलेश कुमार सिंह दोषी को पाकर तीन-तीन साल कैद की सजा सुनाई है। इंदू भूषण सिंह पर दो लाख 10 हजार एवं अन्य दो पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। मामले में आरोपी तत्कालीन बैंक प्रबंधक सखुवा उरांव व रंजन कुमार सिंह की मौत हो गई। मामले का एक आरोपी फरार चल रहा है। सीबीआइ ने दो आरोपी को वादामाफ गवाह बनाया था। मालूम हो कि अभियुक्तों पर फर्जीवाड़ा करके 119 किसान क्रेडिट कार्ड एंव अन्य माध्यम से 35 लाख 50 हजार 450 रुपये का ऋण उठाने का आरोप था।

# सांसद ने लाइट हाउस प्रोजेक्ट को जल्द पूरा कराने का दिया सुझाव

**नयी दिल्ली में शहरी आवास मंत्रालय के समिति की बैठक में शामिल हुये संजय सेठ**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा के अधीनस्थ आवास और शहरी कार्य विभाग मंत्रालय की संसदीय समिति की बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई। इस बैठक में सांसद संजय सेठ मौजूद रहे। बैठक में देशभर में शहरी विकास से संबंधित चल रही परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री सेठ ने बैठक में यह सुझाव दिया कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर राज्यों को और गंभीर दिशा निर्देश दिए जाने की जरूरत है। ताकि, जिस शहर में स्मार्ट सिटी परियोजना चल रही होए वहां के नागरिकों को यह पता चल सके कि उस स्मार्ट सिटी में उनके लिए क्या-क्या व्यवस्थाएं है। आम लोगों तक स्मार्ट सिटी को लेकर बेहतर संदेश पहुंच सके। उन्होंने बैठक में कहा कि स्मार्ट सिटी निर्माण के दौरान बड़ी संख्या में पेड़ भी काटे गए। सांसद ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से संबंधित देशभर में चल रही गति प्रगति की जानकारी प्राप्त की और झारखंड में इसके क्रियान्वयन में तेजी लाने को कहा। उन्होंने बताया कि यह बैठक शहरी विकास से संबंधित कई मुद्दों को लेकर बुलाई गई थी। जिसमें मेट्रो सिटी और सभी स्मार्ट सिटी के विकास को लेकर चर्चा की गई।

**बिहार में साइक्लोन और सागर में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, बढ़ेगा तापमान**

# अगले तीन दिन में धीरे-धीरे तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि, बढ़ेगी गर्मी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बिहार में साइक्लोनिक सकुर्लेशन और सागर में पश्चिमी विक्षोभ का असर झारखंड में भी देखा जायेगा। इससे राजधानी रांची का तापमान धीरे-धीरे बढ़ जायेगा। रांची का उच्चतम तापमान 28 फरवरी को 33 डिग्री सेंटीग्रेड और 2 मार्च को 34 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाने का अनुमान है। वहीं, न्यूनतम तापमान 16 डिग्री पहुंच सकता है। मौसम केंद्र रांची ने सोमवार को यह जानकारी दी है।

**झारखंड के तापमान में होगी 2-3 डिग्री की वृद्धि** : मौसम केंद्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले तीन दिन में धीरे-धीरे तापमान में 2-3 डिग्री की वृद्धि होगी। हालांकि, अगले दो दिन तक न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने बताया है कि 28 फरवरी से 3 मार्च तक मौसम साफ एवं शुष्क रहेगा। झारखंड राज्य के लिए किसी प्रकार की मौसम की चेतावनी जारी नहीं की गयी है।

मौसम वैज्ञानिक श्री आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 34.6 डिग्री सेंटीग्रेड डालटेनगंज में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सिमडेगा में रिकॉर्ड हुआ। उन्होंने बताया कि एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ बन रहा है, जो 28 फरवरी से पश्चिमोत्तर भारत को प्रभावित करेगा।

**रांची का उच्चतम तापमान हुआ इतना** : राजधानी रांची का उच्चतम तापमान 31.6 डिग्री पहुंच गया है, जो सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक है, जबकि न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री है। डालटेनगंज, बोकारो, चाईबासा और देवघर का अधिकतम तापमान क्रमशः 34.6 डिग्री, 32.1 डिग्री, 34 डिग्री और 33 डिग्री रहा। इन जिलों का न्यूनतम तापमान क्रमशः 13.4 डिग्री, 13.1 डिग्री, 15 डिग्री और 13.9 डिग्री दर्ज किया गया है।

**बोकारो में आर्द्रता सबसे ज्यादा 78 फीसदी** : गिरिडीह, गढ़वा, रामगढ़ और सिमडेगा जिला का अधिकतम तापमान 31.1 डिग्री, 32.4 डिग्री, 32.2 डिग्री और 32.4 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया।

## खबर एक नजर में

### जी- 20 को लेकर एटीएस का मॉकड्रिल

**रांची।** जी-20 समिट को लेकर एटीएस और सीआइएसएफ की टीम सतर्क है। आपात स्थिति से निपटने के लिए एटीएस और सीआइएसएफ की टीम लगातार अभ्यास कर रही है। सोमवार को एटीएस और सीआइएसएफ की टीम ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एनुअल हाइजैकिंग एक्सरसाइज की। इस अभ्यास में अत्याधुनिक हथियारों से लैस होकर अभ्यास किया गया।

### सांसद महुआ माजी की माता का निधन

**रांची।** राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी की माता का निधन सोमवार को आर्किड अस्पताल में दोपहर 3:15 बजे हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रही थीं और अस्पताल में भर्ती थीं। आज सुबह 11 बजे माता जी की अंतिम यात्रा निकाली जाएगी।

### डॉक्टर के हमलावरों की गिरफ्तारी जल्द हो : दरोगा

**रांची।** राजधानी रांची के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अंचल कुमार पर जानलेवा हमला का स्वामी सहजानंद सरस्वती ब्रम्हर्षि परिषद ने कड़ी निंदा की है। समिति के अध्यक्ष दरोगा सिंह और संयोजक शिव कुमार सिंह ने कहा है कि आए दिन चिकित्सकों पर हो रहे जानलेवा हमला चिंता की बात है। समिति के सदस्यों ने घटना की जानकारी मिलने के बाद डॉ अंचल कुमार के देखने के लिए मेडिका अस्पताल पहुंचे, जहां उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। सदस्यों ने पुलिस से हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। इस मौके पर डॉ भीम प्रभाकर, नीरज शर्मा आदि ने डॉ अंचल का हालचाल जाना।

### निजी ट्रांसफार्मर का उपयोग बंद करने की मांग

**रांची।** बैंक कालोनी आवासन समिति, चिरौंदी ने बिजली विभाग को पत्र लिखकर एसोटेक द्वारा उनके ट्रांसफार्मर का उपयोग किए जाने को लेकर आपत्ति जतायी है। पत्र में समिति ने कहा है कि एसोटेक नामक कंपनी चिरौंदी में खतरे को आमंत्रण देते हुए निर्माण करा रही है। कंपनी 11 हजार वोल्ट के नंगे तारों का उपयोग कर रही है। जिससे बैंककालोनी के वाशिंदों पर खतरा बना रहता है। समिति ने बिजली विभाग से एसोटेक द्वारा बैंक कालोनी के निजी ट्रांसफार्मर का उपलोग बंद कराने और बिजली के खुले तारों को वहां से हटाने का आग्रह किया है।

### रांची-पिस्का स्टेशन के बीच बनेगा रेल ओवर ब्रिज

**रांची।** रेलवे ने रांची में एक और रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) बनाने की अनुमति दे दी है। जिसके तहत रांची-पिस्का स्टेशन के बीच एक आरओबी का निर्माण कराया जाएगा। एचइसी से लेकर रांची-गुमला-रोड तक यह ब्रिज बन जाने से लोगों को क्रासिंग से राहत मिल जाएगी। रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट झारखंड सरकार की देखरेख में इस ब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। वहीं टेंडर फाइनल होने के 6 महीने के अंदर एजेंसी को काम पूरा करना होगा।

### होली स्पेशल ट्रेन 6 और 7 मार्च को चलेगी

**रांची।** होली में दक्षिण-पूर्व-रेलवे ने स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत 06.03.2023 को शालीमार से और 07.03.2023 को जयनगर से शालीमार-जयनगर-शालीमार के बीच ट्रेन चलेगी। 08127 शालीमार-जयनगर होली स्पेशल 06 मार्च 2023 को शालीमार से 14.50 बजे प्रस्थान कर 07 मार्च 2023 को 11.25 बजे जयनगर पहुंचेगी। वहीं 08128 जयनगर-शालीमार होली स्पेशल जयनगर से 07 मार्च 2023 को 19.30 बजे प्रस्थान कर 08 मार्च 2023 को 16.00 बजे शालीमार पहुंचेगी।

### शिवांश सिंह की मौत की जांच हो : संजय सेठ

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने अंजुमन प्लाजा के पास घटित दुर्घटना में शिवांश सिंह की मौत की प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच करने को कहा है। उन्होंने कहा कि मेन रोड अंजुमन प्लाजा के समीप घटित दुर्घटना में शिवम सिंह की मौत हो गई थी, यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन, घटनास्थल की स्थिति एवं डॉक्टरों के रिपोर्ट के आधार पर यह मॉब लिंचिंग प्रतीत हो रहा है, जो घटना हुई वह दुर्भाग्यपूर्ण है। सांसद श्री सेठ ने कहा कि जिस जगह पर घटना घटी है, वहां दर्जनों सीसीटीवी कैमरा लगे हुए हैं। प्रशासन को इस सीसी फुटेज को खंगाला जाये। ताकि सच सामने आ सके।

### सम्राट गिरोह का सरगना मर्डर केस में बरी

**रांची।** झारखंड में आतंक का पर्याय रहे सम्राट गिरोह के सरगना जयनाथ साहू को रांची सिविल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उसे एक और आपराधिक मामले में बरी कर दिया है। बीरेन्द्र साहू उर्फ फेकू साहू हत्याकांड में रांची सिविल कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 6 गवाह प्रस्तुत किए गए थे लेकिन ये गवाह यह साबित नहीं कर पाए कि बीरेन्द्र साहू की हत्या जयनाथ साहू ने करवाई है।

### जेजेएम संविदा नियुक्ति मामले में गड़बड़ी

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची जिले के लिए जल जीवन मिशन (जेजेएम) की नियुक्ति में गड़बड़ी की शिकायत आयी है। कई अभ्यर्थियों ने इस संबंध में पहले जिला जल स्वच्छता समिति, रांची और विभागीय पदाधिकारियों के पास शिकायत रखी। अब विभागीय सचिव डॉ मनीष रंजन के पास इस मामले में पहल करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया की जांच किये जाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# हटिया-गोरखपुर-हटिया का समय बदला, हटिया-टाटानगर पैसेंजर ट्रेन भी रात 10:30 बजे खुलेगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित हटिया स्टेशन से खुलने वाली दो ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। अगर आपने बिहार या उत्तर प्रदेश जाने के लिए ट्रेन का टिकट कटवाया है, तो घर से निकलने से पहले एक बार इस खबर को जरूर पढ़ लीजिए। कहीं आपकी ट्रेन का ही समय तो नहीं बदल गया है। जिन ट्रेनों का समय बदला है, उनमें एक ट्रेन हटिया से जमशेदपुर के बीच चलने वाली 08196 हटिया-टाटानगर पैसेंजर भी शामिल है।

**मौर्य एक्सप्रेस 2 मार्च को हटिया से 3 घंटे देर से जायेगी** : दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक, गुरुवार यानी 2 मार्च 2023 को हटिया से खुलने वाली ट्रेन मौर्य एक्सप्रेस अपने तय समय से तीन घंटे विलंब से खुलेगी। ट्रेन संख्या 15027 हटिया-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस उस दिन अपने निर्धारित समय 16:50 बजे के स्थान पर रात में 19:50 बजे हटिया से प्रस्थान करेगी।

**बिहार के रास्ते झारखंड से उत्तर प्रदेश जाती है मौर्य एक्सप्रेस** : इसी तरह ट्रेन संख्या 15028 गोरखपुर-हटिया मौर्य एक्सप्रेस ट्रेन 3 मार्च 2023 को अपने निर्धारित समय सुबह 7:20 बजे के स्थान पर 200 मिनट विलंब से अर्थात दिन में 10:40 बजे गोरखपुर से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन झारखंड के रांची से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के बीच हर दिन चलती है। ट्रेन बिहार के रास्ते उत्तर प्रदेश जाती है।

**हटिया-टाटानगर के प्रस्थान समय में फिर बदलाव** : लिंक रेक के विलंब से चलने के कारण रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेन संख्या 08196 हटिया-टाटानगर पैसेंजर ट्रेन 27 फरवरी 2023 के प्रस्थान समय में फिर से परिवर्तन किया गया है। यह ट्रेन अपने निर्धारित समय शाम 18:10 बजे के स्थान पर 4 घंटे 20 मिनट की देर से यानी रात 22:30 बजे हटिया से प्रस्थान करेगी। बता दें कि हटिया-टाटानगर पैसेंजर ट्रेन का समय पिछले कुछ दिनों से लगातार बदल रहा है।

**सीबीएसई की परीक्षा शुरू होते ही की अपील**

# सैंपल पेपर के लिए फर्जी लिंक कभी न खोलें, साइबर गिरोह से सावधान रहें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यभर में सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा की शुरूआत हो गयी। इस परीक्षा में लाखों परीक्षार्थी शामिल हुए। पहले दिन अंग्रेजी विषय की परीक्षा मे बच्चों कि बीच उत्साह दिखा।

**सैंपल पेपर के नाम पर छात्रों से अवैध वसूली जारी** : सीबीएसई बोर्ड ने पब्लिक नोटिस जारी कर परीक्षार्थियों से सावधान रहने की अपील की है। सीबीएसई ने कहा कि बोर्ड एग्जाम के सैंपल पेपर के नाम पर छात्रों से अवैध वसूली की जा रही है। सीबीएसई ने सभी स्कूल से अपील की है कि ऐसी कोई भी घटना सामने न आये और ज्यादा से ज्यादा बच्चों को सावधान करें।

**साइबर गिरोह ने बनाया लिंक** : सीबीएसई की जारी पब्लिक नोटिस में बताया गया है कि कुछ साइबर गिरोह ने एक नया लिंक बनाया है। इसमें कहा गया है कि सीबीएसई ने कक्षा 10, 12 की परीक्षाओं के लिए 30 सैंपल पेपर सकुर्लेट किये हैं, जिनके आधार पर बोर्ड परीक्षा के पेपर होंगे, जो की बिल्कुल गलत है। बताते चलें कि बच्चे जैसे इस लिंक पर जा रहे हैं, उसमें से सैंपल पेपर डाउनलोड करने के लिए पैसे भी मांग की जा रही है। बोर्ड ने सभी से सावधान रहने, ऐसे किसी भी फर्जी संदेशों और वेबसाइटों के लिंक का जवाब न देने की अपील की है। सीबीएसई ने कहा कि सैंपल पेपर सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाईट पर निशुल्क उपलब्ध हैं।

## आज का राशिफल
28-02-2023

**मेष** : किसी कार्य से अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। साथ ही किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। माता का स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना रोग उभर सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। पर शुख का सामान मिलेगा।

**वृष** : दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मिथुन** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। आय होगी। गणेश जी का पूजन करें। माता का आशीर्वाद ले।

**कर्क** : लग्न का मालिक उच्च का है। नई योजना बनेगी। आय का नया मार्ग मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**सिंह** : कर्म में बृद्धि होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्नता रहेंगे।

**कन्या** : किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा।

**तुला** : पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** : किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**धनु** : मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा।

**मकर** : कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**कुंभ** : पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। चोट व रोग से बचें।

**मीन** : कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

# एसपीडी डायरेक्टर से मिले बीआरपी सीआरपी, मांगा दो माह का मानदेय

## सीआरपी-बीआरपी के लिए बनी कमेटी ने सेवा शर्त नियमावली बना दी, कैबिनेट से मुहर का इंतजार



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना के अंतर्गत सेवा दे रहे बीआरपी-सीआरपी को पिछले दो माह से मानदेय नहीं मिला है। सोमवार को संघ के डेलगेशन दो माह का मानदेय देने की मांग को लेकर राज्य परियोजना निदेशक (एसपीडी) किरण कुमारी पासी से मिला। उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया और कहा कि अगले हफ्ते होली और शब-ए-बरात है। परंतु अब तक उन्हें जनवरी और फरवरी का मानदेय नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि अल्प मानदेय में परिवार का भरण-पोषण करना वैसे ही मुश्किल हो गया है।

**अब हताशा में बदलने लगी है निराशा**

बीआरपी सीआरपी संघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद ने बताया कि एक ओर पारा शिक्षकों को सहायक अध्यापक बनाकर बढ़ा हुआ मानदेय दिया जा रहा है लेकिन सीआरपी बीआरपी के मानदेय में पिछले 4 सालों में किसी तरह की कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के पक्षपातपूर्ण निर्णय से झारखंड में कार्यरत बीआरपी सीआरपी में निराशा अब हताशा में परिणत हो गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के बाद से मानदेय में किसी तरह की कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि राज्य में कार्यरत 2900 बीआरपी सीआरपी अपनी मांगे सरकार के समक्ष रखते आए हैं। संघ के महासचिव नितिन कुमार ने कहा कि झारखंड शिक्षा परियोजना कर्मियों के मानदेय में 30 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव कैबिनेट से पास कर दिया गया लेकिन बीआरपी सीआरपी की चर्चा तक नहीं की गई।

**नवंबर 2022 में ही कमेटी ने दे दी है विभाग को अपनी रिपोर्ट**

विदित हो कि बीआरपी सीआरपी के सेवा शर्त नियमावली सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में छह सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी। कमिटी ने नवंबर 2022 में ही विभाग को अपना निर्णय और रिपोर्ट दे दी थी लेकिन उक्त निर्णय को अब तक कैबिनेट के द्वारा पारित नहीं कराया जा सका। उल्लेखनीय है कि सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) सहित विद्यालय का अनुश्रवण करने वाले बीआरपी सीआरपी को अधिकतम 17500 एवं 16500 मानदेय दिया जा रहा है। वहीं सहायक अध्यापकों का मानदेय जनवरी 2022 से ही 22500 कर दिया गया। चार प्रतिशत वार्षिक वृद्धि भी लागू कर दी गई लेकिन बीआरपी सीआरपी के संदर्भ में कोई विचार नहीं किया गया।

# श्री श्याम मित्र मंडल का 51वां स्थापना दिवस सह रंग रंगीलो पंच दिवसीय अमृत महोत्सव आज से

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल का 51वां स्थापना दिवस सह रंग रंगीलो पंच दिवसीय श्री श्याम अमृत महोत्सव की शुरूआत मंगलवार से होगी। सभी आयोजन हरमु रोड़ के श्री श्याम मंदिर में होंगें। पंच दिवसीय महोत्सव की तैयारी जोर शोर से चल रहीं है। मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी व सयोंजक गौरव अग्रवाल मोनू की अगुवाई में सभी कार्यक्रमों को अंतिम रूप दीया जा रहा है। श्री श्याम मंदिर में कार्यकर्ताओ की बैठके प्रतिदिन हो रहीं है। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 10 बजे श्री गणेश पूजन, महायज्ञ (हवन) ध्वज स्थापना का अनुष्ठान का आयोजन होगा। यजमान श्रेष्ठ हनुमान शरण सिंघानिया के सुपुत्र राजेश, सारिका व हर्ष सिंघानिया अपने परिवार के साथ श्री गणेश पूजन अनुष्ठान विधिवत करवाएंगे। दोपहर 3 बजे से 39वां श्री सुंदरकांड - श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ का आयोजन होगा। धनबाद के प्रसिद्ध पाठ वाचक पंकज मोदी व पंकज सांवरिया अपने सहयोगियों के साथ भगतजनों से पाठ करवाएंगे। 400 से ज्यादा भगतजन श्री श्याम मंदिर में एक साथ बैठ कर पाठ करेंग। कोकर निवासी उर्मिला जैन, अजय जैन अपने परिवार के साथ बजरंगबली की अखण्ड पावन ज्योति प्रज्जवलित करके केशरिया बुंदियाँ, भुजिया, पेड़ा, चना, गुड़, फल का प्रसाद अर्पित करेंगें। प्रथम दिवस के कार्यक्रम के लिए अनिल नारनौली व संजय सराफ को सयोंजक मनोनीत किया गया है।

मंडल के कार्यकर्ता श्रवण ढाढ़निया, प्रदीप राजगड़िया,राजीव रंजन मित्तल, अजय मारु, श्याम सुन्दर शर्मा, पंकज गाडोड़ीआ आदि कई कार्यकर्ता तैयारी में लगे हुए हैं।



**751 ध्वजा (निशान ) शोभायात्रा बुधवार को**

श्री श्याम मित्र मंडल के पंचदिवसीय महोत्सव के दुसरे दिन बुधवार को 751 ध्वजा ( निशान ) की शोभायात्रा हरमु रोड़ के मारवाड़ी भवन से दोपहर एक बजे प्रारम्भ होगी। यह शोभायात्रा 01-03-2023 बुधवार दोपहर एक बजे मारवाड़ी भवन से प्रारम्भ होकर रातु रोड़, किशोरी यादव चौक, महाबीर चौक, गाँधी चौक, शहीद चौक, कोतवाली रोड़, जे जे रोड़, डॉ राममनोहर लोहिया चौक, कार्टसराय रोड़ होते हुए हरमु रोड़ के श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी ' 751 भगतों को श्री श्याम ध्वजा का कार्ड वितरित कर दीया गया है। श्री श्याम मंदिर हरमु रोड़ में अब तक विभिन्न भगतों के समूहों द्वारा लगभग 500 ध्वजा (निशान ) अर्पित किये जा चुके है। बुधवार को निकलने वाली ध्वजा शोभायात्रा रांची की सबसे बड़ी शोभायात्रा होगी।

# रांची में तेलुगू कम्युनिटी वेलफेयर एसोसिएशन की पहली प्रांतीय बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** तेलुगू कम्यूनिटी वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में झारखंड में पहली बार तेलुगू समुदाय की प्रांतीय बैठक हुई। इसमें कहा गया कि झारखंड में वर्षों से तेलुगू भाषा-भाषी रहते आ रहे हैं। खासकर एचईसी, हटिया, सीसीएल और सीएमपीडीआई समेत अन्य क्षेत्रों में कर्मचारी के रूप में कार्यरत राजधानी में रहनेवालों की संख्या अधिक है। भारत में तेलुगू भाषियों के लिए तेलुगू कम्युनिटी वेलफेयर एसोसिएशन पूरे देश अपना कार्यक्रम चलाते रहता है। एसोसिएशन का मुख्य मकसद तेलुगू भाषियों को हर तरह का सहयोग देना होता है। तेलुगू कम्युनिटी वेलफेयर एसोसिएशन इन्हें हर तरह से मदद करता है। इस आयोजन में सी श्रीनिवास, देवी प्रसाद, बीए रेड्डी और एल बालकृष्णा ने मुख्य भूमिका निभाई। सम्मेलन में झारखंड तेलुगू सेना (जमशेदपुर) के प्रेसिडेंट धर्मा राव और संयुक्त सचिव वी मल्लेश्वर राव ने तेलुगू कम्युनिटी वेलफेयर एसोसिएशन के बारे में लोगों को बताया।



# एसएस मेमोरियल कॉलेज कैंपस में खुला कॉमन सर्विस सेंटर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एसएस मेमोरियल कॉलेज कैंपस में नये सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन एवं मुख्य अतिथि रांची विश्विद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा एवं प्रति कुलपति डॉ अरुण कुमार सिन्हा ने किया। वीसी डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय के समुचित विकास के लिए अपने स्तर से छात्र छात्राओं, शिक्षकों एव कर्मचारियों के सभी समस्यायो को यथा संभव समाधान की जाएगी। राजनीतिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ श्रवण कुमार सिंह एव लेखापाल श्रवण कुमार को कुलपति के द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं, प्रति कुलपति डॉ अरुण कुमार सिन्हा जी कहा कि सीमित संसाधनों में यहां के मेधावी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने कॉलेज का नाम शिक्षा व खेल हर क्षेत्र में रोशन किया है, यह कबीले तारीफ है। कॉलेज कि प्राचार्या डॉ वंदना राय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।



## खबर एक नजर में

**इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा ने बांटी खाद्य सामग्री**

**रांची।** इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची डिस्ट्रिक्ट - 325 की ओर से सोमवार को अध्यक्ष नम्रता कुमार के नेतृत्व में पीपी कंपाउंड में गरीबों एवं जरूरतमंदों के भोजन के लिए प्रयाप्त मात्रा में खाद्य सामग्री, अनाज, सब्जियां और तेल इत्यादि प्रदान किये गये। इसके उपरांत बर्लिन हॉस्पिटल में निर्धन किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर प्रतिरोधी टीका मुफ्त में दिलवाया गया। इस दौरान उन्हें भोजन के पैकेट भी बांटे गए। इन कार्यक्रमों में अईपीपी नीता नारायण, अर्चना त्रिवेदी, दीपा चौहान, देवजानी सान्याल, संगीता सिन्हा, अनिता जयसवाल और शालिनी सिन्हा ने भाग लिया।

**अपहरण व दुष्कर्म मामले में अभियुक्त को 15 साल कैद**

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने महिला का अपहरण करने एवं जबरन शारीरिक संबंध बनाने के मामले के दोषी अभियुक्त बिहार के खगड़िया जिला निवासी मंटु यादव उर्फ मंटुन यादव को 15 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, अभियुक्त पर 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर उसे अतिरिक्त एक साल जेल काटनी होगी। अभियुक्त जेल में रहते हुए ट्रायल फेस कर रहा था। मालूम हो कि घटना को लेकर पीड़िता ने नगड़ी थाना में 27 अगस्त 2020 में अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हालांकि, प्राथमिकी सिर्फ अपहरण की घटना को लेकर दर्ज कराई गई थी लेकिन अदालत में सुनवाई के दौरान अभियुक्त को दुष्कर्म का भी दोषी पाया गया। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से छह गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। मालूम हो कि झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में त्वरित सुनवाई हुई। जस्टिस अंबुज नाथ की अदालत ने अभियुक्त की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान सितंबर 2022 में चार महीने में सुनवाई पूरी करने का आदेश पारित किया था।

**8 मार्च को मारवाड़ी भवन में होली मिलन समारोह**

**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति की ओर से 8 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन मारवाड़ी भवन में होगा। यह निर्णय मारवाड़ी सहायक समिति की बैठक में लिया गया। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने बताया कि होली मिलन समारोह को सफल बनाने के लिये सज्जन कुमार पाड़िया को संयोजक बनाया गया है। वहीं, अजय कुमार खेतान, विजय कुमार खोवाल, जुगल दरगड़, आकाश अग्रवाल, सुमिता लाठ, श्वेता भाला, को सह-संयोजक का दायित्व दिया गया है। संयोजक सज्जन पाड़िया ने बताया कि होली मिलन समारोह में रंगारंग राजस्थानी नृत्य का कार्यक्रम, अबीर-गुलाल, स्वादिष्ट लजीज अल्पाहार, ठंडाई के अलावे कई आकर्षक एवं मनमोहक कार्यक्रम रखे गए हैं। होली मिलन समारोह में बुजुर्गों का आशीष, अपनों का मिलन, बच्चों को आशीष भी होगा। बैठक का संचालन समिति के सचिव-कौशल राजगढ़िया ने करते हुए कहा कि होली मिलन समारोह में समाज के दो हजार से भी अधिक लोग आएंगे। बैठक में होली मिलन समारोह के प्रचार प्रसार के लिये ब्राउसर एवं पंपलेट का विमोचन किया गया।

**एटीआर में वही रटा-रटाया जवाब मिला**



**रांची।** एटीआर में इस बार भी कुछ नया नहीं है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र 10 से 23 दिसंबर 2022 के दौरान 9 विधायकों को सरकार ने आश्वासन दिया था। विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को सरकार के सामने रखा था। इस पर विभागीय मंत्री ने आश्वासन दिया था कि जल्द कार्रवाई की जायेगी। बजट सत्र के पहले दिन सरकार ने उन आश्वासनों की एक्शन टेकेन रिपोर्ट सदन में पेश किया। लेकिन एटीआर में एक भी आश्वासन पूरा नहीं हुआ है। कुछ आश्वासन अबतक लंबित हैं और कुछ में कोई प्रगति ही नहीं हुई है।दरअसल, कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव और केरेडारी में 220๖33 केवी फीडर का निर्माण कराने की मांग की थी। सरकार ने एटीआर में बताया है कि झारखंड ऊर्जा संचरण निगम ने हजारीबाग डीसी से ग्रिड निर्माण के लिए जमीन की मांग की गयी है। जमीन आवंटित होते ही ग्रिड का निर्माण करा दिया जायेगा। इसी प्रकार कांग्रेस के इरफान अंसारी ने जामताड़ा के राजकीय पशु चिकित्सालय एवं अवर प्रमंडल पशु कार्यालय, जामताड़ा के भवन के रीकंस्ट्रक्शन की मांग की थी। विभाग ने बताया कि पशुपालन निदेशक की ओर से 20 जनवरी को 1०12 करोड़ जिला पशुपालन पदाधिकारी को भेजा गया है। इसी प्रकार अन्य विधायकों के आश्वासन पर भी कार्रवाई नहीं की गयी है।

# कुड़मी एव महतो को आदिवासी नहीं बनने देंगे : गीताश्री उरांव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आदिवासी समन्वय समिति के तत्वावधान में सोमवार को करम टोली स्थित धुमकुड़िया भवन में गीताश्री उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें पांच मार्च को मोरहाबादी में आदिवासी बचाव रैली को सफल बनाने पर चर्चा की गई। गीताश्री उरांव ने कहा कि कुड़मी व महतो भी आदिवासी बनने के लिए सरकार से मांग कर रहे हैं। इसे रोकने के लिए महारैली बुलायी गयी है। देश के 15 करोड़ आदिवासी समाज का विकास रोकने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य भर के विभिन्न आदिवासी संगठनों के लोग शामिल होंगे। यह लड़ाई आदिवासी समाज के हक व अधिकार को बचाने के लिए है। यह जनता की लड़ाई है। आदिवासी समाज को अलग धर्म कोड दिलाने की लड़ाई है। हमारी पहचान को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। इसे बचाने के लिए रैली में हुंकार भरी जाएगी।

**आदिवासी युवा पीढ़ी जाग चुकी है : धान**

पूर्व मंत्री देवकुमार धान ने कहा कि आदिवासी युवा पीढ़ी जाग चुकी है। आदिवासी समाज के धर्म, संस्कृति, पारंपरिक व्यवस्था को बचाने के लिए महारैली आयोजित की गई हैं। क्योंकि आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। उनकी परंपरा, इतिहास, धर्म संस्कृति, प्रथा को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। मौके पर कुंदरसी मुंडा, अजय तिर्की, प्रेमशाही मुंडा, लक्ष्मी नारायण मुंडा समेत सैकड़ों आदिवासी शामिल हुए।

# मिशन ब्लू फाउंडेशन के तत्वाधान में शून्यकाल कार्यक्रम में साईं नाथ विश्वविद्यालय के छात्रों ने जीता पुरस्कार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मिशन ब्लू फाउंडशन की ओर से रविवार को कांके रोड स्थित सीएमपीडीआई परिसर के मयूरी प्रेक्षागृह शून्यकाल (द जीरो ऑवर) कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मयूरी प्रेक्षागृह में आयोजित शून्यकाल (द जीरो ऑवर) कार्यक्रम में साईं नाथ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया और इस राष्ट्रीय स्तर की युवा संसद कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के लॉ विभाग की छात्रा- भामिनी प्रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें 15000 हजार रुपए का चेक देकर पुरस्कृत किया गया। वही दूसरे स्थान पर लॉ विभाग के छात्र- आशुतोष राजन को जिन्हें 10000 हजार रुपए का चेक देकर पुरस्कृत किया गया एवं षिक्षा विभाग के छात्र- आदर्श आदित्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें 5000 हजार रुपए का चेक देकर पुरस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो० (डॉ०) एस० पी० अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हौसला आफजाई करते हुए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति महोदय ने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है एक साथ हमारे विद्यार्थियों ने शून्यकाल- (द जीरो ऑवर) कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। लॉ विभाग की विभागाध्यक्ष- डॉ० सुमन श्रीवास्तव ने इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की अगुवाई की थी। ज्ञातव्य है कि कांके रोड स्थित सीएमपीडीआई के मयूरी हॉल में सुबह 10 बजे शून्यकाल (द जीरो ऑवर) प्रारंभ हुआ था। इस कार्यक्रम में विधायक सीपी सिंह, उप महापौर संजीव विजयवर्गीय के अलावा मीडियाकर्मी एवं गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये थे।



## होली महोत्सव के अवसर पर होगा हास्य कवि सम्मेलन

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा है कि होली के शुभ अवसर पर हास्य मेव जयते द्वारा इस वर्ष भी फागुन उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। संस्था के संरक्षक सह सांसद संजय सेठ ने कहा कि कोविड के कारण पिछले 2 वर्ष से सांसद आवास में साधारण ढंग से होली महोत्सव मनाया गया था। लेकिन, इस वर्ष बड़े ही धूमधाम से 7 मार्च को सांसद संजय सेठ के आवास पर होली महोत्सव मनाया जायेगा। जिसमें देश के विख्यात हास्य कवियों के द्वारा मनोरंजन और रंगारंग होली का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि होली आपसी मिलन का त्योहार है।

# सीबीएसइ आर्यभट्ट गणित चैलेंज में डीपीएस के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उत्कृष्ट गणितीय क्षमता एवं अद्भुत मेधा शक्ति का प्रदर्शन करते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित आर्यभट्अ गणित चैलेंज 2022 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में अनमोल आनंद, अयान आदीप और शुभम झा (सभी दसवीं कक्षा से) ने सीबीएसई के पटना रीजन में टॉप 100 विद्यार्थियों की सूची में स्थान हासिल किया है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राम सिंह ने विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर खुशी जताई और उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को अपने आगामी प्रयासों में अधिक से अधिक ऊँचाई हासिल करने के लिए प्रेरित किया।



# अपराधियों के निशाने पर राज्य के डॉक्टर्स

**तीन साल में दस से अधिक डॉक्टर हुए हमले के शिकार**

**कुबेर सिंह**

**रांची।** राज्य में अब अपराधियों के निशाने पर डॉक्टर्स हैं। डॉक्टर को बेवजह पीटा जा रहा है। राज्य के जामताड़ा, बोकारो, गढ़वा, रांची में लगातार डॉक्टरों पर हमला किया जा रहा है। डॉक्टरों पर हो रहे हमले के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कड़ी आपत्ति जाहिर की है। एसोसिएशन का कहना है कि पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण ही डॉक्टरों पर हमला हो रहा है। तीन सालों में दस डॉक्टर पर अपराधियों द्वारा हमला बोला गया। कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति हुई।


## कब-कब हुआ है हमला

**रांची के बरियातू में हमला**

- 17 अप्रैल, 2020 : देश के सबसे बड़े अस्पताल एम्स में अपनी सेवा दे चुकी रांची की रहनेवाली किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन गीता प्रसाद पर भी बरियातू थाना क्षेत्र के जोड़ा तालाब के पास हमला किया गया। हमलावरों ने उनके कार के शीशे फोड़ दिए थे। इस बाबत बरियातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

**गढ़वा के डॉक्टर को पीटा**

- 25 फरवरी, 2023 : झारखंड के गढ़वा जिले के सिविल सर्जन डॉ अवधेश की पिटाई झामुमो कार्यकर्ताओं ने कर दी थी। पिटाई के विरोध में सारे डॉक्टर और अस्पताल कर्मी झामुमो के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं की गुंडागर्दी के खिलाफ हड़ताल पर चले गए हैं।
- नौ जनवरी, 2022 : गढ़वा में बीच सड़क पर एक महिला डॉक्टर को पीटा गया। बताया गया कि एक डॉक्टर पर एक महिला ने छेड़खानी का आरोप लगाया था।



**जामताड़ा में डॉक्टर की पिटाई**

- आठ अक्टूबर, 2020 : सदर अस्पताल जामताड़ा मे ऑन ड्यूटी चिकित्सक डॉ दिनेश चंद्र मुंशी के साथ मारपीट की गई। डॉक्टर ने केवल एक मरीज के परिजन से इतना कहा था कि वे लोग मास्क पहन लें। इसी बात पर मरीज के परिजनो ने डॉक्टर की पिटाई कर दी थी।
- 14 मार्च, 2020 : सदर अस्पताल में महिला मरीज की मौत के बाद परिजन ने डॉक्टर के साथ हाथापाई कर दी। इसके बाद डॉक्टर डर के कारण अस्पताल छोड़कर बाहर एक दुकान में बैठ गए। डॉक्टर के कहना है कि डर के माहौल में ड्यूटी नहीं कर पाएंगे और अस्पताल नहीं जाएंगे। उधर, घटना के बाद सिविल सर्जन ने मामले की जानकारी डीसी को दी जिसके बाद डीसी ने एसपी से मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसपी का कहना है कि मामले में डॉक्टर के साथ हाथापाई के कुछ लोगों को चिन्हित किया गया है।

**देवघर में डॉक्टर का अपहरण कर पिटाई**

- 20 अप्रैल, 2020 : शहर के एक डॉक्टर मनीष कुमार का अपहरण कर उनके साथ मारपीट किया गया। डॉक्टर मनीष कुमार के साथ हुई घटना के बाद दोषियों की अविलम्ब गिरफ्तारी की मांग की गई थी।

**धनबाद में डॉक्टर को पीटा**

- 22 जुलाई, 2021 : धनबाद कतरास के प्रसिद्ध डॉ उमाशंकर सिंह को जेएमएम नेता ने पिटाई कर दी थी। इस मामले को लेकर धनबाद में काफी बवाल हुआ था। पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप से मामले का पटाक्षेप किया गया था।

## 14 मार्च से होनी है इंटर की परीक्षा, छात्रों को कॉलेज ने नहीं दिया एडमिट कार्ड, मामला हाइकोर्ट पहुंचा

**रांची।** झारखंड में इंटर की परीक्षा 14 मार्च से शुरू होनी है। इंटर की परीक्षा से पूर्व एडमिट कार्ड नहीं दिये जाने का मामला झारखंड हाईकोर्ट पहुंचा है। मांडर इंटर कॉलेज के 6 छात्र-छात्राओं ने झारखंड हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि कॉलेज प्रबंधन के द्वारा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रार्थी छात्रों के अधिवक्ता सूरज किशोर प्रसाद के मुताबिक मांडर इंटर कॉलेज ने फीस लेने और सभी कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी छात्रों को एडमिट कार्ड नहीं दिया। जिसके कारण उन्हें यह चिंता है कि सभी छात्र इंटर की परीक्षा देने से वंचित रह जाएंगे। इस संबंध में हिमा देवी एवं अन्य ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कोर्ट से यह आग्रह किया है कि इस मामले की जल्द से जल्द सुनवाई की जाये।

# श्री शतचंडी महायज्ञ स्थल पर भूमि पूजन, प्रचार गाड़ी रवाना

**22 मार्च से सर्ड कैंपस में शुरू होगा 10 दिनी महायज्ञ**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ओटीसी मैदान स्थित राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सर्ड) के आवासीय परिसर में सोमवार को श्री शतचंडी महायज्ञ स्थल पर भूमि पूजन किया गया। इस दौरान श्री शतचंडी महायज्ञ की जानकारी लोगों तक पहुंचान के लिए प्रचार गाड़ी भी रवाना की गई। 27 फरवरी को श्री शतचंडी महायज्ञ समिति की ओर से शुभ मुहूर्त में श्री शतचंडी महायज्ञ स्थल का भूमि पूजन किया गया। श्री शतचंडी महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष कुमुद झा और मीडिया प्रभारी योगेंद्र गुप्ता ने मिलकर भूमि पूजन किया। कुमुद झा ने बताया कि 10 दिनों तक चलनेवाले इस इस महायज्ञ का आयोजन 22 मार्च 2023 से 31 मार्च 2023 तक ओटीसी मैदान के सामने सर्ड परिसर में किया जा रहा है। 22 मार्च की सुबह 7 बजे कलश यात्रा स्थापना अरणी मंथन पंचांग पूजन मंडप प्रवेश किया जाएगा। इस यज्ञ के लिए बनारस के आचार्य नागेंद्र नाथ ओझा व्याकरण आचार्य वेद शास्त्र संपन्न कृपा पात्र शिष्य पंडित निरंजन दास मिश्रा जी होंगे। दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक देवी भागवत कथा किया जाएगा। यह कथा पूज्य श्री मनुश्री जी महाराज वृंदावन के श्री मुख से देवी भागवत कथा का उद्गार होगा। उन्होंने बताया कि ऐसा भव्य आयोजन रांची में पहली बार हो रहा है। यही कारण है कि इस महायज्ञ को लेकर आमजनों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।



स्पीड न्यूज

## जय कुमार बने रांची जिला चैंबर को-ऑपरेटिव के अध्यक्ष

**बुढ़मू।** ठाकुरगांव निवासी जय कुमार कुशवाहा को रांची जिला चैंबर ऑफ फामर्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी का अध्यक्ष बनाया गया। जानकारी के अनुसार सोमवार को जिला कृषि पदाधिकारी के कार्यालय में रांची जिला चैंबर ऑफ फॉमर्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी का गठन किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से जय कुमार कुशवाहा को अध्यक्ष बनाया गया मौके पर रांची जिला के 11 एसपीओ के प्रतिनिधि जिला सहकारिता पदाधिकारी जिला गव्य विकास पदाधिकारी के प्रतिनिधि जिला उद्यान विभाग के पदाधिकारी रामकृष्ण मिशन विज्ञान केंद्र के प्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

## राहे में लगी पोस्ते की फसल नष्ट

**राहे।** प्रखंड के कोचेटोलीएमाहाथान टोली के जंगल मे लगे 10 एकड़ ओर पुरनाडीह गांव के पास 8 एकड़ में लगे पोस्ते की फसल को एसएसबी 26 वी बटालियन ए कंपनी ओर अनगड़ा पुलिस के संयुक्त अभियान में नष्ट किया गया। एसएसबी के इंस्पेक्टर मन्टू कुमारए एसआई संतोष गिरि, एएसआई अजित सिंह, सोनेलाल बेसरा के नेतृत्व में अभिनय को किया गया। मौके पर हेड कांस्टेबल सुरेंद्र चौधरी, प्रताप कुमार खालको सहित पुलिस और एसएसबी के जवान मौजूद थे।

## सीआरपीएफ ने जब्त किया तीन टन अवैध कोयला

**पिपरवार।** सीआईएसएफ कमांडेंट मांगा चौधरी के निर्देश पर उप कमांडेंट उपेंद्र सिंह के नेतृत्व में पिपरवार क्षेत्र के आरसीएम साइडिंग के समीपवर्ती इलाकों में विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। इस अभियान में सीआईएसएफ जवानों द्वारा 3 टन अवैध कोयला को जप्त किया गया है। जानकारी के अनुसार आरसीएम साइडिंग और इसके आसपास के क्षेत्रो में विशेष अभियान के दौरान अवैध रूप से कोयला को छुपा कर रखा गया था। सीआईएसएफ के जवानों को जानकारी मिलने के पश्चात उक्त कोयला को जप्त कर लिया गया। जप्त कोयला को स्थानीय सीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया है।

## सिल्ली पॉलिटेक्निक में कैंपस सलेक्शन

**सिल्ली।** सिल्ली पॉलिटेक्निक में सोमवार को कैंपस सलेक्शन का आयोजन किया। जिसमें रांची के कॉडजिल टेक्नोलॉजी द के एचआर एग्जीक्यूटिव अनिता कुमारी, सीईओ धनेश महतो और बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव सौरव कृष्णा ने छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया। साक्षात्कार में सिल्ली पॉलिटेक्निक के कंप्यूटर साइंस संकाय के छात्र एवं छात्राएं शामिल हुए। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि यह कंपनी पीएचपी डेवलपर,स्टैक डेवलपर जैसे काम सिखाती है जो छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस साक्षात्कार में कंपनी के द्वारा कंप्यूटर साइंस संकाय के दो छात्र बजरंग मुंडा और चंदन कुशवाहा का चयन किया गया। साक्षात्कार में सिल्ली पॉलिटेक्निक के निदेशक विष्णु व्रोतो चट्टोपाध्याय, प्राचार्य समीर शर्मा, प्लेसमेंट अधिकारी दीपक महतो शामिल थे।

# हड़ताल से लौटे कर्मियों को नहीं मिला योगदान

### नाराज एएनएम ने सीएसची के समक्ष किया प्रदर्शन

## कांके, अनगड़ा, नामकुम में गलत योगदान हुआ: सीएस

खबर मन्त्र संवाददाता



ओरमांझी सीएचसी में प्रदर्शन करते अनुबंधित एएनएम व स्वास्थ्य कर्मी।

**ओरमांझी।** सीएचसी ओरमांझी में अनुबंधित एएनएम व स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा प्रदर्शन किया गया। 41 दिनों बाद हड़ताल से लौटे कर्मियों सीएचसी में अपना योगदान देने पहुंचे थे, लेकिन इन सभी का योगदान नहीं लिया गया। जिससे नाराज हो प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में शामिल कर्मी ने बताया कि सभी अनुबंधित कर्मी सामूहिक रूप से हड़ताल पर गए थे। अब सामूहिक रूप से योगदान पत्र दिया जा रहा तो सभी को अलग-अलग योगदान पत्र मांगे जा रहा है। दो दिन से अनुदान पत्र लेकर सीएचसी का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन योगदान नही मिल रहा है। जबकि अनगड़ा, कांके नामकुम आदि प्रखंडों में सामुहिक रूप से अनुदान ले लिया गया। इधर अनुबंधित कर्मियों का योगदान नहीं मिलने के कारण सोमवार को भी क्षेत्र में उपस्वस्थ्य केंद्रों में टीकाकरण व अन्य स्वास्थ्य सेवा बहाल नही हो सकी। एएनएम जब योगदान देने सीएचसी पहुंचे तो ज्यादातार कार्यालय बंद मिले। प्रदर्शन में शामिल एएनएम द्वारा समूहिक रूप से एक साथ योगदान नहीं मिलने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

> सभी अनुबंधित कर्मी योगदान देने रविवार को पहुंचे थे, इसलिए योगदान नहीं लिया गया। सभी को अलग-अलग पत्र देना होगा, तभी योगदान दिया जाएगा।
> **डॉ रेणु बाखला, प्रखंड चिकित्सा प्रभारी।**

> नियम के तहत सभी को अलग-अलग योगदान पत्र देना है। कांके अनगड़ा नामकुम में सामूहिक रूप से योगदान लिया गया है तो वह गलत हुआ है।
> **डॉ विनोद कुमार, सीएस।**

# रातू: सड़क हादसे में मजदूर की मौत

### नयासराय के थे बालेश्वर महतो, मजदूरी करके चलाते थे घर का खर्च

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** सिमलिया रिंग रोड स्थित धौनी फर्म हाउस के समीप सोमवार की शाम करीब 6 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से नगड़ी के नयासराय मुड़मा निवासी कमल महतो के 58 वर्षीय पुत्र बालेश्वर महतो घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से कटहल मोड़ के रिंची हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया। लेकिन उन्होंने रास्ते ही दम तोड़ दिया। दिवंगत महतो पेशे से मजदूर, काठीटांड़ में रंग-पेंट का काम करते थे। 5 बजे घर जाने के दौरान समान दिशा से दलादिली चौक की ओर जा रहे वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया। वह सड़क पर गिर पड़े। सिर और बाएं पैर में गंभीर चोंटे आयी थी। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया जायेगा। मामले को लेकर पुत्र सूरज महतो ने रातू थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### गांव में पसरा मातम



नयासराय में मातमी सन्नाटा है। मृतक परिवार के एक मात्र कमाऊ व्यक्ति थे। परिवार में पत्नी सुशीला देवी समेत दो पुत्री और एक पुत्र है। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। सुशीला बार-बार बेहोश हो रही थी। बालेश्वर महतो की मौत पर ग्रामीणों ने शोक व्यक्त किया है।

### सड़क दुर्घटना में पत्रकार घायल, पैर टूटा

**सिल्ली।** सिल्ली में पत्रकार नंद किशोर साय सोमवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। उनका दायां पैर टूट गया है। उनका सोमवार की शाम सिंगपुर नर्सिंग होम मुरी में पैर का ऑपरेशन किया गया। जानकारी के मुताबिक वे स्कूटी से झाबरी से जाड़ेया जा रहे थे। राढ़ु नदी के समीप सामने से आ रहे एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी।

## मार्च महीने में रहेगी त्योहारों की धूम

### 6 को होलिका दहन, 7 को शब ए बारात


खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** फरवरी 28 के खत्म होते ही हिंदू कलेंडर माह का आगाज हो जायेगा। मार्च महीने में त्योहारों की धूम रहेगी। 6 को होलिका दहन और 7 को शब ए बारात है। 8 को होली का त्योहार मनाया जायेगा। 23 से रमजान की शुरूआत होगी। 24 को प्रकृति पर्व सरहुल महोत्सव और 30 को आस्था एवं शौर्य का त्योहार रामनवमी है। विभिन्न समुदाय के लोगों में अभी से ही उत्सुकता देखी जा रही है। छह की रात होलिका दहन को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। वह लकड़ियां इकट्ठा करने में जुट गये हैं। जबकि शब ए बारात के लिये इस्लाम धर्मावलंबी घरों और मस्जिदों की साफ.सफाई युद्ध स्तर पर कर रहे हैं। इसके अगले दिन रंगों का त्योहार होली है। 23 की रात से पवित्र महीने की शुरूआत होगी। लोग 24 से रोजे में होंगे। 24 को ही प्रकृति पर्व सरहुल महोत्सव मनाया जायेगा।

### आस्था एवं शौर्य का त्योहार है रामनवमी

शांति समिति की बैठक 4 को त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अलर्ट है। सीनियर एसपी किशोर कौशल के निर्देश पर थाना स्तरीय शांति समिति की बैठक 4 मार्च को होगी। थाना परिसर में आयोजित बैठक में होलिका दहन, शब ए बारात और होली के सौहार्दपूर्ण समापन पर चर्चा की जायेगी। इसमें सदस्यों से सुझाव भी लिये जायेंगे। यह जानकारी थानेदार सपन महथा ने दी।


## ओरमांझी के उलातू मुंडा पतरा से जंगल से जला नरकंकाल बरामद



**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के उलातु मुंडा पतरा जंगल से जला हुआ एक नरकंकाल बरामद हुआ है। बताया गया कि वन विभाग द्वारा जंगल में पौधरोपण करने के लिए कर्मियों द्वारा सर्वे किया जा रहा था। तभी जंगल में नरकंकाल नजर आया। जानकारी मिलते ही आसपास के काफी संख्या में ग्रामीण नरकंकाल को देखने पहुंचे थे। पुरी तरहे जला नरकंकाल के दाहिने हाथ में धागा बंधा था। वहीं उसके पैर के नाखुन बड़े थे। नरकंकाल युवक या युवती का है, पता नही चल सका था। आशंका जताई जा रही है कि घटना लगभग तीन दिन पूर्व की है। हत्या कर साक्ष्य छुपाने के नियत से जलाए जाने की संभावना है। सूचना मिलने के बाद पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा पंचनामा कर कंकाल को कब्जे में कर पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया गया। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में किसी की गुमसुदगी की सूचना नही है। मामले की छानबिन की जा रही है। पोस्टर्माटम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ पता चल पाएगा।

## आइएचएम ने छात्रों के होटल मैनेजमेंट की डिग्री के लिए जेएनयू से किया समझौता

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं कैटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद, पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार का एक स्वायत उपक्रम के अंतर्गत पढ़ाये जा रहे होटल मैनेजमेंट में विभिन्न प्रकार के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में डिग्री प्रदान करने हेतु जवाहर लाल नेहरू विश्विद्यालय एवं नेशनल कौंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से एनसीएचएमसीटी के सारे स्नातक एवं स्नातकोत्तर कोर्सेस में छात्रों को एनसीएचएम द्वारा जेएनयू से मान्यता प्राप्त डिग्री प्रदान की जाएगीए जो छात्रों को देश-विदेश में बेहतर शिक्षा के साथ साथ छात्रों को छात्रवृति एवं शिक्षा ऋण में सहूलियत देगा। यह समझौता शैक्षणिक सत्र 2023-24 से लागू होगा तथा जो छात्र इस वर्ष स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में नामांकन लेंगे उनको जेएनयू से मान्यता प्राप्त डिग्री प्राप्त होगी। इस कोर्स में नामांकन के लिए एनसीएचएम 2023 का नोटिफिकेशन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा अधिसूचित किया जा चूका है। आईएचएम रांची प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने इस समझौता ज्ञापन की प्रशंसा करते हुए बताया की यह बड़े ही गर्व का पल है की अब झारखण्ड के छात्रों को जेएनयू से डिग्री के लिए राज्य से बहार नहीं जाना पड़ेगाए अब उनको राँची में हीं बेहतर भविष्य अवसर मिलेगा तथा रोजगार प्राप्त होगा।

## विस्थापित प्रभावित एकता मंच का केडीएच खदान पर प्रदर्शन

**खलारी।** सोमवार को विस्थापित प्रभावित एकता मंच विश्रामपुर का एनके एरिया के केडीएच खदान में सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ अपनी मांगों को ले लेकर धरना प्रदर्शन का 97वां दिन है । अभी तक 7 सूत्री मांग पत्र जो सीसीएल प्रबंध को दिया गया है उसका निदान नहीं हो पाया । सीसीएल के कान में जूं नहीं रेंग रहा है। यह सीसीएल का ठग नीति को दर्शा रहा है। एक बार फिर सीसीएल प्रबंधक इस धरने को कुचलने के लिए और बिना विस्थापित किए रविवार को जबरन ब्लास्टिंग करने की कोशिश की गई। जिसके चलते आंदोलनकारी और ग्रामीण महिलाएं और उग्र हो गई।

## बीआरपी- सीआरपी संघ झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल परियोजना निदेशक से मिला

खबर मन्त्र संवाददाता



**लापुंग।** बीआरपी सीआरपी एवं एसएस संघ झारखंड प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद के नेतृत्व में सोमवार को झारखंड शिक्षा परियोजना की निदेशक ;एसपीडीद्ध किरण कुमार पासी से मिला और होली के पूर्व दो महीने के मानदेय का भुगतान करने की मांग की। बीआरपी सीआरपी एवं एस एस संघ झारखंड प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने परियोजना निदेशक से कहा कि बीआरपी सीआरपी हेतु सेवा शर्त नियमावली के लिए गठित विभागीय समिति की अनुशंसा के बाद भी बीआरपी सीआरपी का मानदेय में वृद्धि नहीं की गई। जबकि कमिटी की अनुशंसा कई महीने पहले ही की जा चुकी है। मानदेय के नहीं बढ़ने से सीआरपी बीआरपी में काफी निराशा एवं हताशा व्याप्त हो गया है। इससे सीआरपी बीआरपी का मनोबल टूटा है। परियोजना निदेशक से सीआरपी बीआरपी संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पारा शिक्षकों का सेवा शर्त नियमावली वर्ष 2022 से ही लागू करते हुए उनका मानदेय 22500 कर दिया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय तथा मॉडल विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का भी मानदेय बढ़ा कर 27000 कर दिया गया।

# धर्म के प्रति जागरूक करता है यज्ञ: योगेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिल्ली।** कोटशिला थाना अंतर्गत पाडरा गांव में चार दिनों से चल रहे श्री श्री 108 कुंज में श्री कृष्ण व राधा रानी की प्रतिमा का दर्शन करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है। 108 कुंज में 24 घंटा अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। जहां प्रत्येक यज्ञ स्थल पर पुजारियों के द्वारा पूजा अर्चना किया जा रहा है। प्रातः से ही आसपास एवं दूरदराज के श्रद्धालुओं का यज्ञ स्थल पर हवन करने एवं कृष्ण राधा का 108 बार परिक्रमा करने के लिए कतार बद्ध होकर परिक्रमा किया जा रहा है। यज्ञ स्थल पर कीर्तन में हिस्सा लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है । वही यज्ञ में जनसंघ के सचिव राज मिश्रा पूरे परिवार के साथ पहुंचे और पूजा अर्चना किये । इस मौके पर उन्होंने कहा कि राधा कृष्ण की भव्य रुप से मंदिर बनाकर प्रतिमा का स्थापना किया जाएगा एवं गुरुकुल का स्थापना कर बच्चों को संस्कृत का शिक्षा दिया जाएगा। वहीं जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि इस सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में 108 यज्ञ का शुरूआत करना यह समाज के प्रति धर्म के प्रति लोगों में जगाने का काम किया जा रहा है। बहुत जल्द इस यज्ञ स्थल पर गरीब असहाय लड़कियों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिससे आने वाली पीढ़ी के बीच में यह संदेश जाए कि बेटी घर की लक्ष्मी होती है ना की बोझ। राज मिश्रा के द्वारा कमेटी के सक्रिय सदस्यों के बीच वस्त्र का भी वितरण किया गया।

### हवन के साथ चार को होगा यज्ञ का समापन

22 फरवरी से शुरू होकर 4 मार्च तक भक्तों के बीच प्रसाद वितरण के साथ समापन हो जाएगा। वही गोरांग हरिनाम महायज्ञ का हवन कुंड पुरोहित अयोध्या महाराज दंडी बाबा ,बुली महाराज ,रामदास महाराज आदि महाराजो के द्वारा महायज्ञ परिचालन कर शुरूआत किया गया एव भक्तगण भगवान कृष्ण और राधा रानी की अलग-अलग रूपों का दर्शन किया। आयोजन को सफल बनाने में संस्था के प्रकाश चंद्र महतो, काशीनाथ महतो, सीताराम महतो, तीरथ नाथ महतो, रिंकू महतो समेत कई ग्रामीणों का योगदान रहा।

एक नजर में

## महावीर मंदिर की प्रतिमा का प्राणप्रतिष्ठा शुरू



**इटकी।** रानीखटंगा गांव के महावीर मंदिर में स्थापित प्रतिमाओं का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह सोमवार को शुरू हुआ। मौके पर कलशयात्रा निकाली गयी। मंदिर परिसर से निकली कलश यात्रा पंडरा नदी पहुंची श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरकर वापस मंदिर पहुंच कर जलाभिषेक किया। मौके पर पूजा अर्चना सहित अन्य अनुष्ठान किये गये। कार्यक्रम का समापन एक मार्च को होगा। कार्यक्रम में आचार्य सुरेंद्र पाठक, देवेंद्र पाठक व पुरुषोत्तम भारद्वाज, पंडित हर्षवर्धन पांडे के अलावा दीपक सिंह, रमेश ठाकुर, वकील गोप, बरन ठाकुर व अशोक ठाकुर सहित श्रद्धालु शामिल थे।

## लुंडरी की टीम ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट

**चान्हो।** प्रखंड के लुंडरी मैदान में आयोजित एसएसपी कप फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब लुंडरी की टीम ने जीत लिया है। सोमवार को इस मैदान में खेले गए फाइनल मुकाबले में लुंडरी ने तरंगा को पेनाल्टी शूटआउट में पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। विधायक शिल्पी नेहा तिर्कीए पूर्व विधायक बंधु तिर्कीए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम और खेलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी ने विजेता टीम को शील्ड देकर पुरस्कृत किया। मौके पर चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमारए मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादवए मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह, समाजसेवी अजीत कुमार सिंह, सनी लकड़ा, ऐनुल अंसारी, मो ग्यासए पूर्व प्रमुख जुल्फान अंसारी, महादेव उरांव, अमीन अंसारी मौजूद थे।

## नगड़ी में जलसा ए दस्तारबंदी का आयोजन

**पिस्कानगड़ी।** मदरसा इस्लामिया काशीमूल उलूम नगड़ी देवरी के तत्वावधान में एक मार्च को तीसरा अजीमुशान जलसा ए दस्तारबंदी व इसलाहे मुआशरा कांफ्रेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें हिंदुस्तान के चोटी के ओलेमा शामिल होंगे। जिसमें नमूना असलाफ मौलाना फरीद उद्दीन सैखुल हदीस दारुल उलूम देवबंद यूपी, मौलाना कौशर नदवी शामिल हैं।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल लातेहार

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा संवेदक मेसर्स माँ गायत्री बिल्डकॉन प्राईवेट लिमिटेड, एम.आई.जी.-डी./110 हरमू हाउसिंग कॉलोनी, अरगोड़ा, राँची, झारखण्ड को प्रेस विज्ञप्ति PR No.- 290534(Road) 22-23(D) द्वारा इस प्रमंडल अन्तर्गत "लातेहार-सरयु-कोटाम (गारू) पथ (एम.डी.आर.-249) के 3रे कि0मी0 में औरंगा नदी पर उच्चस्तरीय सेतु निर्माण (पहूँच पथ सहित) कार्य" एकरारनामा संख्या 10SBD/2016-17 Dated 12-11-2016 दिनांक 12.11.2016, का एकरारनामा विखण्डित किया गया था।

इस संबंध में सूचित करना है कि अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड रांची की अध्यक्षता में गठित समिति का पत्रांक 961(एस) दिनांक 24.02.2023 द्वारा सम्यक विचारोपरान्त कार्यहित में उक्त कार्य को माह जून-2023 तक पूर्ण करने हेतु अनुमति देने का निर्णय लिया गया है।

कार्यपालक अभियन्ता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, लातेहार

PR 291331 Road Construction Dept Road Division Ranchi(22-23)#D

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक 426 दिनांक 25/02/23

इच्छा की अभिवृति (EOI) सूचना संख्या 06/2022-23

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत खराब चापाकल की मरम्मति कराने की आवश्यकता है। चापाकल मरम्मति हेतु इच्छा की अभिवृति (EOI) आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संवेदक/एजेन्सी मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में प्रति चापाकल की मरम्मति हेतु कोटेशन दिनांक 10.03.2023 को 1:00 बजे अपराह्न तक जमा कर सकते है। कोटेशन आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 50,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से देय होगा। कोटेशन शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। कोटेशन उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे नगर निगम कार्यालय में e-procurement समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। कोटेशन संबंधित नियम एवं शर्तें निगम सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है।

ह0/-
नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 291318 District (22-23)_D

कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला
एस.एस. +2 उच्च विद्यालय, गुमला परिसर, गुमला पिन : 835207
Email ID :- rmsagumla@gmail.com

आवश्यक सूचना

जिले के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत् शिक्षकों का विभाग द्वारा निर्मित *Techer Transfer Portal* में विद्यालयवार विवरण प्रकाशित करने के संबंध में आवश्यक सूचना :-

विभागीय संकल्प संख्या/ज्ञापांक 2093 दिनांक 06.08.2019 यथा संशोधित ज्ञापांक 1556 दिनांक 08.06.2022 के आलोक में कार्रवाई से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया के अन्तर्गत जिले के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का विभाग द्वारा निर्मित *Teacher Transfer Portal* के वेबसाईट *teachertransfer.jharkhand.gov.in* में विद्यालयवार विवरण प्रकाशित किया गया है तथा संबंधित शिक्षकों से प्रकाशित विज्ञापन के संबंध में दावा/आपत्ति की मांग की जाती है। सभी संबंधित शिक्षक उपरोक्त वेबसाईट से डाटा को डाउनलोड करके अपने विवरण का मिलान करते हुए किसी प्रकार की त्रुटि रहने की स्थिति में अपना दावा/आपत्ति साक्ष्य सहित दिनांक 03.03.2023 तक विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये *Email ID*-teachertransfergumla@gmail.com में भेज सकते हैं।

निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सभी संबंधित विद्यालय के प्र.अ./प्र.प्र.अ. प्रकाशित सूची में से विद्यालय की सूची को अलग कर पदस्थापित शिक्षकों के अवलोकन हेतु उपलब्ध रखेंगे तथा संबंधित सूची की जांच अपने स्तर से करेंगे। यदि कोई त्रुटि/विसंगति हो या किसी शिक्षक/शिक्षिका का नाम छूट गया हो तो दिये गये *Email ID*-teachertransfergumla@gmail.com के माध्यम से ऑनलाईन निर्धारित अवधि के अन्दर अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे।

त्रुटि सुधार के संबंध में निम्नलिखित प्रपत्र में आवेदन *Email ID*-teachertransfergumla @gmail.com के माध्यम से दिया जा सकेगा।

| आपत्तिकर्त्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | यूडायस कोड | मोबाईल नम्बर | प्रकाशित सूची में क्र.सं. | जिस कॉलम में त्रुटि है, उसका कॉलम संख्या | त्रुटि का विवरण | सुधार का साक्ष्य सहित विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | | | | | | |

आपत्तिकर्त्ता का हस्ताक्षर

विद्यालय के प्र.प्र.अ. का हस्ताक्षर
जिला शिक्षा पदाधिकारी गुमला।

PR 291354 Jharkhand Education Project Council(22-23)D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल,गिरिडीह

प्रपत्र संख्या-01

पुर्न अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-08/F2/2022-23/GRD/M.I.Division,Giridih दिनांक-27.02.2023

प्रमण्डल का नामः- लघु सिंचाई प्रमण्डल, गिरिडीह
विज्ञापनदाता का नाम एवं पताः- कार्यपालक अभियन्ता लघु सिंचाई प्रमण्डल,गिरिडीह

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | वेबसाइट में ई-निविदा प्रकाशन की तिथि | ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता | ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का संपर्क नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन (Rurban) योजनान्तर्गत पाण्डेयडीह पंचायत के विभिन्न स्थानों पर दो अदद् उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण (Group - 3) | गिरिडीह | 18,60,000.00 | 37,500.00 | 5,000.00 | 28.02.2023 | 06.03.2023 | 10.03.2023 | 45 दिन | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गिरिडीह | 7004373197 10:00 AM TO 05:00 PM |
| 2 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन (Rurban) योजनान्तर्गत परसाटांड एवं मगरोडीह पंचायत के विभिन्न स्थानों पर दो अदद् उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण (Group - 4) | गिरिडीह | 18,60,000.00 | 37,500.00 | 5,000.00 | 28.02.2023 | 06.03.2023 | 10.03.2023 | 45 दिन | | |
| 3 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन (Rurban) योजनान्तर्गत परसाटांड एवं मगरोडीह पंचायत के विभिन्न स्थानों पर दो अदद् उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण (Group - 5) | गिरिडीह | 18,60,000.00 | 37,500.00 | 5,000.00 | 28.02.2023 | 06.03.2023 | 10.03.2023 | 45 दिन | | |

नोटः- 1. केवल ई-निविदा स्वीकार किया जायेगा। 2. प्राक्कलित राशि घट/बढ सकती है। 3. सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन परिपत्र, अधिसूचना निविदा में लागू रहेंगे। 4. परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि आदि कागजात प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की तिथि 28.02.2023 के अपराह्न 14.00 बजे से 09.03.2023 के अपराह्न 05.00 बजे तक। 5. विस्तृत जानकारी के लिए वेवसाई https:WWW.Jharkhandtenders.gov.in पर लॉगईन किया जा सकता है।

ह0-/ कार्यपालक अभियन्ता
लघु सिंचाई प्रमण्डल,गिरिडीह

PR291381 (Water Resource)22-23*D

# भारत-जर्मन संबंध

**पी**एम नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने शनिवार को स्वच्छ ऊर्जा, कारोबार, रक्षा और नयी प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को नयी दिशा दी। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष का समाधान संवाद और कूटनीति से निकालने की जरूरत बताते हुए कहा कि भारत किसी भी शांति प्रक्रिया में योगदान देने के लिए तैयार है। बैठक में दोनों पक्षों के बीच, रूस-यूक्रेन संघर्ष, डिजिटल परिवर्तन,फिनटेक, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और आपूर्ति श्रृंखला के विविधिकरण, स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्रों में विचारों का आदान-प्रदान हुआ। शोल्ज ने कहा कि हम इस बात से सहमत हैं कि इन समस्याओं का समाधान संयुक्त प्रयासों से ही संभव है और जी 20 की अध्यक्षता करने के दौरान भी भारत इस दिशा में प्रयास कर रहा है। जर्मनी के चांसलर ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि एशिया, अफ्रीका, अमेरिका के देशों पर आक्रामक युद्ध का नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़े। उन्होंने कहा, यूक्रेन में युद्ध के कारण भारी नुकसान हुआ, बुनियादी ढांचे और ऊर्जा ग्रिड नष्ट हो गए। आप हिंसा के माध्यम से (देशों की) सीमाओं को नहीं बदल सकते। इस शीर्ष पद पर एंजेला मर्केल के 16 साल के ऐतिहासिक कार्यकाल के बाद दिसंबर, 2021 में जर्मनी का चांसलर बनने के बाद शोल्ज की यह पहली भारत यात्रा है। उम्मीद है कि अच्छे समझौते, बड़े महत्वपूर्ण समझौते से दोनों देश और नजदीक होंगे। डिजिटल परिवर्तन,फिनटेक, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और आपूर्ति श्रृंखला के विविधिकरण जैसे विषयों पर दोनों देशों के प्रमुख उद्योगपतियों के उपयोगी विचार और सुझाव भी मिले। जी4 समूह का आशय भारत, जापान, जर्मनी और ब्राजील से है, जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार की जरूरत पर जोर देते रहे हैं।

# आत्महत्या क्यों?

**दे**श के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने छात्रों द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या किए जाने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आखिर संस्थानों से कहां गलती हुई है कि विद्यार्थी खुद की जान लेने के लिए मजबूर हो गये हैं। मुंबई स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-बॉम्बे) में पिछले दिनों एक छात्र की कथित आत्महत्या के संदर्भ में उन्होंने कहा कि मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति वह संवेदना व्यक्त करते हैं। वह इस बात से चकित हैं कि संस्थानों ने कहां गलती की है जिसके चलते छात्र अपनी जान लेने को मजबूर हैं। हाल ही में आईआईटी बॉम्बे में एक दलित छात्र की कथित आत्महत्या की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग के लोगों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटनाएं आम होती जा रही हैं। प्रधान न्यायाधीश ने यहां द नेशनल एकेडमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च' में आयोजित दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक परिवर्तन के लिए अदालतों के अंदर और बाहर समाज से संवाद स्थापित करने में न्यायाधीशों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हमारे संस्थानों ने कहां गलती की है, जिसके चलते छात्रों को अपना बहुमूल्य जीवन खत्म करने को मजबूर होना पड़ रहा है। गुजरात के रहने वाले प्रथम वर्ष के छात्र दर्शन सोलंकी ने कथित तौर पर 12 फरवरी को आईआईटी बॉम्बे में आत्महत्या कर ली थी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ये कुछ उदाहरण हैं, जिनसे पता चलता है कि पिछड़े समुदायों में आत्महत्या की घटनाएं आम हो रही हैं। ये संख्याएं सिर्फ आंकड़े नहीं हैं। ये कभी-कभी सदियों के संघर्ष की कहानियां बयां करती हैं। मेरा मानना है कि अगर हम इस समस्या का समाधान करना चाहते हैं तो पहला कदम समस्या को स्वीकार करना और पहचानना है।

# अब जलवायु में परिवर्तन दिखने लगा है





– मनोज शर्मा

> इस बात पर भी कोई सहमति नहीं है कि जवाबदेही शब्द को अभियोज्यता के रूप में समझा जाए या कर्तव्य के रूप में। चूंकि जलवायु परिवर्तन के जोखिम ग्रीनहाउस गैसों के समग्र उत्सर्जन पर केंद्रित हैं इसलिए अहम मसला जिसे कभी हल नहींकिया गया है वह यह है कि आखिर अतीत के उत्सर्जन के लिए पश्चिमी देशों को किस हद तक जवाबदेह माना जाए।

**न**दी के किनारे स्थित किसी गांव के बारे में सोचिए जिसे अधिकारियों ने बताया हो कि वहां कुछ दिनों में बाढ़ आ सकती है। आप गांववासियों से क्या कदम उठाने की आशा करेंगे? किसी भी पारंपरिक समाज में लोग साथ मिलकर अपने बचाव की कोशिश करेंगे और ज्यादा संकटग्रस्त लोगों को बचाएंगे। उच्चाधिकारी भी हो सकते हैं जो चेतावनी दें और प्रासंगिक होने पर उन लोगों की पहचान करें जिनके कारण यह खतरा उत्पन्न हुआ। जरूरत पड? पर बाढ़ के प्रबंधन में उनकी सहायता लें।

क्या जलवायु परिवर्तन को लेकर ऐसी वैश्विक प्रतिक्रिया हो रही है? करीब 30 वर्ष पहले 200 या उससे अधिक देशों ने मिलकर ऐसे वैश्विक गांव की स्थापना की थी और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए दो प्रणालियां विकसित की थीं-जलवायु परिवर्तन से जुड़े तथ्यों और पूवार्नुमानों को लेकर सहमति बनाने के लिए एक वैज्ञानिक संस्था यानी जलवायु परिवर्तन पर अंतरसरकारी पैनल (आईपीसीसी) तथा विभिन्न देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए क्या करना चाहिए इसके लिए यूएन फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) की स्थापना की गई।

इनमें से पहले की बात करें तो कह सकते हैं कि आईपीसीसी ने अब तक पांच आकलन पेश किए हैं। छठे आकलन के जो शुरूआती संकेत हैं उन्होंने तथ्यों और पूवार्नुमानों पर वैज्ञानिक सहमति को मजबूत किया है। तापमान के पूवार्नुमानों की विश्वसनीयता पर संदेह तथा जलवायु पर मानव विकास के प्रभाव अब बहुत सीमित हैं। ये अब प्रायः उन लोगों तक सीमित हैं जिनके वाणिज्यिक हित जीवाश्म ईंधन से जुड़े हुए हैं। आईपीसीसी की रिपोर्ट तथा तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के कारण बढ़ते विपरीत प्रभावों ने निश्चित रूप से वैज्ञानिक दायरे में जागरूकता बढ़ाई है लेकिन इसने उन लोगों में भी चेतना बढ़ी है जिनके वाणिज्यिक हित जलवायु परिवर्तन के जोखिम को कम करने के लिए उठाए गए कदमों से प्रभावित हो रहे हैं।

क्या इस बढ़ती जागरूकता और तथ्यों तथा पूवार्नुमानों को लेकर बढ़ती सहमति के कारण ऐसी आपात भावना पैदा हुई है जो इतनी मजबूत है कि आपातकालीन कदमों की प्रेरणा बन सके? कई बार जलवायु परिवर्तन संबंधी बैठकों के बाद अल्प समय के लिए ऐसा लगता है। लेकिन हकीकत यह है कि तापमान में बढ़ोतरी के घातक परिणाम भविष्य में बहुत बाद में घटित होने वाले हैं और यही वजह है कि वे सही मायनों में न तो लोकतांत्रिक देशों और न ही तानाशाही वाले देशों में निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित कर पा रहे हैं। तत्काल कदम उठाने की भावना की अनुपस्थिति को इस बात में महसूस किया जा सकता है कि विशुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य दशकों पहले तय कर लिए गए हैं लेकिन उस दिशा में अब तक के कदम संतोषजनक नहीं हैं। संयुक्त जवाबदेही की बात करें तो वह साझा किंतु अलग-अलग जवाबदेही की प्रतिबद्धता में नजर आता है जो जलवायु संधि में निहित है। दिक्कत यह है कि जलवायु न्याय का सिद्धांत जिसके जरिये इसे संचालित होना था, उसका कभी उल्लेख नहीं किया गया। इस बात पर भी कोई सहमति नहीं है कि जवाबदेही शब्द को अभियोज्यता के रूप में समझा जाए या कर्तव्य के रूप में। चूंकि जलवायु परिवर्तन के जोखिम ग्रीनहाउस गैसों के समग्र उत्सर्जन पर केंद्रित हैं इसलिए अहम मसला जिसे कभी हल नहींकिया गया है वह यह है कि आखिर अतीत के उत्सर्जन के लिए पश्चिमी देशों को किस हद तक जवाबदेह माना जाए। क्षमता के आधार पर अंतर अब अमीर देशों में भी व्यापक रूप से स्वीकार्य है। जब तक इस मसले को हल नहीं किया जाता है तब तक विभिन्न देश अपनी प्रतिबद्धता से पीछे हटते रहेंगे। चौथा तत्त्व जो वैश्विक जलवायु प्रतिक्रिया प्रक्रिया से पूरी तरह नदारद है, वह है कि जवाबदेही और क्षमता के आधार पर अलग-अलग कदमों का प्रवर्तन करने की क्षमता। हमें ग्रीनहाउस गैसों के ऐतिहासिक उत्सर्जन के लिए अधिक जवाबदेह देशों की ओर से जवाबदेही की स्वैच्छिक स्वीकार्यता पर ही निर्भर रहना पड़ता है। इसमें शामिल लागत के लिहाज से देखें तो यह राजनीतिक दृष्टि से बहुत उपयुक्त नहीं है और अगर कुछ पश्चिमी राजनेता इसके लिए प्रयास करते हैं तो इससे ट्रंप जैसे नेताओं का उभार होता है जो वैश्विक जलवायु प्रतिबद्धताओं को लेकर और अधिक दुराग्रही हैं।

जलवायु न्याय पर सहमत के अभाव तथा देश की सीमाओं से परे एक प्राधिकार की अनुपस्थिति के कारण बातचीत की प्रक्रिया संकीर्ण राष्ट्रीय हितों से संचालित होती है। नतीजा यह कि वार्ता के निष्कर्ष इस बात से आकार लेते हैं कि मौजूदा और भविष्य के उत्सर्जन को देखते हुए किसी देश की भागीदारी कितनी महत्त्वपूर्ण है।

अतीत अब इतिहास हो चुका है और इस प्रक्रिया में उसकी पूरी तरह अनदेखी कर दी गई। इससे जलवायु वाताओं में तीन हिस्सों का शक्तिसंबंधी ढांचा निर्मित हो गया। पहले हिस्से में दो बड़े उत्सर्जक चीन और अमेरिका शामिल हैं जिनकी भागीदारी प्रभावी समझौते की पूर्व शर्त है। अमेरिका और चीन ने 2015 में पेरिस वार्ता और 2021 में ग्लासगो वार्ता के समय आपस में अलग से समझौता किया है जो स्पष्ट करता है कि इनका एक अलग पहलू है। दूसरे हिस्से में 18-20 देश हैं जिनमें से प्रत्येक वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में एक फीसदी या अधिक के लिए उत्तरदायी है। यह मात्रा काफी अधिक है लेकिन व्यक्तिगत रूप से इनके पास वह वीटो अधिकार नहीं है जो अमेरिका और चीन के पास है। तीसरे हिस्से में करीब 180 देश हैं जो बड़े देशों द्वारा तय बातें मानने को विवश हैं।

धरती की जलवायु सभी जीवों के लिए समान है इसलिए इसके संकट से निपटना भी हमारी साझा जवाबदेही है। साझा जवाबदेही की भावना तब तक नहीं आ सकती है जब तक कि इस बात पर सहमति न हो कि जलवायु न्याय के सिद्धांत क्या होंगे और हर देश का व्यक्तिगत कर्तव्य क्या होगा। इसके अभाव में हमें छोटे मोटे सुधार ही देखने को मिल सकते हैं।

## खास बात

### पढ़ी जाएंगी किताबें?

**आर.के. सिन्हा**

**इस** डिजिटल दौर में किताबों से पाठकों की दूरियां निश्चित रूप से बढ़ी है। बहुत बड़ी संख्या में पाठक अपने मोबाइल पर ही अपनी दिलचस्पी की सामग्री पढ़कर संतुष्ट हो जाते हैं। वे किताबें खरीदने की जरूरत ही नहीं महसूस करते। बेशक, किताबों को फिर से प्रासंगिक तो बनाना ही होगा। वह कितना अज्ञानी समाज होता है जहां पर किताबों के महत्व को सही ढंग से नहीं समझा जाता। आमतौर पर हमारे यहां कहानी, कविता, उपन्यास, जीवनी से जुड़ी किताबें बहुतायत में छपती हैं। हिन्दी पट्टी के प्रकाशकों को लेकर यह बात सौ फीसद यकीन के साथ कही जा सकती है। इस स्थिति से निकलने की जरूरत है। अब मैनेजमेंट और कारपोरेट दुनिया की भी किताबें आने लगी हैं। पर विज्ञान,आर्किटेक्चर, मूर्तिकला संगीत, नाटक जैसे विषयों की किताबों का नितांत अभाव ही मिलता है। आप किसी भी किताबों की दुकान का चक्कर लगा लीजिए। आपको आर्किटेक्चर की एक किताब नहीं मिलेगी।

हिंदी और अन्य भाषाओं में भी बेहद खराब स्थिति है। राम सुतार के बारे में हिंदी में कितनी किताबें हैं? राम सुतार गुजरे सात-साढ़े सात दशकों से मूर्तियां बना रहे हैं। उन्होंने ही सरदार पटेल की चर्चित प्रतिमा ह्रस्टेच्यू आफ यूनिटीह्न भी तैयार की। राम सुतार की तराशी प्रतिमाओं में गति व भाव का शानदार समन्वय रहता है। पर उन पर आपको कोई किताब नहीं मिलेगी। राम सुतार निस्संदेह आधुनिक भारतीय मूर्ति कला के सबसे महत्वपूर्ण हस्ताक्षरों में से एक माने जाएंगे। अब महान मूर्तिकार देवी प्रसाद राय चौधरी की भी बात हो जाए । उनकी अतुलनीय कृति है राजधानी में लगी 'ग्यारह मूर्ति'। यह राष्ट्रपति भवन के ठीक बगल में है। कौन सा बिहारी होगा जिसने पटना में आने पर शहीद स्मारक को नहीं देखा होगा। इसे भी चौधरी ने ही बनाया था। शहीद स्मारक सात शहीदों की एक जीवन-आकार की मूर्ति है जो पटना में बिहार विधान सभा भवन के बाहर स्थित है। इन युवाओं ने भारत छोड़ो आन्दोलन (अगस्त 1942) में जीवन का बलिदान दिया था और उस भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया था।

# प्रकाश की ओर

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सीता** जी ने कहा मुझे जीवन में कुछ नहीं चाहिए। मगर थोड़ा भी आपका काम कर सकूं तो मेरा जीवन धन्य है। यही मैं सोचती हूं। ठीक वही हुआ जो मुनि अगस्त्य ने बताया था। इन लोगों की शिविर लगने के बाद शूर्पणखा सुंदर स्त्री का वेश बनाकर एक दिन आ गयी। आते ही राम के पास जाकर उसने कहा आपकी सुंदरता देखकर लगता है कि प्रकृति ने आपका किस प्रकार निमार्ण किया और मेरा भी निमार्ण प्रकृति ने आपके लिये किया है। आपकी तरह पुरुष है न मेरी तरह स्त्री। अतः आप मेरा वरण करें। मैं आपको पति स्वीकार करना चाहती हूं। रामजी ने कहा कि मेरी शादी हो चुकी हैमेरी पत्नी हैं। वह मेरा भाई है और वहां चले जाओ। जब शूर्पणखा वहां गयी तो लक्ष्मण जी ने कहा कि तुम राम के पास ही जाओ। वे मालिक हैं तो एक नहीं दो चार पत्नियां रख सकते हैं। मैं तो दास हूं मुझे पत्नी रखने का हक कहा है। मैं तो सेवा में आया हूं इसलिये वहीं जाओ वे रख सकते हैं। बार-बार जब उसने यही आग्रह किया तो लक्ष्मण जी ने उसके नाक-कान काट लिये। वह नाक-कान से रहित होकर भयंकर रूप से धारण कर भागी और खर-दूषण को जाकर कही कि अयोध्या के दो राजकुमार आये हैं उनके साथ एक स्त्री है उन्होंने ही मुझे इस प्रकार कुरुप बना दिया है। सुनते ही खर-भूषणक्रोध में आकर पूरी सेना लेकर चल दिया। रास्ते में धूल गर्दा उड़ते देखकर राम ने कहा लक्ष्मण निशाचरों की सेना आ रही है, आप गुफा में सीता को ले जाए।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम )

**ये** जो बिखरे हैं
शॉल बनके
हर शाने-शाने,
इन्हीं धागों ने बुने हैं मेरे ताने-बाने!

**– कुमार विश्वास, कवि**

## रोचक ट्वीट

**मैं** समाजवादी पार्टी से कहना चाहता हूं कि...
क्या आप पवित्र ग्रंथ को जलाकर देश और दुनिया में रहने वाले 100 करोड़ हिंदुओं को अपमानित करने का काम नहीं कर रहे हैं?

**– योगी आदित्यनाथ**






**जीत** उनकी भी है
जो लौट के घर ना आए।
हार उनकी ही है
जो अन्नदाताओं की जान बचा ना पाए।

**–राहुल गांधी**

# जीएसटी में टैक्स आय योग्य आधार पर ही लगाया जाता है



**अजयदीप बाधवा**

किसी भी कर प्रणाली में कर किसी घटना के बाद लगाया जाता है, जैसे आय होने पर ही आय कर लगता है।

जीएसटी प्रणाली में, एक कर योग्य घटना को आपूर्ति कहा जाता है। जीएसटी तभी लगेगा जब आपूर्ति होगी। आपूर्ति के रूप में माना जाने के लिए इसमें निम्नलिखित विशेषताएं होनी चाहिए।

- आपूर्ति माल या सेवाओं की होनी चाहिए।
- आपूर्ति कर योग्य होनी चाहिए।
- आपूर्ति एक कर योग्य व्यक्ति द्वारा की जानी चाहिए।
- आपूर्ति एक कर योग्य क्षेत्र के भीतर की जानी चाहिए।
- आपूर्ति नकद या इनाम (प्रतिफल) के बदले में की जानी चाहिए।
- आपूर्ति व्यवसाय के क्रम में या व्यवसाय को बढ़ाने के हित में की जानी चाहिए।

**1. माल या सेवाओं की आपूर्ति**

जब कोई लेन-देन होता है, यदि माल के शीर्षक का हस्तांतरण होता है, तो इसे माल की आपूर्ति माना जाता है। उदाहरण के लिए, जब आप किसी रिटेलर से पेन खरीदते हैं, तो पेन का स्वामित्व रिटेलर से आप, ग्राहक को स्थानांतरित कर दिया जाता है।

**2. जब स्वामित्व के हस्तांतरण के बिना माल** में अधिकार का हस्तांतरण होता है, तो इसे सेवा की आपूर्ति माना जाता है। उदाहरण के लिए, यदि आप

## आर्थिक

परिवहन सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं, तो सेवा का उपयोग करने का अधिकार आपको स्थानांतरित कर दिया जाता है, जबकि स्वामित्व अभी भी परिवहन कंपनी के पास रहता है।

**3.आपूर्ति कर योग्य होनी चाहिए**

वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति या तो कर योग्य या कर मुक्त हो सकती है। कर योग्य आपूर्ति ऐसी वस्तुएं और सेवाएं हैं जिन पर जीएसटी लगता है। कर-मुक्त आपूर्ति में उन वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति शामिल है जो जीएसटी अधिनियम में विशेष रूप से उल्लिखित हैं।

**4. आपूर्ति एक कर योग्य व्यक्ति द्वारा** की जानी चाहिए।

एक कर योग्य व्यक्ति को ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया जाता है जो जीएसटी के तहत पंजीकृत है, या पंजीकरण के लिए उत्तरदायी है, या एक व्यक्ति जिसने स्वेच्छा से पंजीकरण कराया है। दो गैर-कर योग्य लोगों के बीच आपूर्ति को जीएसटी के तहत आपूर्ति नहीं माना जाएगा।

यदि कोई व्यक्ति विभिन्न राज्यों में वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति करता है या उसके पास कई व्यावसायिक वर्टिकल हैं, तो उन्हें प्रत्येक राज्य या वर्टिकल के लिए अलग से पंजीकरण कराना होगा। इनमें से प्रत्येक पंजीकृत संस्था को एक कर योग्य व्यक्ति माना जाएगा।

**5.आपूर्ति एक कर योग्य क्षेत्र के भीतर की जानी चाहिए**

कर योग्य क्षेत्र का अर्थ भारत में कोई भी स्थान है।


**6. आपूर्ति प्रतिफल के बदले में की जानी चाहिए**

प्रतिफल को वस्तुओं या सेवाओं के वस्तु विनिमय के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, या आपूर्ति के लिए पैसे या वस्तु के रूप में किया गया भुगतान। आपूर्ति के लिए पूर्व भुगतान या जमा राशि भी सरकार द्वारा प्रतिफल के रूप में स्वीकार की जाती है। हालांकि सीजीएसटी अधिनियम के अनुसार, निम्नलिखित गतिविधियों को आपूर्ति के रूप में माना जाएगा भले ही वह बिना प्रतिफल के लिए की गई हो।

(लेखक वित, निवेश एवम कर सलाहकार, रांची हैं।)

## कॉर्टून वर्ल्ड

लोकतांत्रिक मूल्य और हिंसा का क्रम...




साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडिटर

### भ्रम की स्थिति

**आखिर** क्या वजह है कि कृषि जगत में सुधार के दावे के साथ जारी अध्यादेशों के विरोध में देश भर के किसान सड़क पर उतर आए और इसे वापस लेने की मांग कर रहे हैं! राष्ट्रीय किसान महासंघ ने इस मसले पर दिल्ली में प्रदर्शन किया और कहा कि ये अध्यादेश वास्तव में किसान विरोधी हैं आखिर बदलाव किसान के हित में है तो यह भ्रम की स्थिति क्यों?

**– अमित, गढ़वा**

### बढ़ती महंगाई

**खाद्य** वस्तुओं में खासतौर पर सब्जियों की कीमतों में जिस तेजी से बढ़ोतरी शुरू हुई, वह अप्रत्याशित है। हरी सब्जियों की कीमतें बहुत सारे लोगों की पहुंच से बाहर हो रही हैं और जो आलू लोगों की थाली का सहारा रहा है, वह भी अब बेलगाम होता जा रहा है। ताजा आंकड़ों में आलू की कीमतों में करीब तिरासी फीसद बढ़ोतरी हुई है।

**– विवेक, हजारीबाग**

# सांस्कृतिक मूल्यों के सहारे भी हो सकता है विकास

**प्रल्हाद सबनानी**

## संस्कृति

**भारत** की जो सांस्कृतिक विविधता एवं सम्पन्नता है उसको सबसे आगे लाकर हम भारत को एक सांस्कृतिक महाशक्ति के रूप में परिवर्तित कर सकते हैं। यह हमारा उद्देश्य एवं आकांक्षा होनी चाहिए। भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं में मुख्य रूप से शामिल किया जा सकता है- संगीत, नृत्य, फाइन-आर्ट्स, खाद्य संस्कृति, सिनेमा, सांस्कृतिक पर्यटन (जिसमें हेरिटेज, साइट्स, म्यूजीयम आदि शामिल है) एवं धार्मिक पर्यटन, आदि।

विश्व के कई देश अपनी संस्कृति की अर्थव्यवस्था का आँकलन कर चुके हैं और लगातार इस ओर अपना पूरा ध्यान दे रहे हैं। भारत में अभी इस क्षेत्र में ज्यादा काम नहीं हुआ है क्योंकि हमारी विरासत बहुत बड़ी है एवं बहुत बड़े क्षेत्र में फैली हुई है। दुनिया भर में इसे सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग का नाम दिया गया है। दुनिया भर में अलग-अलग देशों में इस उद्योग को आंकने के पैमाने उपलब्ध हैं। परंतु, भारत में अभी तक इस क्षेत्र में कुछ ज्यादा काम नहीं हुआ है। यूनेस्को के एक आकलन के अनुसार, विश्व के सकल घरेलू उत्पाद में 4 प्रतिशत हिस्सा उउक से आता है। अमेरिका जैसे देशों की जीडीपी में तो उउक का योगदान बहुत अधिक है। एक आंकलन के अनुसार, दुनिया भर में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग एशिया पेसिफि क, उत्तरी अमेरिका, यूरोप एवं भारत में विकसित अवस्था में पाया गया है। इस उद्योग में विश्व की एक प्रतिशत आबादी को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। भारत में चूंकि इसके आर्थिक पहलू का मूल्यांकन नहीं किया जा सका है अतः देश में इस उद्योग में उपलब्ध रोजगार एवं देश के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान सम्बंधी पुख़्ता आंकड़ें उपलब्ध नहीं हैं। भारत में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग का आकार आंकने के लिए यदि हम चाहें तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दूसरे देशों के अपनाये जा रहे पैरामीटर का उपयोग करें। इन पैरामीटर में हमारे देश की परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तन या संशोधन कर इन्हें उपयोग कर सकते हैं, ताकि हमारे देश की अर्थव्यवस्था में इस उद्योग के योगदान को मूर्त रूप में आंका जा सके एवं इसके योगदान को और कैसे बढ़ाया जा सकता है इस सम्बंध में नीतियां बनाई जा सकें।

संस्कृति की अर्थव्यवस्था को दो भागों में बांटा जा सकता है। एक अमूर्त सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था, जिसमें सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग के विभिन्न घटकों का ज्ञान शामिल है, जिसका आंकड़ों में मूल्यांकन करना बहुत मुश्किल है एवं दूसरे मूर्त सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था, जिसे आंका जाना आसान है, ऊपर आंकड़ों के माध्यम से जितनी भी जानकारी दी गई है, वह मूर्त सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था का ही हिस्सा है। अभी हाल ही में दुनिया भर के देशों में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग के क्षेत्र में एक अनुसंधान जारी है। इस अनुसंधान के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि दुनिया के विभिन्न देशों में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग से कितना निर्यात किया जाता है तथा निर्यात की दृष्टि से कौन-कौन से देश अग्रणी देशों की श्रेणी में हैं। इस दृष्टि से विभिन्न देशों की प्रोफाइल भी बनाई जा रही है। भारत से भी सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग के क्षेत्र से निर्यात होता है, इसमें शामिल हैं, क्राफ़्ट, संगीत, सिनेमा, एनिमेशन, फैशन, योगा आदि।


वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
प्रधान संपादक
**अभय कुमार सिंह**
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
स्थानीय संपादक
**अविनाश ठाकुर***
**फोन :0651-2974033**
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# रामगढ़ उपचुनाव : शांतिपूर्ण रहा मतदान

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, एसपी व निवार्ची पदाधिकारी ने भी किया मतदान

**अमित सिन्हा, ब्यूरो प्रमुख**

**रामगढ़।** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत सोमवार को आयोजित मतदान के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बूथ संख्या 106 पर मतदान किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। इधर, एसपी पीयूष पांडे ने भी बूथ संख्या 106 पर जाकर मतदान किया। उन्होंने मतदाओं से अपील किया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें। साथ ही निवार्ची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा मो जावेद हुसैन ने बूथ संख्या 51 पर जाकर मतदान किया। उन्होंने मतदाताओं से मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार के प्रयोग की अपील की।



सूरक्षा के बिच संपन्न हुआ मतदान



मतदान में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा



मतदान के लिए पहुंचे एसपी



मतदान के लिए पहुंचे निर्वाचन पदाधिकारी



मतदान करने जातीं बुजुर्ग

### मतदान केंद्रों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



**रामगढ़।** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत चल रहे मतदान कार्यों को लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय के साथ विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।
इस दौरान उन्होंने रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत में मतदान केंद्र संख्या 105, 106, 107, 108, 267, 268, 353, 354, 244, 246, 247, 248, 225, 200 एवं 201 निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीठासीन पदाधिकारियों से मतदान केंद्र पर चल रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को सही तरीके से भरने का निर्देश दिया। उन्होंने कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने का निर्देश दिया। मौके पर सुश्री मिश्रा ने सभी जोनल एवं सेक्टर दंडाधिकारियों को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले सभी मतदान केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा।

### दोपहर 1:00 बजे तक 49 प्रतिशत हुआ मतदान

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर मतदाताओं में उत्साह दिखा। जिसके चलते पहले दो घंटे 7:00 से 9 बजे तक 15.19 प्रतिशत, 11 बजे तक 32.51 प्रतिशत और 1:00 बजे तक 49.88 प्रतिशत मतदान हुआ।

# नाबार्ड ने एफपीओ निदेशकों की क्षेत्रीय स्तरीय आवासीय कार्यशाला का किया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** नाबार्ड के द्वारा सात जिलों के 40 से अधिक एफपीओ (प्रोड्यूसर कंपनियों) के 80 निदेशकों के लिए आईएआरआई गौरियाकरमा में तीन दिवसीय आवासीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य इन जिलों के चुनिन्दा एफपीओ को विभिन्न हितधारकों के साथ अधिकाधिक समन्वय और बैंक ऋण के सहयोग और विशेषकर आईसीएआर के द्वारा विकसित तकनीकों और फसल-किस्मों, नस्लों से किसानों को लाभ पहुँचने वाली विभिन्न गतिविधियों के आधार पर बिजनस प्लान बनाने और कृषि उत्पादों के वैल्यू चैन के विकास के लिए क्रमबद्ध कार्य-योजना बनाना था। इस कार्यक्रम में नाबार्ड द्वारा 7 जिलों (हजारीबाग, गढ़वा, लातेहार, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, सराईकेला खरसावाँ और छात्र) में गठित और विकसित किए जा रहे 40 एफपीओ के कुल 80 निदेशक, एफपीओ के संचालन, बिजनस प्लान और संभावित क्षेत्रों में विशिष्ट उत्पादों में प्रोसेसिंग के द्वारा अच्छे मार्केट में पैठ बनाने की योजना बनाने पर कार्य करेंगे। इसके अलावा प्रशिक्षु निदेशक एक मॉडल एफपीओ के कार्यालय प्रबंधन, खाता प्रबंधन और व्यापार प्रबंधन के मॉडल एफपीओ का भ्रमण कर उनका प्रत्यक्षण भी करेंगे। कार्यक्रम के दौरान निदेशकों ने विभिन्न सत्रों में आईएआरआई के कार्यकारी निदेशक डॉ विशाल नाथ पाण्डेय, वरीय वैज्ञानिक डॉ. पंकज कुमार सिन्हा और अन्य वैज्ञानिकों तथा जिला कृषि पदाधिकारी और उनके कार्यालय के पदाधिकारिओ और एफपीओ सेक्टर के अनुभवी प्रशिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त करने के साथ आईएआरआई में उपलब्ध और नयी तकनीकों से लाभान्वित हुआ। इस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक सम्पन्न करने में आईएआरआई के नोडल पदाधिकारी वैज्ञानिक डॉ. पंकज कुमार सिन्हा की प्रमुख भूमिका रही।



कार्यशाला में मौजूद एफपीओ निदेशक

# एफएलएन प्रशिक्षण का हुआ समापन

## बच्चों को पढ़ाने के तरीके से कराया गया अवगत



प्रशिक्षण का हुआ समापन

**खबर मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** कटकमसांडी प्रखंड में शैक्षिक सत्र 2022-23 का एफएलएन 3.0 का प्रशिक्षण 14 फरवरी से प्रारंभ किया गया था। इसका समापन सोमवार को हो गया। प्रखंड के सभी नोडल शिक्षकों को तीन बैच में प्रशिक्षण दिया गया। चार मास्टर प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण दिया। इनमें प्रकाश कुमार अग्रवाल, राजीव रंजन, मोहम्मद आरिफ खान एवं मिहिर कुमार मिश्र के नाम शामिल हैं। बता दें कि यह प्रशिक्षण निपुण भारत मिशन की नई शिक्षा नीति 2020 के तहत प्राथमिक स्तर पर पढ़ाने वाले शिक्षकों को मूलभूत साक्षरता एव संख्यात्मक विकास अंतर्गत बच्चों को पढ़ाने के तरीके से अवगत कराना है। बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में बच्चों को मजबूत करना इसका प्रमुख लक्ष्य है। इसीलिए प्रशिक्षण के माध्यम से नवीन अवधारणा के विषय बिंदुओं के प्रति शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागदेव यादव ने कहा कि शिक्षक एफएलएन की अवधारणा के अनुरूप बच्चों को बुनियादी रूप से प्रारंभिक स्तर पर मजबूत करने पर ध्यान दें। कहा कि अब शिक्षा लक्ष्य केंद्रित है। ऐसे में शिक्षक मनोयोग से निश्चित समयावधि में दक्षताएं पूर्ण करने, कौशल विकसित करने एवं गुणवत्ता लाने के लिए कार्यशील रहें। मौके पर बीपीओ गजाला परवीन सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

# करियातपुर में जिला परिषद की जमीन होगी अतिक्रमणमुक्त



बैठक करते जिला उपाध्यक्ष किसुन यादव

**बरही।** विगत कई वर्षों से करियातपुर स्थित जिला परिषद की जमीन पर राजनैतिक पहुँच वाले लोगों द्वारा अतिक्रमण का दंश झेलने को मजबूर था।परन्तु जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव की पहल पर करियातपुर पंचायत स्थित जिला परिषद जमीन को अतिक्रमणमुक्त करने के लिए पहल किया गया। जिसके तहत जमीन की मापी की गई। इस बाबत जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने बैठक की और बताया कि जिला परिषद की जमीन पर वर्षो से अवैध कब्जा था। जिससे निर्माण कार्य बाधित हो रहे थे। उन्होंने बताया कि अंचल अमीन और राजस्व कर्मचारी की उपस्थिति में जमीन की मापी कर सीमांकन किया गया। अब जमीन कब्जा से मुक्त हो चुकी है। इस पर एक सौ दुकानें बनाई जाएंगी। इसके लिए जिले के विभागीय कनीय अभियंता वारिस अरशद को प्राक्कलन तैयार करने की जिम्मेवारी दी गई है। प्राक्कलन बनते ही कोष की व्यवस्था एवं अन्य कार्यों की शीघ्र पहल की जाएगी. उन्होंने कहा कि दुकान बनने से स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार का मौका मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि करियातपुर के उच्च विद्यालय की उपयोगिता रहित पुराने जीर्ण-शीर्ण भवन को तोड़कर विवाह भवन बनाने के प्रस्ताव भी भेजे गए हैं। बैठक में धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनो हानिकारक है : अशोक चौहान

## संत निरंकारी मंडल के संतो ने थीम स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के तहत मनाया प्रोजेक्ट अमृत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** संत निरंकारी मंडल (दिल्ली) शाखा भुरकुंडा के तत्वावधान में भुरकुंडा सत्संग भवन के संतो द्वारा प्रोजेक्ट अमृत मनाया गया। इसकी अध्यक्षता भुरकुंडा शाखा मुखी अशोक कुमार चौहान ने किया। मौके पर अशोक कुमार चौहान ने बताया कि आज निरंकारी मिशन पूरे भारतवर्ष में प्रोजेक्ट अमृत मना रहा है। जिसका थीम स्वच्छ जल, स्वच्छ मन है। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट अमृत के तहत पूरे भारत में 1100 से ज्यादा जगहों, 700 से अधिक शहर और 27 राज्यों में उक्त कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत 35 लाख सेवादारों के हाथ सफाई के साथ-साथ निरंकारी मिशन पूरे भारतवर्ष में जल सहित अन्य के बावत साफ-सफाई का बिड़ा उठाया है। भुरकुडा शाखा के आसपास के जल निकायों को भी साफ किया गया। साथ ही आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अंत में भुरकुंडा शाखा मुखी चौहान ने कहा कि स्वच्छ शरीर में स्वस्थ्य मस्तिष्क का निर्माण होता है। प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनो हानिकारक है। मौके पर कुणाल चौहान, सुरजीत सिंह, तुषार कुमार, दलजीत चौहान, अमन कुमार, जगदीश यादव, विकाश, सिंकदर नायक, आदित्य विश्वकर्मा, वकील राणा, संतोष, उमेश नायक, सोनू, अजय, रोहित, पिंटू, राजेंद्र, जितेंद्र, रौनक सिंह, किरण, पुष्पा देवी, मुकुनलता देवी, पूजा, राजकुमारी देवी, मालती देवी, सुनीता देवी, पार्वती देवी, गुड़िया देवी, सुमिता देवी, गायत्री, अंजली, मंजू, कोलेश्वरी देवी, गीता देवी, चंपा देवी, इलिका, इलिसा आदि मौजूद थें।



कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु

## स्पीड न्यूज

### शांति नर्सिंग होम में लगी आग

**आग से मोटरसाइकिल एवं हजारों दवाइयां हुई जलकर राख**

**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड के अंतर्गत बेल चौक के नर्सिंग होम में अचानक आग लगने से एक मोटरसाइकिल एवं हजारों दवाइयां हुई जलकर राख। शांति नर्सिंग होम के प्रोपराइटर सिकंदर कुमार साव ने बताया कि मैं मेरी बीवी मेरे दो बच्चे खाना खाकर सोए थे अचानक 10:00 बजे लोग हमे आवाज देकर उठाने लगे अभी मैं देखा कि मेरे नर्सिंग होम में आग लगा हुआ है । हम लोग आनन-फानन में घर से बाहर निकाल कर ग्रामीणों के सहायता से आग को बुझाने लगे कुछ देर बाद आग बुझी तभी देखा कि मेरा अपाछी मोटरसाइकिल एवं हजारों दवाइयां जलकर राख हो चुकी है । उन्होंने बताया कि मेरे नरसिंह होम में अपने आग नहीं लगी कोई ना कोई जरुर लगाया। मौके पर थाना प्रभारी नयाल गोडविन करकेटा अपने दल बल के साथ पहुंचकर इस मामले की छानबीन कर रहे है।

### खोपड़िया बाबा मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों की हुई बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा मंदिर परिसर में सोमवार को स्थानीय लोगों की बैठक हुई। बैठक में जगतगुरू वनांचल पीठाधीश्वर पंडित दीनदयाल जी महाराज मुख्य रूप ये उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से पुराने खंडित हनुमान जी की प्रतिमा का विसर्जन करने और नये प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा करने का निर्णय लिया गया। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आगामी 14 मार्च की बैठक में तिथि तय करने की बात कही गयी। मौके पर अशोक कुमार मिश्रा, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, गुलाबचंद्र मिश्रा, संजय अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सुरेश उपाध्याय, सुखदेव, बाबूलाल नायक, अभिषेक मिश्रा आदि मौजूद थे।

### चुरचू में मलेशिया के सैलानियों ने किया कॉलेज एवं स्कूल का भ्रमण

**चरही।** चुरचू में मलेशिया के सैलानियों ने प्रखंड में स्थित झारखंड बिरसा इंटर कॉलेज एवं आर.जी.एस हाई स्कूल का निरीक्षण किया। बताते चलें कि वहां से आए सैलानियों में आर एस चांद. मास्टर होप. किंग जो, उपस्थित थे। यहां पर आने के बाद स्कूल में पढ़ने वाली बच्चियों ने माला पहना कर स्वागत किया गया। इसके बाद बच्चों के द्वारा झारखंड की सांस्कृतिक नृत्य भी प्रस्तुत की गई। स्कूली बच्चों के कार्यक्रम को देखकर विदेशी मेहमान प्रसन्न हुए और बच्चों कि बहुत प्रशंसा किया। मलेशिया से आए मेहमानों ने स्कूल एवं कॉलेज की विधि व्यवस्था को देखकर प्रभावित हुए। साथ ही स्कूली बच्चों में शिष्टाचार और प्रतिभा को देखकर बहुत ही खुश दिखे। आगे बताया कि चुरचू में कॉलेज के निर्देशक चंद्र देव शर्मा के बारे में कहा यहां पर उन्होंने शिक्षा के प्रति बहुत ही अच्छा काम किया है। सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र को देखते हुए शिक्षा को बढ़ावा देने का काम किया है। इस कार्यक्रम में उपस्थित झारखंड बिरसा इंटर कॉलेज के निर्देशक चंद्रदेव कुमार शर्मा, एकल अभियान के चुरचू प्रमुख होरिल शर्मा, कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर महेंद्र कुमार सिंह, कॉलेज के सचिव निर्मल कुमार कुशवाहा मोहम्मद आलम शशिकांत कुमारसहित कई लोग उपस्थित थे।

### टाटीझरिया थाना में शामिल हुआ तीन पंचायत

**टाटीझरिया।** प्रखंड स्वतंत्र रूप से कार्य कर रहा था। लेकिन प्रखंड के तीन पंचायत के गांव अब तक ईचाक थाना के अधीन था। जिसमें बदलाव करते हुए विभाग के आदेशानुसार टाटीझरिया प्रखंड के तीनों पंचायत जो ईचाक थाना के अधीन था, उसे विभागीय निदेशानुसार पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने पत्र निर्गत कर उक्त पंचायत को टाटीझरिया थाना के अधीन कर दिया है. जिसके बाद अब उक्त पंचायत का सारा काम टाटीझरिया थाना के देख रेख में होगा। सबसे पहले 2013 में टाटीझरिया थाना में शामिल करने को लेकर वर्तमान विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय अपने उपप्रमुख कार्यकाल में झारखंड के डीजीपी से मिलकर पत्र सौंपा था। विधायक अमित यादव, सांसद अणपूर्णा देवी, पूर्व सांसद रविन्द्र राय, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, रामप्रसाद कुशवाहा, उमेश प्रसाद, उपेन्द्र पांडेय, प्रविल प्रसाद दशरथ नारायण सिंह, अजय कुमार, ज्योतिष पंडा, सुरेंद्र राणा, संतोष कुमार, सुरेश प्रसाद, रघुनंदन प्रसाद के प्रयास से टाटीझरिया थाना में शामिल हो पाया।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया जिला नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण

**रामगढ़।** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर सोमवार को चल रहे मतदान कार्यों को लेकर गठित जिला नियंत्रण कक्ष का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त कर्मियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में सभी को निर्धारित प्रारूप के अनुसार सेक्टर दण्डाधिकारियों व मतदान पदाधिकारियों से जानकारियां संलग्न करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी कर्मियों को कार्यों को गंभीरता से करते हुए किसी भी क्षेत्र से किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना प्राप्त होने पर त्वरित जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय पदाधिकारियों को इसकी सूचना देने एवं वरीय पदाधिकारियों को त्वरित मामले पर संज्ञान लेते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान निवार्ची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, वरीय पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

### बूथ नंबर 48 पर तीन बार खराब हुई ईवीएम मशीन

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के राजकीय मध्य विद्यालय प्रखंड मुख्यालय रामगढ़ 2 के बूथ नंबर 48 पर ईवीएम मशीन तीन बार खराब हुई है। पोलिंग पार्टी के द्वारा इस बात की सूचना निर्वाचित पदाधिकारी और कंट्रोल रूम को भी दी गई। ईवीएम खराब होने की सूचना के तत्काल बाद कंट्रोल रूम में वहां ईवीएम मशीन में बदलाव किया गया। तीन बार मशीन बदले जाने की वजह से वह लगभग डेढ़ घंटे तक मतदान भी बाधित रहा।

## एक नजर में


### कुछ महीनों में अपराध का ग्राफ बढ़ा है, इसपर रोक लगाए पुलिस-प्रशासन : संजीव साहू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा बस्ती निवासी सह विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर बाउरी उर्फ बितका बाउरी की हत्या पर समाजसेवी संजीव साहू ने कडे. शब्दो में निंदा करते हुए कहा है कि पूरे प्रदेश में और खासकर रामगढ़ जिला में कानून व्यवस्था पूरी तरह चैपट हो चुकी है। क्षेत्र में आरजकता का माहौल बन गया है। लूट व हत्या का ग्राफ पिछले कुछ महीनों से तेजी से बढ़ा है। आये दिन अपराधियो द्वारा आम आदमी व्यापारियो कों टारगेट कर दिन दहाड़े गोली चलाया जा रहा। उन्होंने कहा अपराधियों में पुलिस प्रसाशन का खौफ खत्म हो गया है। जिला में जंगलराज कायम हो गया है। बीते कुछ महीनो के अंदर आधा दर्जनों लोगों पर गोलीबारी हो चुकी है। इस गोलीबारी में कई लोगो की जान भी चली गई, जो बेहद दुखद है। पूरे जिले में आम आदमी व्यापारी वर्ग सभी डरे हुए हैं। श्री साहू ने कहा कि कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। आज पुलिस प्रशासन और राज्य सरकार की कार्यशैली पर लोग सवाल खड़ा कर रहे हैं जो सही है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में सरकार की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहा है। राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। अवैध खनन के साथ कोयला तस्करी धड़ल्ले से जारी है। परन्तु राज्य सरकार गहरी निद्रा में सोई हुई है। संजीव साहू ने कहा कि प्रशासन के संरक्षण में अवैध कारोबार फल फूल रहा है। उन्होंने कहा वर्तमान पुलिस अधीक्षक से रामगढ़ जिला संभल नही रहा है। राज्य सरकार को इन्हें अविलब जिला के पदभार से मुक्त कर देना चाहिए, और सक्षम अधिकारी को जिला का कमान सौंपकर सरकार को भय मुक्त वातावरण कायम करने की सोचनी चाहिए।

### बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता संघ जनप्रतिनिधियों ने किया संवाद

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पांडे एवं मुखिया शिबु प्रसाद सोनी ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता महादेव मुर्मू, सहायक अभियंता दुर्गा रानी केरकेट्टा एवं कनीय अभियंता अमित कुमार शर्मा के साथ वर्चुअल संवाद में शामिल हुए। शामिल होने पर टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र की विद्युत समस्या से अवगत कराया जिसमें बच्चों को पढ़ाई के समय बिजली आपूर्ति करना, झरपो सब स्टेशन को अभिलंब चालू करवाने एवं भराजो पंचायत के करम्बा आदिवासी टोला में आज तक विद्युत आपूर्ति नहीं हुआ है जिसे अभिलंब वहां विद्युत से जोड़े जाने की बात रखा।इन सब समस्या से निजात दिलाने के लिए कार्यपालक अभियंता महादेव मुर्मू ने इसे जल्द समाधान करने की बात कही साथ ही करम्बा आदिवासी टोला के लोगों का नाम के साथ पूरा विवरण जमा करने का कहा और पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत वहां बिजली आपूर्ति किया जाएगा । वर्चुअल बैठक में ईचाक डाडीघाघर मुखिया नंदकिशोर मेहता समेत अन्य जगह के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यपालक अभियंता ने सभी जनप्रतिनिधियों से बिजली बील भरावाने, कनेक्शन लेने समेत अन्य में जनप्रतिनिधि से सहयोग मांगा।



### चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**विष्णुगढ़।** प्रखंड संसाधन केंद्र विष्णुगढ में शिक्षकों के पांचवें बैच का मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान का चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। तेरह फरवरी से शुरू हुए प्रशिक्षण शिविर में पांच बैच में कुल दो सो पांच शिक्षक-शिक्षिकाओं को एफएलएन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन विष्णुगढ के प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कांगोडी, बीआरसीसी बंशीधर राम, बीपीएम कुणाल चौरसिया, बीआरपी जलेश्वर प्रसाद, मास्टर ट्रेनर सतीश कुमार, शंभु प्रसाद व प्रवीण कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया था। फोटो सेशन के साथ सोमवार पांचवें बैच का चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए मास्टर ट्रेनर सतीश कुमार ने बताया कि निपुण भारत मिशन के तहत कक्षा एक से तीन तक के बच्चों में मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान विकसित करने के लिए विद्यालय के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के पहले दिन प्री-टेस्ट के बाद निपुण भारत मिशन के विकासात्मक चरण, सामाजिक एवं भावात्मक शिक्षा के प्रमुख घटक एवं प्रभावित करने वाले कारक, भाषा और साक्षरता, लैंगिक समानता, भाषा विकास के प्रमुख घटक, मौखिक भाषा विद्यालय, डिकोडींग, पढ़ने की संस्कृति, स्कूल रेडिनेस, मूलभूत संख्या ज्ञान के मुख्य घटक, शिक्षक हस्त पुस्तिका, पाठ योजना, आकलन आदि के बारे में अगल-अलग सत्रों में विस्तार से मास्टर ट्रेनरो ने जानकारी दी। साथ ही सार्थक परिचर्चा भी हुई। प्रशिक्षण के दौरान सम्पर्क फाउंडेशन के अनिल कुमार व मृत्युंजय ने सम्पर्क किट, सम्पर्कशाला आदि के बारे में और पीरामल फाउंडेशन के देविका चटर्जी व कुमार विश्वजीत ने शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। समापन समारोह में बीईईओ रामसेवक दांगी, मास्टर ट्रेनर सतीश कुमार, शंभु प्रसाद, प्रवीण कुमार पाठक व मो आयाज अहमद, बीआरपी जलेश्वर प्रसाद, विजय कुमार पांडेय सहित बीआरसी के कर्मी मौजूद थे।

# संस्थापक दिवस पर शहर को मिलेंगे तीन यादगार तोहफे

## कोविड वॉरियर पार्क, अग्नि स्टील स्ट्रक्चर व नेचर ट्रेल पार्क तैयार, टाटा स्टील लिमिटेड और टाटा स्टील यूआइएसएल ने संयुक्त तैयारी पूरी

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा ग्रुप के संस्थापक जेएन टाटा की 184 जयंती जमशेदपुर में टाटा स्टील लिमिटेड और टाटा स्टील यूआइएसएल की संयुक्त मेजबानी में धूमधाम से मनाई जाएगी। टाटा स्टील समेत टाटा समूह की कंपनियां 3 मार्च को पूरी श्रद्धा भाव से अपने संस्थापक की जयंती मनाती है। जमशेदपुर में इस बार संस्थापक दिवस पर देश की सबसे बड़ी स्टील कंपनी टाटा स्टील की ओर से शहर वासियों को जमशेदपुर 17 एकड़ में फैले नेचर ट्रेल और कोविड वॉरियर्स पार्क का तोहफा दिया जाएगा। इन दोनों पार्क का उद्घाटन टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन करेंगे। जुबिली पार्क में रोज गार्डेन को री लोकेट किया जारहा है। उस स्थान पर ऑल सिजन फ्लावर, मखमली घास वाले लॉन के बीच विशाल अग्नि स्टील स्ट्रक्चर लगाया जा रहा है जो जुबिली पार्क को एक नई पहचान देगा।

### जुबिली पार्क में आम नागरिक 3 से 5 मार्च तक देख सकेंगे विद्युत सज्जा

जुबली पार्क आम नागरिकों के लिए 3 मार्च से 5 मार्च तक विद्युत सजा के लिए खुला रहेगा। यहां पैदल लोग शाम साढ़े छह बजे से रात्रि 10 बजे तक विद्युत सज्जा देख सकेंगे जबकि कार से लोग रात्रि 10 बजे से 11 बजे रात्रि तक लोग विद्युत सज्जा का अवलोकन कर सकेंगे।

उक्त जानकारी यूनाइटेड क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (कारपोरेट सर्विसेज) और टाटा स्टील यूआइएसएल के चेयरमैन चाणक्य चौधरी ने दी। इस अवसर पर उनके साथ टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी ऋतुराज सिन्हा और सीनियर जनरल मैनेजर कैप्टन धनंजय मिश्रा भी उपस्थित थे। संस्थापक दिवस के अवसर पर इस बार शहर के विभिन्न इलाकों में कंपनी की ओर से आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है। कुल 40 लैंड मार्क पर विद्युत सज्जा की गई है जिसमें हेरिटेज बिल्डिंग,पूजा स्थल और दर्जनों गोल चक्कर शामिल हैं। समारोह में भाग लेने के लिए टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन अपने वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के साथ 2 मार्च की दोपहर जमशेदपुर पहुंच रहे हैं। 2 मार्च को जुबली पार्क में आयोजित विद्युत सज्जा उद्घाटन समारोह सह श्रद्धांजलि समारोह में भाग लेंगे। चेयरमैन शाम 6:15 बजे जुबिली पार्क पहुंचेंगे और संस्थापक की प्रतिमा के सामने पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और वही से बटन दबाकर पार्क की विद्युत सजा का उद्घाटन भी करेंगे। रोज गार्डन की जगह पर अग्नि स्टील स्ट्रक्चर लगाया गया है जिसका विधिवत उद्घाटन भी चेयरमैन द्वारा शाम 6:45 बजे किया जाएगा। चाणक्य चौधरी ने बताया कि 3 मार्च को टाटा स्टील प्रबंधन द्वारा जमशेदपुर वर्क्स के भीतर रंगारंग कार्यक्रम के जरिए संस्थापक दिवस मनाया जाएगा। समारोह में सुबह 7:00 से टाटा स्टील की विभिन्न विभागों द्वारा झांकियां निकाली जाएंगी। इन झांकियों को देखने के लिए कंपनी के कर्मचारियों अधिकारियों और उनके परिजनों के अलावा टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन समेत तमाम वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। वर्क्स के भीतर समारोह की अध्यक्षता टाटा स्टील के सीईओ व प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन करेंगे। पोस्टल पार्क बिष्टुपुर में आयोजित समारोह में संस्थापक की प्रतिमा के सामने सुबह 9:15 बजे से आम नागरिकों की उपस्थिति में चेयरमैन और उनकी टीम श्रद्धांजलि देगी। इस अवसर पर करीब एक दर्जन सामाजिक संगठनों की ओर से ग्रीनोवेशन विषय के तहत झांकियां निकाली जायेगी। यहां पर आम नागरिकों को टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन संबोधित करेंगे। यहां कार्यक्रम की अध्यक्षता टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा करेंगे।

**एसएनटीआई में सांइस एंड टेक्नोलोजी प्रदर्शनी : संस्थापक दिवस पर साउथ नानावती टेक्निकल इंस्टिट्यूट परिसर में एक साइंस एंड टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है जो 2 मार्च से लेकर 5 मार्च तक चलेगा।**



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते चाणक्य चौधरी। साथ में टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा और सबसे दायें कैप्टन धनंजय मिश्रा।



सोनारी सर्किट हाउस एरिया से लेकर मरीन ड्राइव के बीच विकसित नेचर ट्रेल।



कीनन के पास बना कोविड वॉरियर पार्क

# कदमा में बाजार में तीन दर्जन दुकाने खाक

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने दुकानदारों को दिया दिलासा, सांसद विद्युतवरण महतो ने भी लिया जायजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शहर के पुराने बाजारों में से एक कदमा बाजार में अहले सुबह एक दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने करीब तीन दर्जन दुकानों को खाक कर दिया है। कहा जा रहा है कि आग भोर के साढ़े चार बजे लगी जो दो घंटे बाद विकराल रुप ले लिया। टाटा स्टील और झारखंड सरकार के 5 दमकल गाड़ियों ने पहुंच कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। दुकानदारों ने भी स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की तब तक कई दुकानदार तबाह हो चुके थे। क्षेत्र के विधायक, राज्य के मंत्री और दुकानदारों के पड़ोसी बन्ना गुप्ता, सांसद विद्युतवरण महतो ने पीड़ित दुकानदारों से मिल कर उन्हें सरकार से उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया है। मंत्री बन्ना गुप्ता ने फोन पर डीसी विजया जाधव से बात कर दुकानदारों को त्वरित राहत दिलाने का निर्देश दिया है,और खुद शाम में रांची से जमशेदपुर पहुंचे और बाजार का मुआयना किया और पीड़ित दुकानदारों से मिल कर उन्हें हिम्मत दी। कदमा बाजार में आग लगने की सूचना मिलने पर सांसद विद्युत वरण महतो तत्काल कदमा बाजार पहुंचे और आगजनी से प्रभावित लोगों एवं दुकानदारों से मुलाकात की। उन्होंने मुआयना के क्रम में पाया कि लगभग छोटे बड़े कुल मिलाकर 25 दुकान बुरी तरह से जलकर राख हो गए हैं। उन्होंने उपस्थित दुकानदारों से बातचीत कर घटनाक्रम की जानकारी ली। इसके उपरांत जिले के वरीय पदाधिकारियों एवं जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी से इस बाबत बातचीत कर उन्हें पूरी आगजनी एवं नुकसान का का आकलन करने को कहा। सांसद महतो ने कहा कि उनका मानना है तत्काल दुकानदारों को जिला प्रशासन के सहयोग से बैंकरों के माध्यम से लोन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन के डीआरडीए के निदेशक सौरभ सिन्हा से भी यह भी कहा के इस संबंध में आपदा प्रबंधन विभाग से भी यथासंभव मदद दिलाने का प्रयास किया जाए। सांसद महतो ने इस बाबत टाटा स्टील के वीपी (सीएस) को भी एक पत्र लिखकर प्रभावित दुकानदारों का को जी.सी.सीट (टाटा शक्ति)उपलब्ध कराने के लिए लिखा है। इस अवसर पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष द्विपल विश्वास, के पी सिंह, तारक मुखर्जी, स्वपन दास, चिंटू सिंह, मनोज सिंह,राजेंद्र नायक,किंगशुक मुखर्जी उपस्थित थे।



धू-धू कर जलती दुकानें।



मंत्री बन्ना गुप्ता खाक दुकानों को देख द्रवित नजर आये।



सांसद विद्युत दुकानदारों को सांत्वना देने पहुंचे।

## स्पीड न्यूज

### मुसाबनी प्रखंड एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम में चयनित



जमशेदपुर। भारत सरकार द्वारा एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम के तहत पूर्वी सिंहभूम जिला के मुसाबनी प्रखंड का चयन किया गया है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश में चिन्हित 500 एस्पिरेशनल ब्लॉक में से 15 ब्लॉक के बीडीओ को संबोधित किया जिसमें झारखंड से पूर्वी सिंहभूम जिला के मुसाबनी एवं हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड के बीडीओ वर्चुअल माध्यम से जुड़े। माननीय प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम का उद्देश्य बताते हुए गुड गवर्नेस, जनकल्याण को समर्पित भ्रष्टाचार मुक्त शासन, मूलभूत सुविधा बिना भेदभाव के कैसे लोगों को मिले, जनहित में एक दूसरे से अच्छा करने की प्रतिस्पर्धा तथा देश के सबसे पिछड़े ब्लॉकों में नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। पीएम के संबोधन के बाद सभी एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम के तहत चयनित प्रखंडों में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, आधारभूत संरचना एवं वित्तीय समावेशन, जल जीवन मिशन के सफल क्रियावन्वयन पर विस्तृत चर्चा संबंधित विभागीय सचिव एवं पैनल में शामिल सदस्यों ने की।

### रुचाप पंचायत सचिवालय में लगा नेत्र जांच शिविर



चांडिल। रविवार को रुचाप पंचायत सचिवालय में मुखिया शकुंतला देवी के तत्वधान में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में 29 लोगों की जांच की गई। जिसमें से 13 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। पूर्णिमा नेत्रालय के द्वारा सभी 29 लोगों की जांच की गई। मोतियाबिंद के लक्षण पाए जाने वाले लोगों का 28 फरवरी को पूर्णिमा नेत्रालय में निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बोनु सिंह सरदार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### जरूरतमंद कन्या के विवाह में मायुमं सुरभि शाखा ने किया सहयोग



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए जरूरतमंद एक कन्या के विवाह में नगद सहित कई घरेलू सामान देकर सहयोग किया गया। इस नेक कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी, सचिव निधि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीलम देबूका, अनीता खेमका, कविता अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, प्रीति बुधिया आदि सदस्यों का योगदान रहा। शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी ने बताया कि पांच साड़ी, चार कुर्ती सेट, घाघरा चुन्नी, दिवाल घड़ी, दो पीस चुन्नी, चार बेडशीट, एक बाथरूम सेट, एक कुकर, कैसरोल सेट, कुछ सजाने योग्य सामान, केटली, मुन्ना बाबू के सहयोग से 5100 नगदी, 1 जोड़ी चांदी की पायल, क्रोकरी, पाजेब, बिछिया अंगूठी मेकअप का सामान, दो हैंड पर्स, एक कप सेट, एक गिलास सेट, ज्वेलरी आइटम, मिठाई चॉकलेट बिस्किट इत्यादि।

## आजाद के बलिदान का कृतज्ञ राष्ट्र सदैव ऋृणी रहेगा : अमरप्रीत सिंह काले

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** देश प्रेम, वीरता और त्याग की परिभाषा गढ़ने वाले भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रान्तिकारी, भारत माता की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले साहस, शौर्य व निर्भीकता के प्रतीक, प्रखर राष्ट्रभक्त अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर उन्हें नमन परिवार द्वारा कालीमाटी कार्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि मजदूर नेता राकेश्वर पांडे ने कहा कि- आजादी की लड़ाई का इतिहास क्रांतिकारियों के विविध साहसिक कारनामों से भरा पड़ा है। इस अवसर पर संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि- चंद्रशेखर आजाद को याद कर हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। आजाद को आजाद भारत से कम कुछ भी स्वीकार नहीं था। उनका बलिदान हमें मातृभूमि की सेवा में अपना सर्वस्व अर्पण करने की सीख देता है।



## अर्जुन मुंडा ने मास्टर एथलीटों का हौसला बढ़ाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** हाल ही में कोलकाता के साल्ट लेक स्थित विवेकानंद स्टेडियम में संपन्न हुए 43 वें राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप -2023 में झारखंड के मास्टर एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक के सर्वाधिक 29 पदक जीतकर झारखंड का नाम शुमार किया है। रविवार को विशेष आमंत्रण पर विजय खिलाड़ियों को , जमशेदपुर के घोड़ा बांधा स्थित अपने आवास पर भारत सरकार के केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री - अर्जुन मुंडा ने ( खिलाड़ियों से) गर्मजोशी से मिले। हाल ही में कोलकाता के साल्ट लेक स्थित विवेकानंद स्टेडियम में संपन्न हुए 43 वें राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप -2023 में झारखंड के मास्टर एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक के सर्वाधिक 29 पदक जीतकर झारखंड का नाम शुमार किया है। रविवार को विशेष आमंत्रण पर विजय खिलाड़ियों को , जमशेदपुर के घोड़ा बांधा स्थित अपने आवास पर भारत सरकार के केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री - अर्जुन मुंडा ने ( खिलाड़ियों से) गर्मजोशी के साथ मिलते हुए उन्हें सम्मानित किया। साथ ही बधाई और शुभकामनाएं दिया । मौके पर टीम का नेतृत्व मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव सह अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलीट एस के तोमर ने किया इस दौरान इस चैंपियनशिप के पदक विजेता महिला एवं पुरुष एथलीटों जिनमें मुख्य रूप से शांति मुक्ता बारला, अवतार सिंह,एवं एम महंता, मानिक लाल चटर्जी , साबू जोसेफ, आर एल दास, दीपक कुमार, फरहद , चरणजीत कौर , आनंद कुमार महतो ,मिथिलेश कुमार, टीम प्रबंधक एस के शर्मा, टिम के प्रशिक्षक संजीव कुमार एवं अन्य खिलाड़ियों मौजूद रहे, पूरी टीम ने खुशी के इस मौके पर मंत्री महोदय का गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



## महंगाई के खिलाफ सीपीआई ने निकाली रैली

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी३ की सिंहभूम जिला परिषद द्वारा आम जनता को प्रभावित करनेवाले ज्वलंत मुद्दों को लेकर आक्रोश रैली निकाली गई, जो आम बागान मैदान से चलकर उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचा। यह जुलूस देश में बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी एवं सरकारी प्रतिष्ठानों को निजी हाथों में सौंपने और औने पौने दामों में बेचने के खिलाफ आम जनता के आक्रोश का प्रदर्शन करने के लिए आयोजित की गई थी। जुलूस में पूर्वी सिंहभूम के विभिन्न क्षेत्र- चाकुलिया, घाटशिला, बहरागोड़ा, पटमदा, पोटका से भारी संख्या में किसान ,मजदूर, बेरोजगार नौजवान एवं महिलाएं केंद्र सरकार के आम जन विरोधी नीतियों, जनता को त्रस्त कर रही मंहगाई के विरुद्ध अपना आक्रोश व्यक्त करने शामिल हुए। इस जुलूस का नेतृत्व जिला सचिव कॉम अंबुज कुमार ठाकुर, सचिव मंडल के सदस्य कॉम शशि कुमार, कॉम रमेश मुखी, कॉम भुनेश्वर तिवारी, कॉम ओम प्रकाश सिंह ने किया। पार्टी के जिला सचिव कॉम अंबुज ठाकुर के नेतृत्व में पांच सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल द्वारा आम जनता के मुद्दों को लेकर भारत के महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम का ज्ञापन पूर्वी सिंहभूम की उपायुक्त महोदया विजया जाधव को सौंपा गया।



## फैजी ऑडिटोरियम में हास्य कवि सम्मेलन तीन मार्च को

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** होली के माहौल में शहर समेत पूरे कोल्हान को जिस अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का वर्ष भर इंतजार रहता है, वह कोरोना काल के दो साल अंतराल के बाद इस वर्ष पूरा होने जा रहा है। साहित्य, संस्कृति व कला को समर्पित संस्था सुरभि अपने इस सालाना जलसे के लिए खास तौर पर जानी जाती है। सुरभि के संस्थापक अध्यक्ष गोविंद दोदराजका (अग्रवाल) की पहल पर आगामी तीन मार्च शुक्रवार को होली के माहौल में और शहर के संस्थापक जेएन टाटा की जयंती के दिन यह कवि सम्मेलन शहर के सबसे बड़े सभागार लोयोला स्कूल के फैंसी ऑटिडोरियम में होने जा रहा है। इसमें देश के कई नामचीन कवि अपनी कविताओं से कविता प्रेमियों व साहित्यसेवियों को गुदगुदाएंगे। गोविंद दोदराजका ने बताया कि उनकी संस्था सुरभि की ओर से यह 23 वां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन है। तीन मार्च को शाम सात बजे केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा इसका उद्घाटन करेंगे। कवि सम्मेलन में देश के ख्यातिप्राप्त कवियों राव अजातशत्रु (उदयपुर), जानी बैरागी राजोद (मध्य प्रदेश), आशीष अनल (लखनऊ), राधेश्याम भारती ( प्रयागराज), मणिका दूबे (जबलपुर, मप्र), व भुवन मोहिनी (इंदौर, मप्र) अपनी रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाएंगे, हंसाएंगे और चुटीली व्यंग्य रचनाओं से समाज और देश की स्थितियों से रूबरू कराएंगे। इस कार्यक्रम का संचालन राव अजातशत्रु के द्वारा किया जाएगा। गोविंद दोदराजका ने बताया कि कवि सम्मेलन में प्रवेश निःशुल्क है, किंतु प्रवेश आमंत्रण-पत्र के द्वारा ही संभव हो सकेगा। प्रवेश पत्र के लिए सुरभि के कार्यालय 36. एचएस टावर एल रोड बिष्टुपुर जमशेदपुर में फोन नं0 0657-2249719/2249509 या 9431112564 (ओमप्रकाश) पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## खबर एक नजर में

### डीसी ने चाणक्यपुरी एवं श्यामनगर में स्वर्णरेखा नदी घाट का किया निरीक्षण



**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम के नालों का गंदा पानी अब ट्रीटमेंट किए जाने के बाद ही स्वर्णरेखा नदी में छोड़ा जाएगा। इस पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार किए जाने को लेकर उपायुक्त विजया जाधव ने चाणक्यपुरी एवं श्यामनगर स्थित स्वर्णरेखा नदी के घाट का निरीक्षण किया। मौके पर निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा एवं कार्यपालक पदाधिकारी मानगो नगर निगम सुरेश यादव मौजूद रहे। स्वर्णरेखा नदी में गिरने वाले नालों की साफ–सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। फिलहाल नालों के पानी के साथ प्लास्टिक या अन्य कचड़ा बहकर नदी में नहीं जाए इसके लिए नालों पर लोहे का जाली लगाने के निर्देश उपायुक्त ने दिए हैं। उपायुक्त ने कहा कि स्वर्णरेखा नदी को प्रदूषण मुक्त रखने की यह कवायद है ताकि नदी साफ–स्वच्छ रहे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नालों का गंदा पानी गिरकर पानी को प्रदूषित कर रहे हैं, इससे जलीय जीव जंतु के अस्तित्व पर खतरा होने के साथ–साथ नदी में नहाने या कपड़ा आदि धोने के लिए जाने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा है। इस दौरान उपायुक्त द्वारा दोमुहानी स्थित डंपिग यार्ड का भी निरीक्षण किया गया।

### रीगल मैदान में एक लाख जुटेंगे कुड़मी : बिशाल



**जमशेदपुर।** शहीद रघुनाथ महतो चुआर सेना द्वारा 21 मार्च 2023 को शहीद रघुनाथ महतो की 285 वे जयंती पर रीगल मैदान में कुड़मी विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। कुड़मी सेना के प्रदेश अध्यक्ष बिशाल चंद्र महतो ने कहा कि 21 मार्च को तीनों राज्यों से करीब एक लाख कुड़मी जुटेंगे और इसकी तैयारी में कुड़मी सेना द्वारा पूरा जोरदार तरीके से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। मौके पर देवदीप महतो, विनोय महतो, मनोरंजन महतो, देवाशीष महतो, शंखदीप महतो, टिंकू महतो, प्रसेनजीत महतो, चंदन महतो, पोबिर महतो, जय प्रकाश महतो, विकाश महतो, विष्णु देव महतो, मनोज महतो, हितेश महतो एवं समाज के लोग उपस्थित थे।

### शहर के 118 श्याम भक्तों ने खाटू धाम में चढ़ायें निशान




जमशेदपुर। फाल्गुन माह में सोमवार 27 फरवरी को श्री श्याम सेवा समिति जमशेदपुर से जुड़े शहर के 118 श्याम भक्तों ने राजस्थान के खाटू धाम में बाबा श्याम को निशान अर्पण कर पूजा अर्चना की। समिति के संयोजक मुकेश आगीवाल और उपाध्यक्ष अमित मूनका के संयुक्त नेतृत्व में जमशेदपुर के सभी श्याम भक्तों ने श्याम बाबा का निशान अपने हाथ में लेकर नाचते गाते खाटू नरेश की जय हो, श्याम बाबा की जय हो, हारे के सहारे की जय हो जोरदार जयघोष के साथ रींगस से खाटू लगभग 17 किलोमीटर पैदल यात्रा किया। मालूम हो कि सभी 118 भक्त 25 फरवरी शनिवार को जमशेदपुर से रांची सड़क मार्ग से पहुॅचे। रांची से हवाई मार्ग होते हुए राजस्थान जयपुर के लिए रवाना हुए थे।

### श्री श्री राम नवमी पूजा कमिटी,कैरेज कालोनी के अध्यक्ष बने कमलेश दुबे



जमशेदपुर। गत 26 जनवरी रविवार को श्री श्री राम नवमी पूजा कमेटी के द्वारा कैरेज कॉलोनी हनुमान मंदिर में एक बैठक सम्पन्न हुआ बैठक में सर्व सम्मति से अध्यक्ष के रूप में कमलेश दुबे को बनाया गया लाइसेंस हरि नारायण दुबे सचिव अंकित कुमार पांडेय कोष अध्यक्ष मुना पाण्डे को बनाया गया और यह निर्णय लिया गया की पूर्व की भांति इस बार भी भव्यता के साथ और बृहद तरीके से और अनुशासित ढंग से शांति पूर्ण तरीके से पूजा का आयोजन किया जाएगा और जुलूस अखाड़ा भी निकाली जाएगी। बैठक में सदस्य संजय पांडे,बिजय चौधरी, मनोज दुबे,लक्मन उपाध्याय, बाबू लंका,आसिष यादव, गोपाल शर्मा, मनोज मुखी, संतोष चंद्रवंसी, कन्हैया पाण्डेय, राहुल, दीपक पाण्डेय अशोक शुक्ला, विकास पाण्डेय, बजरंग, राजू प्रसाद, बिपिन सामंत, अशोक, रमेश, सूरज पाल, नरसिंग राव, सोनू, सुभम, बादल अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बने गणेश सिंह



जमशेदपुर। क्षत्रिय करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत द्वारा झारखंड प्रदेश में संघठन को मजबूत बनाने हेतु बिनय सिंह को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष,गणेश सिंह को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष और प्रेम सिंह को प्रदेश संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गयी। राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत ने प्रदेश के हर जिले का विस्तारीकरण करने व समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए दिशानिर्देश दिए ताकि राज्य में अंतिम पायदान में जी रहे लोगो का उत्थान हो सके और हर किसी की आवाज बन करणी सैनिक अपनी सक्रिय भूमिका निभाते रहे। झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह ने मिले जिम्मेदारियों के लिए शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया और कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें मिली उसे वो पूरी ईमानदारी से निभाएंगे और मजबूती से समाजहित में मिलकर कार्य करते रहेंगे।

# रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाये पर वचन न जाई..... पर नम हुई श्रद्धालुओं की आंखें

- सूर्यधाम में संगीतमय श्रीराम कथा का छठा दिन
- भगवान की भक्ति, रति और त्याग का अद्भुत उदाहरण हैं भ्राता भरत : गौरांगी गौरी
- आज श्रीराम जी के राज्याभिषेक से श्रीराम कथा का होगा विश्राम
- दोपहर 3:00 बजे कथा होगी प्रारंभ, संध्याकाल में होगा विशाल भंडारा का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के छठे दिन कथा प्रारंभ से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, सांसद विद्युत वरण महतो, उदितवाणी समाचारपत्र के संपादक राधेश्याम अग्रवाल, आरएसएस के इंदर अग्रवाल, राकेश चौधरी, दिनेश कुमार, देवेंद्र सिंह एवं अन्य ने व्यास पीठ एवं व्यास का विधिवत पूजन किया गया। पूजन पश्चात श्री अयोध्याधाम से पधारे मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी का स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात कथा व्यास पंडित गौरांगी गौरी ने कथा स्थल पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के समक्ष श्रीराम कथा के छठे दिन श्रीराम वनगमन, केवट प्रसंग एवं भरत मिलाप का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। कहा कि भरत और केवट से त्याग व भक्ति की प्रेरणा लेनी चाहिए। व्यास पूज्य पंडित गौरांगी गौरी ने प्रसंग सुनाते हुए बताया कि राम और भरत ने संपत्ति का बंटवारा नहीं किया बल्कि विपत्ति का बंटवारा किया। राजा दशरथ ने कैकई को वचन तो दे दिया पर उसके बाद वे निःशब्द होकर रह गए। रघुकुल की मयार्दा के लिए उन्होंने अपने प्रिय पुत्र का वियोग स्वीकार कर लिया। कथा व्यास पंडित गौरांगी गौरी ने कुसंगति को हानिकारक बताया। कहा कि मन्थरा दासी की कुसंगति के कारण ही कैकई की मति मारी गई और उसने राम के राज्याभिषेक से ठीक पहले उनके लिए वनवास मांग लिया। श्रीराम ने पिता के वचन का मान व कुल की मयार्दा रखने के लिए इसे सहर्ष स्वीकार कर लिया और वन को प्रस्थान किया। इस दौरान रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई भजन पर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गयी। वनगमन के दौरान रास्ते में केवट ने श्रद्धा भाव से भगवान राम के पैर धोए थे। साथ ही उन्हें गंगा पार कराई। बदले में केवट ने उनसे भवसागर पार कराने का वरदान मांग लिया। भगवान के चरण दोकर केवट की पीढ़ियां तर गईं। केवट ने हठ किया कि आप अपने चरण धुलवाने के लिए मुझे आदेश दे दीजिए तो मैं आपको पार कर दूंगा केवट ने भगवान से धन-दौलत, पद ऐश्वर्य, कोठी-खजाना नहीं मांगा उसने तो भगवान से उनके चरणों का प्रछालन मांगा। केवट की नाव से गंगा जी को पार करके भगवान ने केवट को उतराई देने का विचार किया। श्रीसीता जी ने अर्धांगिनी स्वरूप को सार्थक करते हुए भगवान की मन की बात समझकर अपनी कर मुद्रिका उतारकर उन्हें दे दी। भगवान ने उसे केवट को देने का प्रयास किया किन्तु केवट ने उसे न लेते हुए भगवान के चरणों को पकड़ लिया। जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ है ऐसे भगवान के श्रीचरणों की सेवा से केवट धन्य हो गया। भगवान ने उसके निःस्वार्थ प्रेम को देखकर उसे दिव्य भक्ति का वरदान दिया तथा उसकी समस्त इच्छाओं को पूर्ण किया। चित्रकूट पर भगवान का आगमन हुआ यहां से भील राज ( निषाद) भगवान को प्रणाम करके अपने गृह के लिए वापस हुए। मार्ग में सोकातुर सुमन्त जी को धैर्य देकर उन्होंने अवध में भेजा। सुमन्त के द्वारा रामजी का वन गमन सुनकर महाराज दशरथ ने प्राणों का त्याग कर दिया राम विरह में प्राणों का त्याग करके अवधेश संसार में सदा के लिए अमर हो गये। श्रीभरत का अयोध्या में आगमन हुआ कैकयी के द्वारा मांगे गये वरदानों के सत्य से परिचित होकर उन्होंने माता कैकयी का सदा के लिए त्याग कर दिया क्योंकि राम प्रेमियों के लिए राम विरोधी का त्याग आवश्यक है।





कथा सुनाती सुश्री गौरांगी गौरी। कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु।

स्पीड न्यूज

## प्रोजेक्ट रैल के तहत प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन

**कोडरमा।** डीसी आदित्य रंजन के निर्देश पर जिले में प्रोजेक्ट रैल 20 के तहत सोमवार को विभिन्न स्कूलों में प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मैट्रिक व इंटर (सभी संकाय) के छात्र छात्राएं शामिल हुए। परीक्षा केंद्रों में 10वीं के छात्र छात्राओं का गणित विषय का परीक्षा लिया गया। जबकि 12वीं के छात्र छात्राओं अंग्रेजी विषय का टेस्ट परीक्षा लिया गया। ज्ञात हो कि जिले में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में बेहतर रिजल्ट के लिए प्रोजेक्ट रैल 20 की शुरुआत की गई है और जैक बोर्ड के पैटर्न पर प्रश्नपत्र तैयार कर मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र छात्राओं का टेस्ट परीक्षा लिया जा रहा है।

## किसानों ने प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण का उठाया लाभ

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत गोहाल एवं घरौंजा पंचायत के सौ किसानों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 20 जलछाजन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समेकित कृषि एवं जलछाजन संबंधित प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण सोमवार को डोमचांच प्रखंड के बच्छेडीह स्थित कैलाखंहर समेकित कृषि फार्म में परिभ्रमण कराया गया। जिसमें किसानों को जल संरक्षण, टपक सिंचाई एवं उन्नत तकनीकी से कृषि पशुपालन, मत्स्य पालन संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बीटीएम ओम प्रकाश गुप्ता, प्रशिक्षक ब्यूटी कुमारी एवं तकनीकी पदाधिकारी आशुतोष कुमार, धीरज कुमार, गिरधारी सिंह, धनेश्वरी देवी, महेंद्र सिंह, जय नाथ पंडित, सुखदेव पंडित, प्रमिला देवी, शारदा देवी, जितनी देवी, शांति देवी आदि किसान मौजूद थे।

## समाजसेवी ने किया प्रखंड के विभिन्न गावों का दौरा, जनसमस्याओं से हुए रु-ब-रु

**कांडी।** मझिआंव-विश्रामपुर विाानसभा क्षेत्र के शिक्षित, जुझारू, कर्मठ, युवा समाजसेवी विकास दुबे ने सोमवार को कांडी प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान वे कांडी प्रखण्ड मुख्यालय पहुंचे। जहां पर उन्होंने बाजार स्थित सभी दुकानदारों से संपर्क कर जनसमस्याओं से रु-ब-रु हुए। इसके बाद वे अपने समर्थकों के साथ महावीर मंदिर में पहुंच कर श्री राम जानकी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने कांडी पोखरा स्थित छठ घाट पर निर्माणाीन सूर्य मंदिर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। सूर्य मंदिर छठ घाट समिति के पदाकािरियों ने निर्माणाीन सूर्य मंदिर निर्माण कार्य मे सहयोग करने की मांग की। इस पर श्री दुबे ने आश्वासन देते हुए कहा कि निर्माण के लिए सेंट्रिंग करवाइए ढालने तक पूरा खर्च मैं वहन करूंगा। इसके बाद वे प्रखण्ड मुख्यालय स्थित मदरसा में भी पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की कोई दिक्कत है तो मुझे नि:संदेह बताएं, अवश्य ही सहयोग करूंगा। मौके पर कांडी बीडीसी प्रतिनिाि अनूप कुमार, गुड्डू मिश्रा, शंभू पाण्डेय, जयप्रकाश सोनी, रविकांत उर्फ टिंकू, पंकज कुमार, विजय सोनी, पाले खान, अशोक प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## राशन गोदाम में हो रहे अनियमितता पर प्रमुख ने डीसी से की कार्रवाई की मांग

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड प्रमुख शोभा देवी ने उपायुक्त को आवेदन देकर राशन गोदाम में हो रहे अनियमितता पर कार्रवाई की मांग किया है। दिए आवेदन में कहा है कि भवनाथपुर प्रखण्ड के राशन गोदाम में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बड़े पैमाने पर गड़बड़ी पाया गया। गोदाम भवन पूरी तरह जर्जर हो गया है। गोदाम में गेहूं, किरासन तेल, चीनी, नमक, किसी भी तरह का सामाग्री नहीं पाया गया। गोदाम के कागजात जांच करने पर ट्रांसपोर्ट की चालान जनवरी, फरवरी माह का दिखाया गया। राशन गोदाम का आवंटन रजिस्टर, वितरण रजिस्टर जांच के दौरान किसी भी तरह का कागजात सही नहीं पाया। जन वितरण प्रणाली में प्रति बोरा कम राशन मिलने की शिकायत मिलती रहती हैं। इसके समाान के लिए सभी डीलर को माप-तौल का मशीन वितरण किया गया है।

# आदिवासी गांव में संविधान, मानव अधिकारों की नहीं हो रहा अनुपालन: सालखन मुर्मू

### आदिवासी सेंगेल अभियान ने निकाली मशाल जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** आदिवासी सेंगेल अभियान द्वारा सोमवार को मशाल जुलूस निकाली गई। जुलूस के पश्चात सभा का आयोजन किया गया। सुमित्रा मुर्मू की अध्यक्षता में निकाली गई मशाल जुलूस का शुभारंभ सिदो कान्हू मुर्मू की प्रतिमा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने माल्यार्पण कर किया। जुलूस में अच्छी संख्या में पीली पगड़ी में संताल आदिवासियों ने भाग लिया। मशाल जुलूस नीचे बाजार से होकर वीर कुंवर सिंह चौक से इंडोड स्टेडियम में पहुंची। जहां पर जाकर सभा में तब्दील हो गई। सभा में सभी अतिथियों ने आदिवासी के हित व विकास के लिए अपनी बातों को रखा। पूर्व सांसद सह आदिवासी सेंगेल अभियान के सालखन मुर्मू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज आदिवासी समाज के सामाजिक और राजनीतिक उत्थान की नई परंतु जरूरी साहसिक पहल का शंखनाद हो रहा है। आदिवासी संताल समाज में शिक्षा ने योगदान किया है। व्यक्तिगत रूप से संताल आदिवासी डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, वकील आदि बन सके है। उनका शैक्षणिक और आर्थिक विकास हुआ है। परंतु इससे आदिवासी संताल समाज का सामुदायिक विकास नहीं हो सका है। क्योकि इन भाग्यशालीयों ने इसके विकास में कुछ भी खास योगदान नहीं है, सिवाय अपने पेट और परिवार को पालने के। श्री मुर्मू ने कहा कि आदिवासी संताल गांव में जनतंत्र, संविधान, कानून और मानव अधिकारों की चर्चा ओर अनुपालन नहीं हो सका है। भारतीय जनतांत्रिक व्यवस्था में राजनीति ही समाधान है। इस अहम तथ्य ओर इसकी उपयोगिता को अबतक नहीं समझा गया है। राजनीति को नकारात्मक रूप से लिया गया, बल्कि गांव व समाज में राजनीतिक चर्चा करना वर्जित है। यद्यापि मतदान हंडिया, दारू, रूपयों आदि के लिए अबतक आदिवासी करते रहे है। इसके लिए बहुत हद तक ओल चिकी के निमार्ता पंडित रघुनाथ मुर्मू और उनके अनेक समर्थक संगठन दोषी है। राजनीतिक जागरूकता की कमी के कारण राजनीतिक प्रक्रिया ओर राजनीतिक दलों तथा आदिवासियों जनप्रतिनिधियों को आदिवासी समाज हित में कार्य करने के लिए कभी मजबूर नहीं किया जा सका है। अंततः राजनीतिक दल और आदिवासी एमएलए, एमपी आदि इनको अपनी सत्ता सुख और स्वार्थों के लिए सदा दुरूपयोग करते है। श्री मुर्मू ने कहा कि आदिवासी समाज का सामूहिक बड़ा कोई विजन, मिशन, एक्शन प्लान नहीं है। नतीजन उनका कोई व्यापक, सामूहिक एजेंडा नहीं है। जैसे कि एकजुट होकर अपने हासा, भाषा, जाति, धर्म, रोजगार, इज्जत, आबादी, प्राकृति पर्यावरण बचाना तथा संवैधानिक अधिकारों के लिए संघर्ष करना। व्याप्क एकजुटता बनाना आदि है।

उन्होंने कहा कि संताल आदिवासी गांव, समाज में पारंपरिक वंशानुगत आदिवासी स्वशासन व्यवस्था के तहत नियुक्त् माझी हड़ाम-परगना आदि अधिकांश संविधान कानून देश दुनिया से अनभिज्ञ होने से प्रत्येक संताल आदिवासी गांव समाज दिशाहीन है। जैसे किसी रेलगाड़ी का इंजन नशे में धुत कोई व्यक्ति के कब्जे में है। आदिवासी गांव समाज में अबतक नशापान, अंधविश्वास, डायनप्रथा, वोट खरीद-बिक्री, आदिवासी महिला विरोधी मानसिकता को खत्म कर आगे बढ़ने के किसी संकल्प पर विचार नहीं हुआ है। गांव-समाज अबतक इसी दलदल में खड़ा है। जिसको खत्म करने की जगह इसको बढ़ज्ञने में वंशुनागत स्वशासन व्यवस्था गलत योदान कर रहा है। यह सती प्रथा से खतरनाक बन चुका है। इसमें जनतांत्रिक और संवैधानिक तत्वों को समाहित किए बगैर गांव, समाज में लोग स्वपोषित गुलामी की जीवन को मजबूर है।



मशाल जुलूस का शुभारंभ करते पूर्व सांसद सालखन मुर्मू

## एक नजर में

### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढाई के साथ साथ स्किल विकास भी जरूरी : अन्नपूर्णा

**कोडरमा।** राष्ट्रीय मुक्त विधालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) द्वारा जिला मुख्यालय स्थित परियोजना बालिका उच्च विधालय में मुक्त कौशल केंद्र की शुरुआत की गई। जिसका उद्घाटन कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया। वहीं उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आधुनिक समय में पढाई के साथ-साथ स्किल विकास समय की मांग है, एनआईओएस के द्वारा खोले गए यह केंद्र इसी उद्देश्य को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि जिले के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ व्यवसायिक शिक्षा भी मिले, ताकि वे आगे चल कर रोजगार से जुड़ सकें अथवा स्वरोजगार कर सकें, इस मामले में यह केंद्र मिल का पत्थर साबित होगा। वहीं उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ कौशल विकास की जानकारी होना बहुत जरूरी है, इसके माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। वहीं जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि मुक्त कौशल केंद्र खुलने से स्थानीय युवक युवतियां विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ सकेंगे। वहीं एनआईओएस के अध्यक्ष प्रो सरोज शर्मा ने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से ग्रामीण और अर्ध शहरी व एससी व एसटी वर्ग की लड़कियों और महिलाओं को नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। केंद्र के माध्यम से प्रशिक्षुओं को कम्प्यूटरिंग, कटिंग, स्टिचिंग और ड्रेस मेकिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर प्रदीप कुमार मोहंती, डॉ.टीएन गिरी, आलोक कुमार गुप्ता, डॉ.राजीव प्रसाद, जेएमएम जिलाध्यक्ष श्याम किशोर सिंह आदि मौजूद थे।

### एसकेएमयू के एसपी लॉ कॉलेज के छात्रों ने प्रमाण पत्र में सुधार की मांग को लेकर कुलाधिपति को भेजा पत्र

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के एसपी कॉलेज एलएलबी छात्रों ने राज्यपाल सह कुलाधिपति को सोमवार को पत्र प्रेषित किया है। कुलाधिपति को पत्र प्रेषित कर छात्रों ने प्रमाण पत्र में अंकित कॉलेज के नाम में सुधार का आग्रह किया है। छात्रों ने बताया कि सभी एसपी लॉ कॉलेज के सत्र 2017-20 के सेमेस्टर 6 का उत्तीर्ण छात्र है।बताया कि सभी निर्गत परीक्षा प्रवेश पत्र एवं प्रमाण पत्र में एसपी लॉ कॉलेज के जगह एसपी कॉलेज अंकित है। जबकि बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अनुसार गलत है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया से एसपी कॉलेज के नाम से मान्यता प्राप्त है। जबकि कॉलेज का परित्याण प्रमाण पत्र और चरित्र प्रमाण पत्र एसपी लॉ कॉलेज के नाम से अंकित है। जबकि विश्वविद्यालय के अंतर्गत एसपी लॉ कॉलेज के नाम से पंजीकृत है। प्रमाण पत्र में गड़बड़ी को लेकर झारखंड बार काउंसिल ऑफ इंडिया में पंजीयन कराने को लेकर प्रमाण पत्र की जांच पर छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। छात्रों ने बताया कि इस बावत कई बार कॉलेज प्रशासन, लॉ कॉडिनेटर और विश्वविद्यालय प्रशासन से अवगत कराया गया। लेकिन अब तक आश्वासन के सिवाय छात्रों को कुछ नहीं मिला। जिससे छात्रों को बार काउंसिल ऑफ इंडिया समेत अन्य राज्यों में पंजीयन को लेकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों ने कुलाधिपति से जल्द से जल्द प्रमाण पत्र समेत अन्य शैक्षणिक कागजात में कॉलेज का नाम संशोधन कर एसपी कॉलेज के जगह एसपी लॉ कॉलेज अंकित करने का आग्रह किया है। पत्र की प्रतिलिपि विश्वविद्यालय प्रशासन को भी दी गई है।

### मरकच्चो के बंदरचौकवा में वन रक्षा बंधन का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत डगरनवां पंचायत स्थित बंदरचौकवा गांव में सोमवार को वन रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डीसी आदित्य रंजन व डीएफओ सूरज कुमार सिंह आदि शामिल हुए। वहीं स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पारंपरिक रीतिरिवाजों के साथ आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों के साथ डीसी व डीएफओ समेत अन्य अधिकारियों ने पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांध कर पेड़ पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया। ग्रामीणों को प्रकृति से होने वाले लाभों की चर्चा करते हुए, डीसी श्री रंजन ने कहा कि मानवजीवन में पेड़ पौधों का अनमोल महत्व है। डीसी ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पेड़ पौधों की रक्षा करने से ही जंगलों का आस्तित्व बच पायेगा।

## ड्रॉप आउट बच्चें की नामांकन हो सुनिश्चित अन्यथा होगी कार्रवाई : रविशंकर शुक्ला

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक सोमवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी रविशंकर शुक्ला ने किया। बैठक में डीसी ने विभागवार समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि डाकिया योजना के तहत खाद्यान्न प्राप्त करने वाले लाभुकों को ससमय राशन मिले इसे सुनिश्चित करें। राशन का उठाव एवं वितरण ससमय हो। यूआईडी सीडिंग का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाय।उन्होंने कहा कि योग्य लाभुकों को चिन्हित करते हुए उनके बीच ग्रीन कार्ड का वितरण किया जाये।



बैठक में उपस्थित डीसी व विभाग अधिकारी

कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने केसीसी से संबंधित आवेदनों को लक्ष्य के अनुरूप सृजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक केसीसी के योग्य लाभुकों को केसीसी का लाभ दिया जाये। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने योग्य लाभुकों को योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया। पशुपालन एवं गव्य विकास की समीक्षा करते हुए उन्होंने पशु टीकाकरण कार्य को मिशन मोड में पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि पशु सखी से आवश्यक सहयोग प्राप्त करते हुए टीकाकरण कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाये। इस दौरान मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना एवं जोड़ा बैल वितरण योजना की भी समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप निर्धारित समयसीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यालय जहां चाहरदीवारी एवं पानी की व्यवस्था उपलब्ध है, उन विद्यालयों में किचन गार्डन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

## आप पार्टी ने फूंका पीएम का पुतला



पुतला दहन करते आप

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** आप पार्टी के कार्यकताओ ने सोमवार को विरोध मार्च निकाल पीएम मोदी का पुतला दहन टीन बाजार चौक पर किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष अश्विनी मिश्र ने किया। इस अवसर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष ब्यास उपाध्याय उपस्थित रहे। नुक्कड़ सभा आयोजन कर केंद्र सरकार के कार्यो को तानाशाही बताया।वक्ताओं ने दिल्ली सरकार की शिक्षा नीति की सराहना करते हुए शिक्षा मंत्री, दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया की गिरफ्तारी का विरोध किया। इस मौके पर मुख्य रूप से दुमका विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी मीरू हांसदा, जनजातीय मोर्चा जिला अध्यक्ष रूसीलाल टुडू, अल्पसंख्य मोर्चा जिलाध्यक्ष मो लतीफ अंसारी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेंद्र हेंब्रम, अनिता मरांडी,लखीमुनी टुडू, रोज मेरी, उर्मिला किस्कू, सुनीता मरांडी, जीनत हांसदा, किरण टुडू आदि मौजूद थे।

## छाचेसं का 25 वां स्थापना दिवस समारोध धूमधाम से मना

# शिक्षा से ही देश में फैली विषमताओं और कुरीतियों हो सकती हैं दूर: केंद्रीय प्रमुख

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** युवाओं के गैर राजनीतिक संगठन छात्र चेतना संगठन का 25 वां स्थापना दिवस समारोह यज्ञ मैदान में आयोजित हुई। समारोह में संताल परगना के सभी छह जिलों के अलावा राज्य के अन्य जिलों एवं पडोसी राज्यों से भी संगठन के कार्यकर्ता और अधिकारी जुटे। सामरोह में युवाओं ने शहर में बाईक रैली निकाल महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। रैली शहर के मुख्य मार्गो से होती हुईं यज्ञ मैदान पहुंची। जहां चन्द्रशेखर आजाद सहित राज्य के गुमनाम शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनके प्रति कृज्ञता प्रकट किया। समारोह का उद्घाटन संगठन के केंद्रीय प्रमुख हिमांशु मिश्रा, केंद्रीय सलाहकार डा आर के नीरद, प्रदेश अध्यक्ष डॉ हनीफ एवं केंद्रीय समिति सदस्य पूनम शेखर ने दीप प्रज्वलित कर एवं भारत माता, देश के महान क्रांतिकारी पंडित चंद्रशेखर आजाद के चित्र पट पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक एवं परंपरागत नृत्य प्रस्तुत किया। संगठन से जुड़ी छात्राओं ने क्षेत्रीय खोरठा नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा ने कहा कि स्थापना दिवस पर संगठन भारत के पुरातन संस्कृति, सभ्यता और भारत के पुनर्निर्माण को संकल्पित हैं। महान क्रांतिकारी पंडित चंद्रशेखर आजाद ने जिस महान भारत के सपनों को देखा था, आज वह समय आ गया है। आज हम इस अवस्था में खड़े हैं जहां हम उनके इस पावन और महान सपने को साकार कर सकते हैं। उस महान लक्ष्य तक पहुंचने के लिए जाति धर्म और लिंग भेद से उपर उठकर देश में फैली विषमताओं और कुरीतियों को दूर करने के लिए काम करने पर जोर दिया। जिसे दूर करना शिक्षा से संभव है। संगठन अगले एक वर्ष में ऐसे 100 बच्चों को मदद करने का संकल्प लिया। जो संख्या 2030 तक 1000 छात्रों की प्रतिभा को निखारने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय सलाहकार डॉ आर के नीरद ने कहा कि यह साल दो अर्थों में महत्वपूर्ण है। पहला तो यह है कि यह देश की आजादी का गौरव वर्ष से है।

जिसमें राष्ट्रीय चेतना के विकास के साथ-साथ अपने सांस्कृतिक गौरव और अपने गुमनाम नायकों को सामने लाने का संकल्प पूरे राष्ट्र ने लिया है। संगठन भी इस संकल्प के साथ है। दूसरी महत्वपूर्ण बात संगठन का रजत वर्ष है। उन्होंने युवाओं को रचनात्मक दिशा देना संगठन का मूल ध्येय बताया है। प्रदेश अध्यक्ष प्रो डॉक्टर हनीफ ने कहा कि संगठन एक गैर राजनीतिक संगठन है, जो युवाओं को नैतिक दिशा देने का काम करता है।



रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

# आदिवासी हो समाज के मागे पर्व पर ग्रामीणों के साथ झूमे डॉ. विजय गागराई

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** आदिवासी हो समाज कराईकेला की ओर से देशाउली मागे पोरोब का भव्य आयोजन कराईकेला पानी टंकी के समीप में किया गया। मागे पोरोब का दूसरा दिन यानी मागे पूजा दिउरी मनमोहन बोदरा एवं उनके सहयोगी द्वारा किया गया। देशाउली सिंगबोंगा एवं ग्राम देवता सबके नाम से लाल, सफेद, बारह बोरनी मुर्गे और काले मुर्गी की बली देशाउली जहेरथान में दी गई एवं समस्त बस्ती वासियों के मंगलमय स्वस्थ की कामना की। हो समुदाय के मान्यता अनुसार पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई ने कहा यह पर्व मनाने की प्रथा सदियों से चली आ रही है। इसकी शुरूआत इस धरती के प्रथम मानव लुकू और लुकुमी ने की थी। उन्होंने कहा मागे पर्व हो समुदाय का बहुत बड़ा एवं प्रमुख पर्व है। इस पर्व में सभी अपने घरों में मेहमानों को बुलाते है, पकवान हेतु लेटो मंडी बनाया जाता है। उन्होंने कहा यह पर्व पूरे झारखंड के आदिवासी बहुल गांव में हर साल बहुत धूमधाम से मनाते है। हो समुदाय के लोग महीने भर पहले से ही इसकी तैयारी में लग जाते है। ऐसी मान्यता है की यह पर्व करने से किसी तरह की महामारी का प्रकोप नहीं होता है। इस मौके पर सभी लोगों ने मागे पर्व का एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही मांदर की थाप पर आदिवासी लोक गीत पर विजय सिंह गागराई एवं अन्य ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से नृत्य प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम देर रात तक जारी रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मौके पर ग्राम मुंडा श्यामलाल गागराई, दिउरी मनमोहन बोदरा, पूर्व मुखिया राजेंद्र मेलगांडी, मांगीलाल मेलगांडी, गोपाल होनहागा, संजय बोदरा, नंदलाल पूर्ति, अजय मेलगांडी, गोबिंद बोदरा, तुलसी महतो, नरेश बानरा, पंकज गागराई एवं समस्त बस्ती वासियों का सहयोग रहा।



## जयराम व विकास ने साधा सबसे सटीक निशाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** हिजला मेला के चौथे दिन सोमवार को पुरुष एवं महिलाओं के बीच खेलकूद कार्यक्रम आयोजित हुई। 14 वर्ष से कम उम्र के बालकों के लिए आयोजित लंबी कूद प्रतियोगिता में सौरभ कुमार,दीपक टुडू एवं नेल्सन मुर्मू, तीरंदाजी प्रतियोगिता में विकास सोरेन, संजय हांसदा एवं रंजन सोरेन, कुश्ती प्रतियोगिता में वीरेंद्र टूडू,रोहित कुमार झा एवं श्रेष्ठ कुमार क्रमशः पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे। इसी आयु वर्ग की बालिका वर्ग के कुश्ती प्रतियोगिता में मीरू सोरेन,अनीता हेंब्रम तथा मीनूती टुडू क्रमशः पहले,दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों के लिए आयोजित लंबी कूद प्रतियोगिता में विनोद हेंब्रम, रूसीलाल हांसदा एवं राजकिशोर हांसदा, 100 मीटर की दौड़ में अशोक मुर्मू, राजकिशोर हांसदा एवं विनोद हेंब्रम 400 मीटर की दौड़ में रामकुमार यादव, अशोक मुर्मू एवं सामोल हांसदा,मटका फोड़ प्रतियोगिता में ईश्वर चंद्र मुर्मू,मदन मुर्मू एवं वीरेंद्र टुडू, पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में 210 किलोग्राम भार उठाकर विशाल कुमार, 200 किलोग्राम भार उठाकर पुलकित तिर्की एवं 190 किलोग्राम भार उठाकर प्रकाव्य समीप, गोला फेंक प्रतियोगिता में मुकेश कुमार,जॉन हांसदा एवं पुलकित तिर्की,तीरंदाजी प्रतियोगिता में जयराम हांसदा, गोपाल सोरेन एवं धुनीराम हांसदा क्रमशः पहले,दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे .महिलाओं के लिए आयोजित घड़ा दौड़ प्रतियोगिता में शकुंतला बेसरा,बहामुनी हांसदा एवं मीरू मरांडी क्रमशः पहले,दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहीं।

# पेयजल समस्या को लेकर महिलाओं ने किया रोडे जाम

## एक घंटे जाम रहा चक्रधरपुर-सोनुवा मुख्य सड़क मार्ग, पुलिस के आश्वासन के बाद हटाया जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर अनुमंडल मुख्यालय से करीब 22 किमी दूर सोनुवा प्रखंड के सोनापोस पंचायत अंतर्गत बनुवा गांव के ग्रामीणों ने व्याप्त पेयजल समस्या को लेकर सोमवार सड़क जाम कर दिया। सुबह करीब दस बजे हाई स्कूल चौक के पास महिलाओं ने देकची-बर्तन के साथ सोनुवा-चक्रधरपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीण महिलाएं गांव के पेयजल समस्या के समाधान जल्द करने की मांग कर रह थी। इस दौरान महिलाओं ने पानी की समस्याओं को लेकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। सड़क जाम होने से सड़क पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलने के बाद सोनुवा पुलिस के अधिकारी व जवान जाम स्थल पर पहुंच महिलाओं को जाम हटाने को लेकर समझाने लगे। इस दौरान पुलिस अधिकारी समस्या का समाधान जल्द करने का आश्वासन दिया। काफी समझाने के बाद महिलाओं ने करीब एक घंटे बाद सुबह करीब ग्यारह बजे जाम को हटाया।



सोनुवा-चक्रधरपुर मुख्य सड़क को जाम करते बनुवा गांव के ग्रामीण महिलाओं को समझाती पुलिस।

**बनुवा में है गंभीर पेयजल संकट :** मालूम रहे कि सोनुवा प्रखंड सोनापोस पंचायत के बनुवा गांव में पेयजल की समस्या काफी पूरानी है। जो गर्मी के दिनों में काफी गम्भीर हो जाती है। ग्रामीण पेयजल के लिए गांव से करीब आधा किमी दूर तय कर पानी लाने जाते है। गांव के पेयजल समस्या का समाधान को लेकर पिछले दस पहले स्वजल धारा योजना के तहत हाई स्कूल चौक के पास एक डीप बोरिंग के साथ गांव में पाइप लाइन के जरीए पानी सप्लाई करने को लेकर काम किया गया। लेकिन, यह योजना प्रशासनिक अनदेखी के कारण सफल नहीं हो पायी।

## बूढ़े हो रहे हो शादी कब करोगे? सवाल पर बाबर हुए शरम से लाल

नयी दिल्ली। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को मैच से पहले पत्रकारों से रूबरू हुए तो उन्हें अजब-गजब सवालों का सामना करना पड़ा। खासकर उनकी शादी को लेकर जब सवाल हुए तो बाबर शरम से लाल हो गए। मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक रिपोर्टर ने बाबर से मजाकिया अंदाज में पूछा कि वह शादी कब करेंगे। रिपोर्टर ने बाबर से पूछा कि उनके बाल सफेद हो रहे हैं (क्रिकेटर बूढ़ा हो रहा है)। वह कब शादी करेंगे। पत्रकार ने पूछा- सारे लड़कों की शादी हो रही है, आपके बाल सफेद होते जा रहे हैं। आपका कब है इरादा है शादी का? इस पर बाबर थोड़ शरमाते हुए बोले- यह उम्र की वजह से नहीं है, शुरू से है मेरे बाब सफेद हैं। जब टाइम आएगा, हो जाएगा। मैं भी इंतजार कर रहा हूं, आप भी करें।

## पैट कमिंस की मां की हालत खराब

सिडनी। मां की खराब तबीयत की खबर लगते ही ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस स्वदेश लौट गए। भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में हार के बाद उन्होंने सिडनी के लिए उड़ान भरी। अब वह 1 मार्च से इंदौर में होने वाले तीसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। पैट कमिंस ने अपनी गंभीर रूप से बीमार मां मारिया को शुभकामना देने के लिए इंग्लैंड की बार्मी आर्मी की सराहना की। दरअसल, इंग्लैंड के मशहूर फैंस क्लब बार्मी आर्मी के ट्विटर हैंडल पर शनिवार को एक वीडियो अपलोड किया गया। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच जारी दूसरे टेस्ट मैच के दौरान बार्मी आर्मी बैंड का एक मेंबर 'मारिया' धुन बजाते हुए देखा जा सकता है। यह वीडियो इंटरनेट पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसे रीट्वीट करते हुए पैट कमिंस ने लिखा, 'यह बहुत शानदार था। मां ने इसे काफी पसंद किया।

## बांग्लादेश का दौरा इंग्लैंड के लिए आदर्श चुनौती : जोस बटलर

ढाका। इंग्लिश क्रिकेट टीम के सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि आगामी बांग्लादेश दौरे पर धीमी और नीची विकेट पर खेलना इस साल के अंत में भारत में होने वाले विश्व कप के लिए आदर्श तैयारी है। इंग्लैंड को बांग्लादेश में तीन वनडे और तीन ट्वेंटी-20 मैच बुधवार से मीरपुर में खेलने हैं। शायद उन परिस्थितियों में खुद को परखने के लिए एक टीम के रूप में हमें सबसे कठिन लगेगी। हम धीमी और नीची विकेट की उम्मीद कर रहे हैं, जो वास्तव में हम चाहते हैं, कठिन परिस्थितियों में खुद को परखने के लिए हमारे लिए अच्छी तैयारी होगी।

# गिल को मिलेगा मौका? गांगुली ने कहा

एजेंसी

नयी दिल्ली। शुभमन गिल को अंतिम एकादश में शामिल करने की मांग हो रही है लेकिन गांगुली को लगता है कि पंजाब के इस खिलाड़ी को मौके मिलेंगे और अगर उन्हें थोड़ा इंतजार करना पड़े तो कोई नुकसान नहीं है। शुभमन बेहतरीन फॉर्म में होने के बावजूद प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं बना पा रहे हैं। गांगुली ने कहा, मुझे यकीन है कि जब उसका समय आएगा तो उसे भी बहुत सारे मौके मिलेंगे। मुझे लगता है कि चयनकर्ता, कप्तान और कोच उसके बारे में सोचते हैं और उसे बहुत उच्च दर्जा देते हैं। यही कारण है कि वह एकदिवसीय और टी20 खेल रहा है और उसने प्रदर्शन भी किया है। उन्होंने कहा, लेकिन इस समय शायद टीम प्रबंधन का संदेश है कि उसे इंतजार करना होगा। भारत ने दोनों टेस्ट में जीत हासिल की है लेकिन कप्तान रोहित शर्मा को छोड़कर शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने अर्धशतक नहीं बनाया है। क्या स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाज दबदबा नहीं बना पा रहे, गांगुली ने कहा, मुझे ऐसा नहीं लगता। ये बहुत कड़े विकेट हैं। मैंने पहले दो टेस्ट में देखा और यह आसान नहीं है। अश्विन, जडेजा, लायन और नये खिलाड़ी टॉड मर्फी को खेलना, यह कभी भी आसान नहीं होता क्योंकि कुछ गेंद काफी टर्न करती हैं। यहां असमान उछाल है, स्पिनरों को काफी मदद मिल रही है। भारत ने शुरूआती दो टेस्ट कुल मिलाकर पांच दिन के अंदर जीते और गांगुली इससे हैरान नहीं हैं। उन्होंने कहा, भारत अपने देश में अलग टीम है। वे हर जगह काफी अच्छी टीम हैं लेकिन भारत में उन्हें हराना काफी कठिन है। जब गेंद स्पिन लेने लगती है तो वे किसी भी अन्य टीम से बेहतर हैं। क्या 4-0 से जीत भारत के लिए वास्तविक संभावना है?, गांगुली ने कहा, मुझे ऐसा लगता है। मुझे नहीं पता कि ऑस्ट्रेलिया इसे कैसे रोक सकता है। उन्होंने कहा, समस्या यह है कि हम इस ऑस्ट्रेलियाई टीम की अतीत की टीमों से तुलना करते रहते हैं और यह समान नहीं है। आपके पास मैथ्यू हेडन, जस्टिन लैंगर, रिकी पोंटिंग, स्टीव और मार्क वॉ, (एडम) गिलक्रिस्ट नहीं हैं। आपके पास उस स्तर के खिलाड़ी नहीं हैं। गांगुली ने कहा, हास्टीव स्मिथ एक शानदार खिलाड़ी है। (डेविड) वॉर्नर लय हासिल नहीं कर पाया है, (मार्नस) लाबुशेन एक अच्छे खिलाड़ी हैं लेकिन ये उनके लिए भी कठिन परिस्थितियां हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, हम ऑस्ट्रेलियाई टीमों के साथ यह गलती करते हैं कि हमें लगता है कि वे स्टीव वॉ की ऑस्ट्रेलियाई टीम है लेकिन ऐसा नहीं है। अलग-अलग परिस्थितियों में अलग-अलग खिलाड़ियों की अलग-अलग परीक्षा होती है।



## मोस्ट वैल्यूएबल टीम में ऋचा घोष को जगह

दुबई। आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2023 की मोस्ट वैल्यूएबल टीम में भारतीय युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष को जगह मिली है। घोष के अलावा अन्य कोई भी भारतीय खिलाड़ी इस टीम में जगह नहीं बना पाया है, वहीं खिताब विजेता ऑस्ट्रेलियाई टीम की चार खिलाड़ियों को टीम में चुना गया है। टीम में ऑस्ट्रेलिया की ओर से प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट एश्ले गार्डनर, एलिसा हीली, डार्सी ब्राउन और मेगन शुट्ट को शामिल किया गया है, जबकि इंग्लैंड के नेट साइवर-ब्रंट को कप्तान के रूप में चुना गया है। टीम को विशेषज्ञों के एक पैनल द्वारा चुना गया था जिसमें कमेंटेटर इयान बिशप, मेलानी जोन्स और एबोनी रेनफोर्ड-ब्रेंट, पत्रकार फिरदोस मोंडा शामिल थे।

# फॉलोऑन खेलकर कीवी ने इंग्लैंड को दिया 258 का टारगेट, केन विलियमसन ने शतक ठोका



एजेंसी

वेलिंगटन। इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड पर जीत के लिए 210 रन चाहिए। न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन में खेली जा रही घरेलू सीरीज के दूसरे टेस्ट में फॉलोऑन खेलते हुए केन विलियमसन के शानदार शतक की मदद से दूसरी पारी में 483 बना दिए और इंग्लैंड को 258 रनों का टारगेट दिया। चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने 1 विकेट खोकर 48 रन बना लिए हैं। न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन के 202/3 के स्कोर से आगे खेलते हुए चौथे दिन सात विकेट खोकर दूसरी पारी में 281 रन जोड़े। ड्रिंक्स तक न्यूजीलैंड ने 4 विकेट खोकर 100 ओवर में 262 रन बनाए। लंच तक न्यूजीलैंड ने 5 विकेट खोकर 325 रन बना लिए थे। उसके बाद ड्रिंक्स तक 127 ओवर में न्यूजीलैंड ने 5 विकेट के नुकसान पर 375 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने 10 विकेट खोकर दूसरी पारी में 162.3 ओवर में 483 रन बनाए। विलियमसन ने पहले हेनरी निकोलस के साथ चौथे विकेट के लिए 153 गेंदों पर 50 रन की पार्टनरशिप की। निकोलस 29 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उसके बाद विलियमसन ने डेरिल मिशेल के साथ 62 गेंदों पर फिर 50 रन की पार्टनशिप की। विलियमसन ने मैच में 26वां शतक लगाया और वह न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। विलियमसन ने पूर्व कीवी बल्लेबाज रॉस टेलर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने 112 टेस्ट में 44.66 की औसत से 7,683 रन बनाए हैं। विलियमसन के टेस्ट क्रिकेट में अब 53.34 के औसत से 7,787 रन हो गए हैं। उन्होंने इंजमाम उल हक का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। इंजमाम ने टेस्ट क्रिकेट में 25 शतक लगाए हैं।

## तुर्की में आया भूकंप तो मैदान पर लगे खिलौनों के ढेर, बच्चों के लिए सामने आया फुटबॉल क्लब



अंकारा। इस्तांबुल फुटबॉल क्लब बेसिक्तास के फैंस ने फुटबॉल मैच के दौरान एक सराहनीय काम किया। 6 फरवरी को तुर्की में आए विनाशकारी भूकंप में प्रभावित बच्चों के लिए हजारों खिलौने ग्राउंड पर फेंके। यह संदेश था कि इन मुश्किल हालातों में सभी एकजुट होकर प्रभावित बच्चों के साथ हैं। दरअसल, तुर्की सुपर लीग में बेसिक्तास और फ्रांफोर्ट टीएवी एंटाल्यास्पोर के बीच हुए मैच को 4 मिनट और 17 सेकंड के बाद ही खेल रोक दिया गया ताकि प्रशंसकों को पिच पर गिफ्ट फेंकने की अनुमति मिल सके। मैच भले ही बेनतीजा रहा हो, लेकिन इस कोशिश ने लाखों दिल जीत लिए। ब्रुकलिन कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर लुइस फिशमैन ने वीडियो ट्वीट करते हुए लिखा, 'इसे देखें, और मुझे बताएं कि आपको कुछ महसूस नहीं हुआ। तुर्की में आए भूकंप के बाद बेघर हुए बच्चों के लिए फुटबॉल फैंस ग्राउंड को खिलौनों से भर देते हैं। प्यार का ऐसा खूबसूरत और दिल दहला देने वाला सीन। दुनिया में लोगों का कितना बड़ा दिल।'स्टेडियम में मौजूद हजारों फैंस मैदान पर खिलौने और स्कार्फ फेंकने लगे, जिसे खिलाड़ी और कर्मचारी उठाते दिखाए दिए। अब ये खिलौने भूकंप से प्रभावित बच्चों को भेजे जाएंगे।

## सिर्फ 2 गेंद में हासिल किया लक्ष्य, 10 रन पर पूरी टीम ऑलआउट, चौंकाने वाला क्रिकेट वर्ल्ड रिकॉर्ड

एजेंसी

नयी दिल्ली। क्रिकेट को यूंही नहीं अनिश्चितताओं का खेल कहा जाता। यहां कब क्या हो जाए कोई नहीं जानता। ऐसा ही अजीबोगरीब वाकया स्पेन और आइल ऑफ मैन के बीच हुए मुकाबले में हुआ। इस मैच में आइल ऑफ मैन की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 10 रन पर ही सिमट गई। यह मेंस टी-20 क्रिकेट इतिहास का सबसे न्यूनतम टोटल है। जवाब में स्पेन ने दो गेंद में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

### 0 पर आउट हुए 7 बल्लेबाज

आइल ऑफ मैन की टीम 8.4 ओवर में सिर्फ 10 रन पर ही सिमट गई। उसका कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया। सात प्लेयर तो खाता तक नहीं खोल पाए। प्लेयर ऑफ द मैच अतीफ महमूद ने 4 ओवर में 6 रन देकर चार विकेट झटके जबकि मोहम्मद कामरान ने 4 ओवर में सिर्फ 4 रन देकर 4 विकेट चटकाए। 11 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्पेनिश टीम के लिए ओपनर ओवेस अहमद ने 2 गेंद में लगातार दो छक्के लगाकर मैच खत्म कर दिया। एक एक्स्ट्रा रन नो बॉल का भी था। इस तरह 118 गेंद शेष रहते उसे 10 विकेट से जीत नसीब हुई।

### तुर्की का शर्मनाक रिकॉर्ड तोड़ा

इससे पहले टी-20 में सबसे कम रन बनाने का शर्मनाक रिकॉर्ड तुर्की के नाम था। चार साल पहले 2019 में चेक रिपब्लिक के खिलाफ तुर्की की टीम सिर्फ 21 रन पर ही सिमट गई थी। आइल ऑफ मैन ने अब तक 16 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं, जिसमें उसका मिला-जुला प्रदर्शन रहा है। आठ मैच में जीत तो सात में हार का मुंह देखना पड़ा है।

### कौन सा देश है आइल ऑफ मैन?

इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच आयरिश सागर में आइल ऑफ मैन एक स्वशासी देश है, जो ब्रिटिश राजशाही के अधीन आता है। अपने बीहड़ समुद्र तट, मध्यकालीन महल और ग्रामीण परिदृश्य के लिए पहचाने जाने वाले इस देश ने स्पेन का दौरा किय, जहां 24 से 26 फरवरी के बीच छह मैच की टी-20 सीरीज खेली गई। स्पेन ने आइल ऑफ मैन को पहले मैच में 81 रन से हराया। दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। तीसरे मैच में आठ विकेट, चौथे मैच में छह विकेट, पांचवें मैच में सात विकेट और छठे मैच में स्पेन को 10 विकेट से जीत मिली।

## विनेश का योगेश्वर दत्त पर निशाना

# WFI से जुड़े विवाद में अध्यक्ष का समर्थन और फैक्ट लीक किये कमेटी से तुरंत हटाया जाए

`एजेंसी

पानीपत। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कुछ इंटरनेशनल पहलवानों द्वारा लगाए गए शारीरिक शोषण के आरोपों से जुड़े मामले में नया मोड़ आ गया है। इस मामले की जांच के लिए इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन और खेल मंत्रालय की ओर से गठित अलग-अलग जांच कमेटियों में शामिल इंटरनेशनल पहलवान योगेश्वर दत्त की भूमिका पर आरोप लगाने वाले रेसलर्स में शामिल विनेश फोगाट ने सवाल उठाए हैं। विनेश फोगाट ने अपने ट्वीट में सीधे योगेश्वर दत्त का नाम तो नहीं लिया मगर अपरोक्ष रूप से उनका जिक्र करते हुए लिखा कि मामले की जांच कर रही दोनों कमेटियों में शामिल एक मेंबर पहलवानों की यौन उत्पीड़न से जुड़ी शिकायत के तथ्य लीक कर रहा है। ऐसा उन्हें मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला है। इसीलिए इस सदस्य को तुरंत जांच कमेटी से हटाया जाना चाहिए। विनेश फोगोाट ने अपने ट्वीट में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को टैग भी किया। गौरतलब है कि IOA और खेल मंत्रालय की ओर से बनाई गई दो अलग-अलग कमेटियों की अध्यक्ष नामी बॉक्सर मैरीकॉम हैं। इन दोनों ही कमेटियों में हरियाणा के पहलवान योगेश्वर दत्त शामिल हैं। योगेश्वर पर विनेश फोगाट पहले भी निशाना साध चुकी हैं।

### विनेश के ट्वीट में लिखी मुख्य बातें

विनेश फोगाट में ट्वीट में लिखा कि- मुझे हाल ही में पता चला है कि ओवर साइट कमेटी का एक खिलाड़ी सदस्य कथित तौर पर कल से यौन उत्पीड़न की शिकायत की सामग्री को लीक कर रहा है। ऐसा उन्हें मीडिया रिपोर्ट्स पढ़ कर पता लगा है। एक खिलाड़ी होने के नाते यह देखना बेहद निराशाजनक है कि ओवर साइट कमेटी के एक साथी खिलाड़ी सदस्य ने इतनी लापरवाही से व्यवहार किया है। महिलाओं के प्रति उनका रवैया इस तरह के व्यवहार से स्पष्ट होता है।



### पहले दिन से महिलाओं के हितों के खिलाफ है सदस्य

विनेश ने कहा कि चिंता केवल इस जांच की कार्रवाई तक ही सीमित नहीं है, क्योंकि मुझे यकीन है कि पूर्व अध्यक्ष को इस सदस्य का समर्थन मिल रहा है। यह सदस्य पहले दिन से महिलाओं के हितों के खिलाफ काम कर रहा है। समिति की कार्रवाई के दौरान इस खिलाड़ी द्वारा प्रदर्शित सहानुभूति की कमी और असंवेदनशीलता चौंकाने वाली थी। मैं अनुरोध करती हूं कि इस मामले की जांच की जाए और आवश्यक कार्रवाई तुरंत की जाए।

### निष्पक्ष जांच होनी चाहिए थी, निराशा महसूस कर रही हूं

उन्होंने कहा कि यह और भी भयावह है कि यह खिलाड़ी WFI के उच्च पदस्थ पदाधिकारियों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने वाली दोनों समितियों का सदस्य है। इसने समिति की कार्रवाई के प्रति गहरा अविश्वास पैदा किया है। मैं इस समिति के सदस्य से न केवल कमजोर, बल्कि रणनीतिक प्रयासों से निराशा महसूस कर रही हूं। इस मामले की निष्पक्ष और न्यायपूर्ण जांच होनी चाहिए थी। मैं अनुरोध करती हूं कि सदस्य के खिलाफ इस तरह से अपने पद का उपयोग करने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाए और उन्हें तुरंत समिति से हटा दिया जाए।

## पेज 1 का शेष...

### वीरेंद्र के बाद अब इंजीनियर रामपुकार...

रामपुकार राम के लालपुर स्थित आवास पर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। लालपुर के बीआइटी एक्सटेंशन के ठीक पीछे राम पुकार राम का घर है। ईडी की टीम दोपहर 3 बजे के करीब रामपुकार राम के पहुंची। सूत्रों के अनुसार रामपुकार के यहां छापेमारी चीफ इंजीनियर विरेंद्र राम से मिले जानकारी के आधार पर की गई है। पूछताछ में इंजीनियर ने कई मंत्री, विधायक और अधिकारियों समेत दो दर्जन लोगों के नाम लिये हैं।

**रांची : प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ...**
डीएसपी सदर प्रभात रंजन बरवार ने बताया कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है। डॉक्टर के बयान पर सदर थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। आइएमए ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

**बालकोनी में घात लगाये बैठा था अपराधी :** जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के बूटी पानी टंकी के पास शैल विहार कॉलोनी में डॉ अंचल रहते हैं। अपराधियों ने घटना को अंजाम तड़के करीब 6 बजे दिया। उस वक्त डॉक्टर अपनी बालकोनी में टहलने के लिए निकले थे। पहले से घात लगाये अपराधी ने अचानक उनके सिर पर हमला कर दिया। गुलमोहर हॉस्पिटल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अंचल की दो हड्डी टूटी है। उनके सिर में 16 टांके लगे हैं। हमले के बाद उन्होंने अपराधी को पकड़ने की कोशिश की। पत्नी को आवाज लगायी। उनकी पत्नी डॉ रचना बालकोनी पहुंची। उनके सामने भी हमलावर डॉ अंचल के सिर पर दो बार हमला कर भाग निकला। घटना के बाद सदर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। मौके से सैंपल इकट्ठा कर जांच शुरू कर दी गयी है।

**समग्र विकास की पटकथा...**
राज्यपाल ने कहा कि लैंपस और पैक्स कृषि की रीढ़ हैं। उनका कम्प्यूटराइजेशन हो रहा है। गांव के विकास से ही अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज को हमारी सरकार आगे बढ़ा रही है। आजीविका से ग्रामीण परिवारों को ऑर्गेनिक फार्मिंग से जोड़ा जा रहा है। 39 हजार लोगों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ मिला है। झारखंड मिल्क फेडरेशन को भी मजबूत किया जा रहा है। राज्यपाल ने महिला किसान सशक्तिकरण, मनरेगा, बिरसा हरित ग्राम योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सिंचाई परियोजनाओं के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा योजना का भी जिक्र किया।

**67.96% मतदान...**
रामगढ़ विधानसभा का सुदूरवर्ती इलाका हो या फिर मॉडल बूथ, हर जगह मतदाताओं की भीड़ देखने को मिली। खामोश मतदाताओं ने जिस तरह वोटिंग परसेंटेज के आंकड़े को बढ़ाया है, उससे उम्मीदवारों को जीत की उम्मीदें भी बढ़ी है। इस उपचुनाव में बढ़े हुए वोट परसेंटेज को राज्य सरकार से जनता की नाराजगी से भी जोड़कर देखा जा रहा है। दोनों प्रत्याशियों, उनके परिजनों से लेकर उपायुक्त, एसपी, एसडीओ तक ने वोट डाला।

**भ्रष्टाचार सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों पर...**
तुष्टिकरण की पराकाष्ठा ने राज्य में बहुसंख्यक समुदाय के पर्व त्योहार पर भी ग्रहण लगा दिया है। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, विधायक जेपी पटेल, सीपी सिंह, नवीन जयसवाल, मनीष जयसवाल, अमित मंडल, राज सिन्हा, अमर बावरी, किशुन दास, नारायण दास, बिरंची नारायण, शशिभूषण मेहता, कोचे मुंडा, अपर्णा सेनगुप्ता,नीरा यादव, पुष्पा देवी,आलोक चौरसिया, केदार हाजरा, नीलकंठ सिंह मुंडा, अनंत ओझा, रामचंद्र चंद्रवंशी, समरी लाल उपस्थित थे।

## बेतिया में सड़क हादसे में बच्चे की मौत

बेतिया। बेतिया में सड़क दुर्घटना में एक 5 वर्षीय बच्चों की मौत हो गई है। घटना जिले के लौरिया-कैथवलिया मुख्य मार्ग स्थित उत्तरवाहिनी पुल के समीप का है। जहां सोमवार सुबह घर के दरवाजे पर खेल रहे बच्चे की पिकअप की ठोकर से मौत हो गई है। मृतक बच्चे की पहचान उत्तरवाहिनी गांव निवासी इमामउल हक के 5 वर्षीय पुत्र जैकी बाबू के रूप में की गई है।

## मौत से पहले बोली टीचर, पति के अवैध संबंध थे

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में पति की प्रताड़ना और उसके अवैध संबंधों से तंग आकर एक 22 साल की शिक्षिका ने सल्फास की गोली खाकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल में मौत से पहले महिला ने बताया कि पति हमेशा सल्फास खाने को कहता था। आज भी उसने सल्फास लाने को कहा था। मैंने लाकर गोलियां खा ली। मौत से पहले महिला ने कहा कि उसके पति कई लड़कियों से अवैध संबंध थे। उसने यामिन कुरैशी का भी नाम लिया। पति के अवैध संबंधों को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। जहां शिक्षिका अजमा गनिस ने सल्फास की गोली खा ली। सूचना पर पहुंचे मायके वाले उसे आनन फानन में इलाज के लिए एसकेएमसीएच ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## विवाद के बाद आइजी विकास वैभव का ट्रांसफर

पटना। आखिरकार कद्दर विकास वैभव का तबादला कर दिया गया। होमगार्ड डीजी शोभा अहोतकर से विवाद मामले ने काफी तूल पकड़ा था। इस मामले में आइजी विकास वैभव का ट्रांसफर हुआ। उनके साथ डीआइजी विनोद कुमार को भी वहां से हटा दिया गया। आइपीएस विकास वैभव और डीआइजी विनोद कुमार को वेटिंग फॉर पोस्टिंग रखा गया है। दोनों पुलिस अफसरों को मुख्यालय बुला लिया गया है। इस बाबत गृह विभाग ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया हैबिहार के दोनों आइपीएस अधिकारियों के बीच विवाद सामने आने के बाद राज्य सरकार हरकत में आई। विकास वैभव ने डीजी शोभा अहोतकर से जान का खतरा बताते हुए हटाने की मांग की थी। इसके बाद गृह विभाग ने उन्हें होमगार्ड आईजी के पद से हटा दिया। दोनों को फिलहाल पुलिस मुख्यालय में जॉइन करने के लिए कहा गया है।

## MLC चुनाव का बिगुल बजा, 31 मार्च को चुनाव

पटना। बिहार में इन दिनों राजनीतिक गतिविधियां ज्यादा तेज हो गई है। बिहार विधान परिषद के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। चार विधान परिषद के सीटों पर चुनाव होगा, जिसमें दो स्नातक सीट है। वहीं, दो शिक्षक सीट है। पिछले दिनों एमएलसी केदार नाथ पांडे के निधन के बाद खाली हुई सारण शिक्षक सीट पर भी उपचुनाव कराया जाएगा। इन पांचों सीटों के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। गया स्नातक क्षेत्र से अवधेश नारायण सिंह का कार्यकाल खत्म हो रहा है। गया शिक्षक क्षेत्र से संजीव श्याम सिंह का कार्यकाल खत्म हो रहा है। सारण स्नातक क्षेत्र से वीरेंद्र नारायण यादव का कार्यकाल खत्म हो रहा है। कोसी शिक्षक क्षेत्र से संजीव कुमार सिंह का कार्यकाल खत्म हो रहा है।

# सुधाकर सिंह ने नीतीश पर बोला जोरदार हमला

एजेंसी

पटना। बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल सबसे बड़े घटक दल राजद के विधायक और पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह ने सोमवार को नीतीश कुमार से इस्तीफे की मांग की है। विधायक ने यह भी कहा कि जदयू लोकतांत्रिक पार्टी नही हैं। पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री को विजनविहीन नेता बताते हुए कहा कि इनके कार्यकाल में बिहार पिछड़ रहा है। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र की कार्यवाही में भाग लेने पहुंचे सुधाकर सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार विजन विहीन नेता हैं। उन्होंने कहा कि वे कोई काम नहीं कर रहे बल्कि उनका एकमात्र एजेंडा पद पर बने रहना है। उन्होंने कहा कि नीतीश हर मोर्चे पर विफल हैं, यह पूरा बिहार जानता है।

### नीतीश पर फिर गरम लालू के विधायक

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर लगातार निशाना साध रहे सिंह को राजद ने कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है, लेकिन वे अब भी मुख्यमंत्री को आईना दिखाने से नहीं चूक रहे। सुधाकर सिंह ने कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार का विकास नेगेटिव दिशा में गया है और सरकार हर मोर्चे पर विफल है। विधायक ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जदयू अलोकतांत्रिक पार्टी है। उन्होंने कहा कि जब भी कोई प्रश्न पूछा जाता है तो उनके नेता बिना तर्क की बात करते हैं।



### नीतीश ने बिहार को पीछे धकेला : सुधाकर

सुधाकर सिंह ने दावा करते हुए कहा कि वर्ष 2005 में जब सत्ता का हस्तांतरण हुआ था और नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने थे, उस समय से लेकर अब तक बिहार जीडीपी के मामले में पीछे चला गया है। उन्होंने कहा कि उस समय राष्ट्रीय औसत में हमारी हिस्सेदारी 3.5 प्रतिशत थी वह अब 3.4 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि बिहार में न मंडी कानून लाया जा रहा है और न ही बिहार के हर खेत तक पानी पहुंचाने का काम हुआ है। न बिहार की शिक्षा व्यवस्था को ठीक करना चाहते हैं। नीतीश कुमार केवल पद पर बने रहना चाहते हैं।

# सीएम नीतीश कुमार को छोड़कर नहीं जाऊंगा, जीतन राममांझी ने खाई कसम

एजेंसी

पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने कहा है कि वो नीतीश का साथ छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। विधासभा सत्र की शुरूआत होन से पहले महागठबंधन के विधानमंडल दल की बैठक हुई। इस बैठक में मांझी ने कसम खाकर नीतीश कुमार को भरोसा दिया कि वे मुख्यमंत्री का साथ छोड़कर कहीं जाने वाले नहीं है। दरअसल, पूर्णिया की रैली में नीतीश कुमार ने कहा था कि उपेंद्र कुशवाहा के बाद अब मांझी से पर बीजेपी की नजर है। बैठक के बाद बाहर निकले जीतन राम मांझी से जब मीडिया ने सवाल किया तो पूर्व सीएम ने कहा कि उपेंद्र कुशवाहा ने जेडीयू से अलग होकर नई पार्टी बनाई है। मेरी तो पहले से अलग पार्टी है।



### नीतीश का अहसान कभी नहीं भूलंगा : मांझी

जीतन राम मांझी ने कहा कि 'पहली बार जब मैं मुख्यमंत्री बना था तो वो नीतीश कुमार की वजह से बना। नीतीश कुमार ने ही मुझे मुख्यमंत्री बनाया था। इसके लिए मैं और मेरा परिवार नीतीश कुमार का अहसान कभी नहीं भूलेगा। नीतीश कुमार जहां रहेंगे वहीं हम भी रहेंगे। फिर चाहे नीतीश कुमार गलत गठबंधन में ही क्यों न रहें। फिलहाल मेरा कहीं जाने का कोई सवाल ही नहीं है। 'दरअसल महागठबंधन में शामिल जीतन राम मांझी ने पूर्णिया रैली से पहले बयान दिया था कि उनका बेटा बाकी सीएम उम्मीदवार से काफी ज्यादा पढ़ा लिखा है। जिनको मुख्यमंत्री बनाने के बात की जा रही है, मेरा बेटा उनको बैठाकर पढ़ा सकता है। मांझी के इस बयान के बाद पूर्णिया रैली में नीतीश कुमार ने खुले मंच से बीजेपी की ओर इशारा करते हुए कहा कि अब जीतन राम मांझी पर सबकी नजरें लगी हुई हैं।

स्पीड न्यूज

## देवरहा आश्रम पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत सोमवार को प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल विंध्याचल के देवरहा बाबा आश्रम कब पहुंचे, किसी को भनक तक नहीं लगी। राष्ट्र के उत्थान की कामना को लेकर सरसंघचालक तीसरी बार देवरहा बाबा आश्रम आये हैं। मंगलवार को हनुमानजी को शुद्ध देशी घी से बना 51 मन का लड्डू चढ़ायेंगे और भारत को विश्व गुरु बनाने की कामना करेंगे।

## इटली की पीएम दो दिवसीय यात्रा पर भारत आयेंगी

**नयी दिल्ली।** इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी गुरुवार (2 मार्च) को दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत आयेंगी। उनके साथ उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अंतोनियो तैयानी और एक उच्च स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल होगा। प्रधानमंत्री मेलोनी 8वें रायसीना डायलॉग, 2023 में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता भी होंगी।

## खुशबू सुंदर बनीं राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य

**नयी दिल्ली।** फिल्मों से राजनीति में आयीं तमिलनाडु की भाजपा नेत्री खुशबू सुंदर को राष्ट्रीय महिला आयोग का सदस्य बनाया गया है। वे तीन साल तक आयोग की सदस्य रहेंगी। खुशबू सुंदर ने ट्विटर पर अपनी नियुक्ति की जानकारी साझा की

## ईसाई आदिवासी परिवारों ने फिर अपनाया हिंदू धर्म


**जागीरोड।** असम में ईसाई आदिवासी परिवारों के 142 सदस्यों ने हिंदू धर्म में वापसी कर ली है। सोमवार को मोरीगांव जिलांतर्गत जागीरोड़ के तिवासोंग गांव में यज्ञ सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बाद यह लोग फिर पारंपरिक धर्म में वापस आ गये।

## जेलेंस्की ने सैन्य बलों के कमांडर को किया बर्खास्त

**कीव।** रूसी हमले के एक साल बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने संयुक्त सैन्य बलों के कमांडर मेजर जनरल एडवर्ड मिखाइलोविच मोसकालोव को बर्खास्त कर दिया है। इधर, चीन की ओर से आये शांति प्रस्ताव का जेलेंस्की ने स्वागत किया है।

## ओली की पार्टी के सभी मंत्रियों ने दिया इस्तीफा

**काठमांडू।** नेपाल की प्रचंड सरकार में शामिल सीपीएन (यूएमएल) कोटे के सभी आठ मंत्रियों ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया। इन मंत्रियों ने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड को अपना इस्तीफा सौंपा। इसके साथ ही सीपीएन (यूएमएल) ने प्रचंड सरकार से अपना समर्थन भी वापस ले लिया।




**टाटा समूह की कंपनी स्थापना काल से ही देश व समाज के प्रति कृतज्ञ रही है। वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान जान जोखिम में डालकर सेवा कार्य करने वाले देश के डॉक्टर, नर्स और सुरक्षाकर्मियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए टाटा स्टील ने जमशेदपुर में कोविड वॉरियर पार्क बनाया है। मखमली घास एवं वॉकिंग ट्रैक के बीच कोविड वॉरियर की विशाल मूर्तियां स्थापित की गयी हैं। मदद के लिए उठे हाथों के नीचे डॉक्टर, नर्स, सुरक्षाकर्मी की प्रतिमाएं इस पार्क की शोभा बढ़ा रही हैं। यह पार्क विश्व प्रसिद्ध कीनन क्रिकेट स्टेडियम के ठीक बगल में विकसित किया गया है। टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी के अनुसार यह पार्क देश के उन कोरोना योद्धाओं के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने महामारी के वक्त रोगियों की सेवा करते हुए अपनी जान की बाजी लगा दी।**

# त्रिपुरा और नागालैंड में भाजपा गठबंधन को बहुमत, मेघालय में हंग असेंबली का अनुमान

**एग्जिट पोल**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल के अनुसार उत्तर पूर्व के दो राज्यों, त्रिपुरा-नागालैंड, में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसकी सहयोगी पार्टियों को बहुमत मिल सकती है। जबकि, मेघालय में हंग असेंबली होने का अनुमान है। मेघालय और नागालैंड में सोमवार को मतदान हुआ है।

इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल के अनुसार त्रिपुरा में भाजपा गठबंधन सरकार फिर सत्ता में आ सकती है। भाजपा को 36 से 45, वामपंथी पार्टियों को 6 से 11



और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को 9 से 16 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा को 45 प्रतिशत वोट मिल सकता है। पहली बार चुनाव लड़ी तिपरा मोथा पार्टी को करीब 20 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान है। बता दें कि त्रिपुरा विधानसभा में 60 सीटें हैं। इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया के अनुसार मेघालय में एनपीपी को 18 से 24, भाजपा को 4 से 8 तथा कांग्रेस को 6 से 12 सीटें मिलने का अनुमान है। जी न्यूज-मेट्राइस के एग्जिट पोल के अनुसार भाजपा को 6 से 11, एनपीपी को 2 से 21, टीएमसी को 8 से 13, कांग्रेस को 3 से 6 सीटें और अन्य दलों को 10 से 19 सीटें मिलने का अनुमान है। यानी, मेघालय में हंग असेंबली हो सकती है। बता दें कि मेघालय विधानसभा 60 सीटें हैं। इधर, नागालैंड में भाजपा गठबंधन को 35 से 43, एनपीएफ को 2 से 5, एनपीपी को 0 से 1, कांग्रेस को 1 से 3 और अन्य दलों को 6 से 11 सीटें मिलने का अनुमान है। यानी, नागालैंड में भाजपा गठबंधन को बहुमत मिल सकता है। नागालैंड विधानसभा में भी 60 सीटें हैं।

### मेघालय में 76 व नागालैंड में 84 प्रतिशत मतदान, 2 मार्च को नतीजे

**नयी दिल्ली।** दो राज्यों के विधानसभा चुनाव और तीन राज्यों की एक-एक सीट पर उपचुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। कहीं से कोई बड़ी अप्रिय घटना और दोबारा मतदान कराये जाने की सूचना नहीं है। चुनाव आयोग के अनुसार मेघालय में 76.66 प्रतिशत और नागालैंड में 84.66 प्रतिशत मतदान हुआ है। 60 सदस्यीय मेघालय विधानसभा की 59 सीटों पर मतदान कराया गया। इसी तरह नागालैंड विधानसभा की 60 सीटों में से 59 पर मतदान कराया गया। 16 फरवरी को त्रिपुरा राज्य में मतदान हुआ था। तीन राज्यों और विधानसभा उपचुनावों के नतीजे 2 मार्च को आयेंगे।

# केंद्रीय बजट में आदिवासियों, ग्रामीणों को अंतिम छोर तक सुविधाएं प्रदान करने पर ध्यान : मोदी


## वेबिनार 'रीचिंग द लास्ट माइल' को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बजट 2023-24 में आदिवासियों और ग्रामीणों के इलाकों में अंतिम छोर तक सुविधाएं मुहैया कराने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने यह बात 'रीचिंग द लास्ट माइल' पर बजट के बाद के वेबिनार के संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि पहली बार देश में बड़े पैमाने पर आदिवासी समाज की क्षमता को परखकर उपयोग किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा अंतिम मील तक पहुंचने का दृष्टिकोण और संतृप्ति की नीति एक-दूसरे के पूरक हैं। जब हमारा उद्देश्य सभी तक पहुंचना है, तो भेदभाव और भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं होगी। उन्होंने ने संसद में बजट पर बहस के महत्व को स्वीकार करते हुए कहा कि हमारी सरकार बजट पर चर्चा को एक कदम आगे लेकर गयी है। कुछ वर्षों से बजट बनाने से पहले और बाद में हितधारकों के साथ मंथन की नयी परंपरा शुरू की गयी है। यह कार्यान्वयन और समयबद्ध वितरण के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। यह करदाताओं की पाई-पाई का समुचित उपयोग भी सुनिश्चित करता है।

उन्होंने कहा कि विकास के लिए धन के साथ-साथ राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। जितना अधिक हम सुशासन पर जोर देंगे, उतनी ही आसानी से अंतिम मील तक पहुंचने का हमारा लक्ष्य पूरा हो जायेगा। प्रधानमंत्री ने दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचने में सुशासन की शक्ति को दर्शाने के लिए मिशन इंद्रधनुष और कोरोना महामारी में टीकाकरण और वैक्सीन कवरेज में नये दृष्टिकोण का उदाहरण दिया। साथ ही, संतृप्ति की नीति के पीछे



की सोच पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले बुनियादी सुविधाओं के लिए गरीब सरकार के पास चक्कर लगाता था। अब सरकार गरीबों के दरवाजे पर सुविधाएं दे रही है। उन्होंने कहा कि जिस दिन हम यह तय कर लेंगे कि हर क्षेत्र में हर नागरिक को हर बुनियादी सुविधा मुहैया करायी जायेगी, तब हम देखेंगे कि स्थानीय स्तर पर कार्य संस्कृति में कितना बड़ा बदलाव आयेगा। संतृप्ति की नीति के पीछे यही भावना है। प्रधानमंत्री ने पीएम स्वनिधि योजना का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स को औपचारिक रूप से बैंकिंग से जोड़ा गया है। डी-नोटिफाइड, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों के लिए विकास और कल्याण बोर्ड, गांवों में पांच लाख से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर्स और टेलीमेडिसीन के 10 करोड़ केसेज पूरे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के बजट में आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों पर जोर दिया गया है। उन्होंने ने कहा कि पहली बार आदिवासी समुदायों के सबसे वंचित लोगों के लिए एक विशेष मिशन शुरू किया जा रहा है। हमें देश के 200 से अधिक जिलों के 22 हजार से अधिक गांवों में अपने आदिवासी मित्रों को तेजी से सुविधाएं देनी हैं। प्रधानमंत्री ने इस संबंध में पश्मांदा मुसलमानों का भी जिक्र किया।

### खड़गे नाम मात्र के कांग्रेस अध्यक्ष : नरेंद्र मोदी

**बेलगावी/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर कर्नाटक के नेताओं का अपमान करने का आरोप लगाया और कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे नाम मात्र के कांग्रेस अध्यक्ष हैं। रिमोट कंट्रोल किसके हाथ में है, सब जानते हैं। प्रधानमंत्री सोमवार को कर्नाटक के बेलगावी में 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने 8 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत लगभग 16,000 करोड़ रुपये की 13वीं किस्त की राशि भी जारी की। प्रधानमंत्री ने पुनर्विकसित बेलगावी रेलवे स्टेशन भवन राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत छह बहु-ग्राम योजना परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने बेलगावी में नौ किलोमीटर का रोड शो किया।

## राष्ट्रपति ने सांस्कृतिक महोत्सव में की नयी पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने की अपील



**बीकानेर (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को बीकानेर के डॉ. करनी सिंह स्टेडियम में राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने देश के सात सांस्कृतिक जोन के डोम में निरीक्षण किया। इसके बाद राष्ट्रपति ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन की शुरुआत की। राष्ट्रपति ने 'राम राम सा' कहते हुए संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि देश की कला व संस्कृति का प्रचार नयी तकनीक से करनी चाहिए। उन्होंने नयी पीढ़ी को हमारी संस्कृति से जोड़ने की अपील की।

बीकानेर पहुंचने पर राज्यपाल कलराज मिश्र, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और राजस्थान के शिक्षा मंत्री डॉ बीडी कल्ला ने राष्ट्रपति का स्टेशन पर स्वागत किया। इससे पहले डॉ करनी सिंह स्टेडियम में राष्ट्रपति का ढोल और नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राष्ट्रपति की अगवानी की। इस मौके पर उन्होंने क्राफ्ट आंगन एवं कुजिन एरिया का दौरा भी किया। उनका देशनोक जाने का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। द्रौपदी मुर्मू आम हवाई अड्डे पर नहीं, बल्कि एयरफोर्स की विशेष हवाई पट्टी पर पहुंची।

राष्ट्रपति ने कहा कि आज इस 14वें राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव में आकर और कला तथा संस्कृति के इस राष्ट्रीय उत्सव का उद्घाटन कर मुझे बहुत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रौद्योगिकी का परंपराओं से और विज्ञान का कला से मेल होना जरूरी है।

## खेसारी लाल की फिल्म 'राजा की आयेगी बारात' ने मचाया धमाल




भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म 'राजा की आयेगी बारात' ने रिकॉर्ड बना दिया है। बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद यह फिल्म अब यूट्यूब पर भी रिलीज हो चुकी है, जहां महज 8 घंटे में इस फिल्म को वन मिलियन व्यूज मिल चुके हैं। इतना ही नहीं, खेसारी लाल यादव की इस फिल्म को 24 घंटे में साढ़े 3 मिलियन लोगों ने देख लिया है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। खेसारी लाल यादव की सुपरहिट फिल्म राजा की आयेगी बारात को एसआरके म्यूजिक के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। प्रकृति फिल्म्स के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म राजा की आयेगी बारात के निर्देशक लाल बाबू पंडित हैं, जिनके साथ खेसारी लाल यादव की केमिस्ट्री खूब दर्शकों को पसंद आती रही है। बता दें कि इस फिल्म के वायरल होने के बाद खेसारी लाल यादव ने अपने दर्शकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह अपने चाहने वालों के प्यार स्नेह और आशीर्वाद से अभिभूत हैं। खेसारी लाल ने कहा कि राजा की आयेगी बरात एक बेहद खूबसूरत और सामाजिक फिल्म थी, जिसे करना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। भोजपुरी के सभी दर्शकों ने हमारी इस फिल्म को अपने प्यार और आशीर्वाद से बहुत बड़ा बना दिया है। अब जब हमारी फिल्म डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म के सबसे लोकप्रिय यूट्यूब पर रिलीज हो चुका है, तो मैं बस यही चाहूंगा कि भोजपुरी को पसंद करने वाले और भोजपुरी में रुचि रखने वाले सभी लोग इस फिल्म को अपने परिवार के साथ जरूर देखें। खेसारी लाल ने वादा किया कि आगे भी वह एक से बढ़कर एक क्लास फिल्में लेकर आ रहे हैं।

## उमेश पाल हत्याकांड का आरोपित अरबाज मुठभेड़ में ढेर

**प्रयागराज।** उमेश पाल और उनके सरकारी गनर की हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित अरबाज को सोमवार दोपहर को मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, उमेश पाल और सरकारी गनर संदीप निषाद की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपितों की पुलिस सर्गमी से तलाश कर रही है। इस बीच, सोमवार को सूचना मिली कि धूमनगंज इलाके के नेहरू पार्क के पास बदमाश मोटरसाइकिल से जा रहे हैं। एसटीएफ, एसओजी और पुलिस ने बदमाश को एक जंगल क्षेत्र में चारों तरफ से घेर लिया। इस दौरान बदमाश ने गोली चलायी। जवाबी कार्रवाई में टीम ने फायरिंग की, जिसमें वह घायल हो गया। अस्पताल ले जाने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। मारे गये बदमाश की पहचान कौशाम्बी निवासी अरबाज के रूप में हुई है। वह अतीक गुट का सक्रिय सदस्य है और वारदात के दौरान वाहन चला रहा था। वहीं, पुलिस दो अन्य बदमाशों की तलाश में जंगल में कांबिंग कर रही है।

# राउज एवेन्यू कोर्ट ने 4 मार्च तक सिसोदिया को पुलिस रिमांड में सीबीआइ को सौंपा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** शराब घोटाला मामले में सीबीआइ की विशेष अदालत ने दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को 4 मार्च तक पुलिस रिमांड में सीबीआइ को भेज दिया है। दिल्ली आबकारी घोटाले में मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। सीबीआइ ने अदालत से 5 दिनों की रिमांड मांगी थी। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद अदालत ने सीबीआइ की मांग मानते हुए मनीष सिसोदिया को 4 मार्च तक के रिमांड पर सौंप दिया। बता दें कि सीबीआइ ने रविवार को 8 घंटे की मैराथन पूछताछ के बाद मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में भारी विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस से झड़प भी हुई। पुलिस ने भारी संख्या में आप कार्यकताओं को हिरासत में लिया है।

सीबीआइ ने कोर्ट से कहा कि सिसोदिया के कहने पर कमीशन को पांच करोड़ से बढ़ाकर 12 करोड़




रुपये किया गया था। इसलिए मामले में पूछताछ करने के लिए रिमांड की जरूरत है। मनीष सिसोदिया की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित माथुर ने कहा कि एलजी ने नीति को मंजूरी दी, लेकिन एजेंसी इसे नहीं देख रही है। उपराज्यपाल ने इस पर राय भी दी थी और विशेषज्ञों से भी पूछा था। उपराज्यपाल की मंजूरी के बाद कमीशन बढ़ाया गया था, इसलिए इसमें साजिश की कोई गुंजाइश नहीं है। बता दें कि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आपराधिक साजिश रचने, खातों की हेरोफेरी, शराब माफिया के हित को ध्यान में रखते हुए पॉलिसी बनाने, भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम, सरकारी कर्मचारी से रिश्वत लेने आदि धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### आप जांच एजेंसियों के कामकाज में डाल रही रुकावट : भाजपा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिफ्तारी पर आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदर्शन और बयानों को नौटंकी बताया है। पार्टी का कहना है कि आप कानून पर विश्वास नहीं रखती और जांच एजेंसियों के कामकाज में बाधा डाल रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि मनीष सिसोदिया शराब नीति घोटाले में आरोपी नंबर एक हैं। उन्हें बचाने को आप घटिया राजनीति कर रही है। जांच एजेंसियों को उनका दायित्व निभाने से रोक रही है।

## ईरान में स्कूल जाने से रोकने को सैकड़ों लड़कियों को दिया जहर

**तेहरान।** ईरान में स्कूल जाने से रोकने के लिए सैकड़ों लड़कियों को जहर दे दिया गया है। ईरान सरकार मामले में जांच को करा रही है, किन्तु अब तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस मामले में छात्राओं व उनके परिजनों ने विरोध प्रदर्शन भी किये हैं। जानकारी के मुताबिक ईरान के उत्तर पश्चिमी शहर आर्देबिल, राजधानी तेहरान, पश्चिमी शहर बोरोजर्द और कोम शहरों के 14 स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को निशाना बनाया गया। कोम शहर को ईरान का पवित्र, बेहद रूढ़िवादी और धार्मिक तौर पर कट्टर शहर माना जाता है। पता चला है कि इन स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को स्कूल जाने से रोकने के लिए उन्हें सामूहिक रूप से जहर दिया गया है। इसके बाद लड़कियों के परिजनों ने शिक्षण संस्थाओं के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किये, किन्तु उन प्रदर्शनों को दबा दिया गया। ईरान के उप स्वास्थ्य मंत्री यूनुस पनाही ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि स्कूली छात्राओं के शरीर में जहर की पुष्टि हुई है और बड़ी संख्या में छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

# एयर इंडिया को इस साल के अंत तक एयरबस करेगी विमानों की डिलीवरी

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीइओ) कैंपबेल विल्सन ने सोमवार को कहा कि निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी एयर इंडिया को एयरबस कंपनी इस साल के अंत तक विमानों की डिलीवरी भी शुरू कर देगी। इसके अलावा विस्तारा एयरलाइन के साथ एयर इंडिया के एकीकरण की प्रक्रिया चल रही है और अब इस मामले में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआइ) से मंजूरी का इंतजार है।

सीइओ कैंपबेल विल्सन ने वर्चुअल तरीके से मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि एयर इंडिया ने एयरबस और बोइंग को 470 विमानों का ऑर्डर दिया है,



जिसकी वैल्यू 70 अरब डॉलर (5.8 लाख करोड़ रुपये) है। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया में व्यापक संभावनाएं हैं। एयर इंडिया के साथ विस्तारा के एकीकरण की प्रक्रिया चल रही है। विल्सन ने कहा कि अब भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआइ) से मंजूरी का इंतजार है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही एयर इंडिया एक्सप्रेस और एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) के एकीकरण की प्रक्रिया चल रही है। एयर इंडिया के सीइओ ने कहा कि समूह को एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन बनाने के प्रयास जारी हैं।

विल्सन ने कहा कि इसका वित्तपोषण विभिन्न स्रोतों से किया जायेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि 370 और विमानों को खरीदने के विकल्प के लिए कोई समय-सीमा तय नहीं है। हम बाजार का आकलन करेंगे और उसके बाद ही इस बारे में कोई कदम उठाया जायेगा। टाटा समूह ने पिछले साल जनवरी में सार्वजनिक क्षेत्र की विमानन कंपनी एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था।

**वाणिज्य की खबरें**

### उपभोक्ता मामलों के सचिव ने कहा, विज्ञापन के दावे प्रमुखता से दिखायें

**नयी दिल्ली।** उपभोक्ताओं के हितों को देखते विज्ञापनों में दी गयी सूचनाओं या दावों (खुलासा) को प्रमुखता से दिखाया जाना चाहिए, हैशटैग या लिंक के रूप में नहीं। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने सोमवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञापनों में दी गयी सूचनाओं या दावों (खुलासा) को प्रमुखता से दिखाया जाना चाहिए, हैशटैग या लिंक के रूप में नहीं। वह मुंबई में भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआइ) की ओर से आयोजित कार्यक्रम को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे।

### शेयर बाजार में लगातार 7वें कारोबारी दिन गिरावट

**नयी दिल्ली।** वैश्विक दबाव की वजह से घरेलू शेयर बाजार सोमवार को लगातार सातवें कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। दिनभर उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच बाजार में आखिरी आधे घंटे में जोरदार रिकवरी देखने को मिली। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक कमजोरी के साथ लाल निशान में ही बंद हुए। पूरे दिन हुई खरीद-बिक्री के बाद सेंसेक्स 175 अंक गिरकर 59,288 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 73 अंक टूटा है। ये 17,392 के स्तर पर बंद हुआ है। दिन में 11 बजे के थोड़ी देर पहले सेंसेक्स 526.29 अंक टूट कर 58,937.64 अंक तक पहुंच गया था।

### सोना-चांदी की कीमत में गिरावट

**नयी दिल्ली।** घरेलू सराफा बाजार में सोमवार को सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही सोना और चांदी की कीमत में गिरावट दर्ज की गयी। आज सोने की कीमत 245 रुपये टूट कर 55,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के करीब पहुंच गयी। चांदी की कीमत में भी आज बड़ी गिरावट दर्ज की गयी। चांदी का भाव आज 1,227 रुपये प्रति किलोग्राम टूट कर 63,100 रुपये के स्तर के करीब पहुंच गया।

### शैलेश पाठक फिक्की के नये महासचिव नियुक्त

**नयी दिल्ली।** शैलेश पाठक को भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) का नया महासचिव नियुक्त किया गया है। पूर्व नौकरशाह शैलेश पाठक एक मार्च को अपना पदभार संभालेंगे।

